आप का भेजा अथर्ववेदभाष्य का वी० पी० मिला, मैं आपका भाष्य देखकर बहुत प्रसन्न हुआ, परमेश्वर सहाय करे कि आप इसे इसी प्रकार पूर्ण करें । आप बहुत काम एक साथ न छेड़कर इसी की तरफ़ समाधि लगाकर पूर्ण करेंगे । मेरा नाम ग्राहकों में लिख लीजिये, जब २ अङ्क छपें मेरे पास भेज देना।

श्रीयुत महाशय **रावत हरप्रसाद सिंह जी वर्मा** मु० पकडला पोस्ट किशुनपुर; ज़िला फ़तेहपुर हसवा, पत्र ६ दिसम्बर १८१३ ।

वास्तव में आप का किया हुआ "अथर्ववेद भाष्य" निष्पक्षता का आश्रय लिया चाहता है । आप ने यह साहस दिखाकर साहित्य भण्डार की एक बड़ी भारी न्यूनता को पूर्ण कर दिया है । ईश्वर आपको वेद भण्डारे के आवश्यकीय कार्यों के सम्पादन करने का बल प्रदान करें ।

श्रीयुत महाशय **पंडित श्रीधर पाठक जी, (सभापति हिन्दी साहित्य सम्मेलन लखनऊ)**—मनोविनोद आदि अनेक ग्रन्थों के कर्ता, सुपरिन्टेन्डेन्ट गवर्नमेंट सेक्रेटरियट, पी० डब्ल्यू० डी० श्री प्रयागराज, पत्र ता० १७—८—१३ ।

आपका अथर्ववेद भाष्य अवलोकन कर चित्त अत्यन्त सन्तुष्ट हुआ। आप की यह पाण्डित्य-पूर्ण कृति वेदार्थ जिज्ञासुओं को बहुत हितकारिणी होगी। आप का व्याख्याक्रम परम मनोरम तथा प्रांजल है, और ग्रन्थ सर्वथा उपादेय है।

प्रकाश लाहौर १२ आषाढ़ संवत् १९७३ (२५ जून १९१६—लेखक श्रीयुत पं० श्रीपाद दामोदर सातवलेकर जी)

हम पण्डित क्षेमकरणदास जी का धन्यवाद करने से नहीं रह सकते—स्वामी (दयानन्द) जी ने लिखा है-कि वेद का पढ़ना पढ़ाना आर्यों का परम धर्म है—इसके अनुकूल श्री पंडित जी अपना समय वेद अध्ययन में लगाते हैं—और आर्यों के लिये परम उपयोगी पुस्तक प्रकाशित करने में पुरुषार्थ करते रहते हैं—पंडित जी ने इस समय तक हवन मन्त्रों तथा रुद्राध्याय का भाषा में अर्थ प्रसिद्ध किया है-जो कि आर्यों के लिये पठन पाठन में उपयोगी हैं। इस सम्बन्ध में यह अथर्ववेद के पांच कांड छपवा कर निःसन्देह बड़ा लाभ पहुंचाया है। आर्यों की जो शिक्षा प्रणाली थी उसको टूटे आज पांच हज़ार वर्ष हो चुके हैं। ऐसे अंधेरे के समय में स्वामी जी ने वेद के ऊपर लोगों के भीतर दृढ़ विश्वास उत्पन्न करके एक धर्म का दीपक प्रकाशित किया। परन्तु हमें शोक यह है वेद के पढ़ने पढ़ाने में आर्य लोग इतना समय नहीं लगाते जितना वे प्रबन्ध सम्बन्धी झगड़ों की बातों में लगाते हैं। हमारा विश्वास है कि जब तक पं० क्षेमकरणदास जी जैसे वेदाभ्यासी पुरुषार्थी लोग अपना समय वेदों के खोज में न लगावेंगे तब तक आर्य समाज का कोई गौरव नहीं बढ़ सकता। अथर्ववेद के अर्थ खोजने में बड़ी कठिनता है। इसके ऊपर सायण भाष्य उपलब्ध नहीं होता, जो इस समय तक छपा हुआ है वह बड़ी अधूरी दशा में है, सूक्त के सूक्त ऐसे हैं कि जिनके ऊपर अब तक कोई टीका नहीं हुई।..........इस समय जो पांच कांडों का भाष्य पंडित जी ने प्रकाशित किया है उसके लिखने का ढंग बड़ा अच्छा और सुगम है। प्रथम उन्होंने सूक्त के तथा मन्त्रों के देवता दिये हैं—पश्चात् छन्द...विद्वानों का यही काम है कि वह जैसे जैसे साधन उनके पास हों वैसा वैसा सोचकर वेद मन्त्रों का अर्थ प्रकाशित करें। ऐसे सैकड़ों प्रयत्न जब होंगे, तब सच्चे अर्थ खोज करना आगामी विद्वानों को सरल होगा। परन्तु इस समय बड़ी भारी कठिनाई यह है कि प्रकाशित पुस्तकों के लिये पर्याप्त संख्या में ग्राहक नहीं मिलते हैं और विद्वानों के पास सम्पत्ति का अभाव होने के कारण हानि के डर से पुस्तकों का प्रकाशित करना बन्द होता है। इसलिये सब आर्यों को परम उचित है कि पंडित क्षेमकरणदास जी जैसे विद्वान् पुरुषार्थी के ग्रन्थ मोल लेकर उनको अन्य ग्रन्थ प्रकाशित करने की आशा देते रहें। त्रिवेदी जी कोई धनाढ्य पुरुष नहीं हैं, उन्होंने अपनी सारी सम्पत्ति जो कुछ उनके पास है लगा दी है.........त्रिवेदी जी ने जो कुछ किया है वह वैदिक धर्म के प्रेम से प्रवृत्त होकर-इस लिये न केवल सब आर्य पुरुषों का यह कर्त्तव्य है कि इस भाष्य को मोल लेकर त्रिवेदी जी को उत्साहित करें किन्तु धनाढ्य आर्य पुरुषों का यह भी कर्त्तव्य है कि उनकी आर्थिक सहायता करें।

The VIDYADHIKARI (Minister of Education), *Baroda State, letter No.* 624 *dated 6th February* 1913.

...It has been decided to purchase 20 copies of your book entitled अथर्ववेद भाष्यम्. It has been sanctioned for use of the library and the prize distribution. Please send them...also add on the address lable "For Encouragement Fund."

RAI THAKUR DATTA RETIRED DISTRICT JUDGE, Dera-Ismail Khan. Letter dated March 25th, 1914.

The Atharva Veda Bhashya:—It is a gigantic task and speaks volumes for your energies and perseverance that you should have undertaken at an advanced age. I wish I had a portion of your will-power.

Letter dated 30th April 1914.

I very much admire your labour of lore and hope...the venture will not fail for want of pecuniary support.

THE MAGISTRATE OF ALLAHABAD.

Letter No. 912 dated 21st May 1915

Has the honour to request him to be so good as to send a copy each of the 1st and 3rd Kandas of Atharva Veda Bhashya to this office for transmission to the India Office, London

---

THE ARYA PATRIKA LAHORE, APRIL 18, 1914.

THE *Atharva Veda Bhashya* or commentary on the *Atharva Veda* which is being published in parts by Pandit Khem Karan Das Trivedi, does great credit to his energy, perseverance and scholarship. The first part contains the Introduction and the first *Kanda* or Book. There is a learned disquisition on the origin of the Vedas and the pre-eminent position in Sanskrit literature......The arrangement is good, the original *Mantra* is followed by a literal translation and their *Bhavarth* or purport in Arya Bhasha. The footnotes are copious they give the derivation and meaning in Sanskrit of the various words quoting the authority of *Ashtadhyayi* of Panini, *Unadikosha* of Dayananda, *Nirukta* of Yaska, *Yoga Darshana* of Patanjali and other standard ancient works.....The Pandit appears to have laboured very hard and the Book before us does credit to his erudition; scholars may not agree with certain of his renderings, but like a true Arya, who venerates the Vedas, he has made an honest attempt to find in the Vedic verses something which will elevate and ennoble mankind. Cross references to verses where the word has already occurred in this Veda are also given to enable the reader to compare notes. There can be no finality in Vedic interpretation, but honest attempts like these which shall render the task easy to others are commendable. We are glad to call public attention to this scholarly work, and hope that Pandit Khem Karan Das Trivedi will get the encouragement which he so richly deserves......Our earnest request is that the revered Pandit will go on with this noble work and try to finish the whole before he is called to eternal rest......

N.B.—The printing and paper are good, the price is moderate.

॥ ओ३म् ॥

प्रियं मा कृणु देवेषु प्रियं राजसु मा कृणु ।
प्रियं सर्वस्य पश्यत उत शूद्र उतार्ये ॥ १ ॥

अथर्व० का० १९ सू० ६२ म० १ ।

प्रिय मोहि करौ देव, तथा राज समाज में ।
प्रिय सब दृष्टि वाले, औ शूद्र और अर्य में ॥

अथर्ववेदभाष्यम् ।

पञ्चदशं काण्डम् ।

आर्यभाषायामनुवाद-भावार्थादिसहितं
संस्कृते व्याकरणनिरुक्तादिप्रमाणसमन्वितं च ।

श्रीमद्राजाधिराजप्रथितमहागुणमहिमश्रीरवीरचिरप्रतापि श्री
सयाजीरावगायकवाडाधिष्ठित बड़ोदेपुरीगतश्रावणमास-
दक्षिणापरीक्षायाम् ऋक्सामाथर्ववेदभाष्येषु
लब्धदक्षिणेन

श्री पण्डित क्षेमकरणदासत्रिवेदिना

निर्मितं प्रकाशितं च ।

Make me beloved among the Gods,
beloved among the Princes, make
Me dear to every one who sees,
to Sudra and to Aryanman.

Griffith's Trans. Atharva 19: 62 : 1

अयं ग्रन्थः पण्डित काशीनाथ वाजपेयिप्रबन्धेन
प्रयागनगरे ओंकारयन्त्रालये मुद्रितः

प्रथमावृत्तौ १००० पुस्तकानि | संवत् १९७५ वि० सन् १९१८ ई० | मूल्यम् १-)

पता—पं० क्षेमकरणदास त्रिवेदी, ५२ लूकरगंज, प्रयाग (Allahabad) ।

॥ ओ३म् ॥

अथर्ववेदः ॥

पञ्चदशं काण्डम् ॥

प्रथमोऽनुवाकः ॥

सूक्तम् १ ॥

१—८ ॥ व्रात्यो मन्त्रोक्तो वा देवता ॥ १ निचृत् साम्नी पङ्क्तिः ; २ साम्नी बृहती ; ३ ब्राह्म्यनुष्टुप् ; ४ आर्ची गायत्री ; ५ साम्न्यनुष्टुप् ; ६ प्राजापत्या बृहती ; ७ आसुरी पङ्क्तिः ; ८ आर्च्यनुष्टुप् ॥

अध्यात्मोपदेशः—परमात्मा और जीवात्मा का उपदेश ॥

अथवा सृष्टिविद्योपदेशः—अथवा सृष्टिविद्या का उपदेश ॥

व्रात्य आसीदीयमान एव स प्रजापतिं समैरयत् ॥ १ ॥

व्रात्यः । आसीत् । ईयमानः । एव । सः । प्रजा-पतिम् । सम् । ऐरयत् ॥ १ ॥

भाषार्थ—(व्रात्यः) व्रात्य [अर्थात् सब समूहों का हितकारी परमात्मा] (ईयमानः) चलता हुआ (एव) ही (आसीत्) वर्तमान था, (सः) उसने

१—(व्रात्यः) पृषिरञ्जिभ्यां कित् । उ० ३ । १११ । वृञ् वरणे स्वीकरणे—अतच्, कित्, आडागमः पृषोदरादित्वात् । व्रातः समूहः । व्राताः, मनुष्याः—निघ० २ । ३ । तस्मै हितम् । पा० ५ । १ । ५ । व्रात—यत् । यद्वा । पृषिरञ्जिभ्यां कित् । उ० ३ । १११ । वृञ् वरणे—अतच् कित् । व्रतं कर्म—निरु० २ । १३ । व्रत—एयप्रत्ययः । व्रातेभ्यः सर्वसमूहेभ्यो हितः । गणपतिः परमेश्वरः । सर्वहितैषी ब्रह्मचर्यादिव्रतधारको विद्वान् । अतिथिः (आसीत्) अभवत् (ईयमानः)

(प्रजापतिम्) [अपने] प्रजापालक गुण को (सम्) यथावत् (ऐरयत्) उकसाया ॥ १ ॥

भावार्थ—सृष्टि से पहिले प्रलय की अगम्य अवस्था में एक गणपति परमेश्वर सर्वव्यापक होरहा था, उसने सृष्टि उत्पन्न करने के लिये अपने गुणों में चेष्टा प्रकट की ॥ १ ॥

स प्रजापतिः सुवर्णमात्मन्नपश्यत् तत् प्राजनयत् ॥ २ ॥

सः । प्रजा-पतिः । सु-वर्णम् । आत्मन् । अपश्यत् । तत् । प्र । अजनयत् ॥ २ ॥

भाषार्थ—(सः) उस (प्रजापतिः) प्रजापालक [परमात्मा] ने (सुवर्णम्) सुन्दर वरणीय [स्वीकरणीय] सामर्थ्य [वा सुवर्ण समान प्रकाश-स्वरूप] को (आत्मन्) अपने में (अपश्यत्) देखा और (तत्) उसको (प्र अजनयत्) प्रकट किया ॥ २ ॥

भावार्थ—परमात्मा ने अपने सृष्टिसाधक सामर्थ्य को वा अपने प्रकाशस्वरूप को विचार कर प्रकट किया ॥ २ ॥

तदेकमभवत् तल्ललाममभवत् तन्महदभवत् तज्ज्येष्ठमभवत् तद् ब्रह्माभवत् तत् तपोऽभवत् तत् सत्यमभवत् तेन प्राजायत ॥ ३ ॥

तत् । एकम् । अभवत् । तत् । ललामम् । अभवत् । तत् । महत् । अभवत् । तत् । ज्येष्ठम् । अभवत् । तत् । ब्रह्म । अभवत् । तत् । तपः । अभवत् । तत् । सत्यम् । अभवत् । तेन । प्र । अजायत ॥ ३ ॥

ईङ् गतौ-शानच् । गच्छन् । व्यापकः (एव) निश्चयेन (सः) परमेश्वरः (प्रजापतिम्) स्वकीयं प्रजापालकं गुणम् (सम्) सम्यक् पूर्णतया (ऐरयत्) प्रेरितवान् ॥

२—(सः) (प्रजापतिः) प्रजापालकः परमात्मा (सुवर्णम्) कृवृजृसिद्धि० । उ० ३ । १० । वृञ् वरणे—नप्रत्ययो नित् । सुष्ठु वरणीयं स्वीकरणीयं सामर्थ्यम् । सुवर्णवत्प्रकाशस्वरूपम् (आत्मन्) आत्मनि (अपश्यत्) (तत्) सामर्थ्यं स्वरूपं वा (प्र अजनयत्) प्रकटीकृतवान् ॥

भाषार्थ—(तत्) वह [वरणीय सामर्थ्य] (एकम्) एक [अद्वितीय] (अभवत्) हुआ, (तत्) वह (ललामम्) प्रधानस्वरूप (अभवत्) हुआ, (तत्) वह (महत्) गुणों में वृद्ध (अभवत्) हुआ, (तत्) वह (ज्येष्ठम्) अत्यन्त वयोवृद्ध (अभवत्) हुआ, (तत्) वह (ब्रह्म) ब्रह्म [बड़ा फैला हुआ व्यापक] (अभवत्) हुआ, (तत्) वह (तपः) तप [प्रताप वा ऐश्वर्य-स्वरूप] (अभवत्) हुआ, (तत्) वह (सत्यम्) सत्य [विद्यमान जगत् का हितकारी अविनाशी कारणरूप] (अभवत्) हुआ, (तेन) उस [स्वरूप] के साथ (प्र अजायत) वह परमात्मा प्रकट हुआ ॥ ३ ॥

भावार्थ—वह जगदीश्वर अपने अनेक सामर्थ्यों और गुणों को प्रकट करने से सब जगत् में प्रतीत हुआ ॥ ३ ॥

सोऽवर्धत स महानभवत् स महादेवोऽभवत् ॥ ४ ॥

सः । अवर्धत । सः । महान् । अभवत् । सः । महा-देवः । अभवत् ॥ ४ ॥

भाषार्थ—(सः) वह [परमात्मा] (अवर्धत) बढ़ा [उसने अपना सामर्थ्य प्रकट किया], (सः) वह (महान्) महान् [बड़ा, पूजनीय] (अभवत्) हुआ, (सः) वह (महादेवः) महादेव [बड़ा तेजस्वी वा व्यवहार कुशल] (अभवत्) हुआ ॥ ४ ॥

३—(तत्) प्रसिद्धम् (एकम्) अद्वितीयं स्वरूपम् (अभवत्) (तत्) (ललामम्) लल ईप्सायाम्—क्विप् + अम गतौ—अण् । प्रधानस्वरूपम् (अभवत्) (तत्) (महत्) गुणैः पूजनीयम् (अभवत्) (तत्) (ज्येष्ठम्) अतिशयेन वयोवृद्धम् (अभवत्) (तत्) (ब्रह्म) प्रवृद्धं व्यापकस्वरूपम् (अभवत्) (तत्) (तपः) प्रतापस्वरूपम् । ऐश्वर्यस्वरूपम् (अभवत्) (तत्) (सत्यम्) सत्—यत् । सते विद्यमानाय जगते हितम् । अविनाशि कारणरूपम् (अभवत्) (तेन) सामर्थ्येन (प्र अजायत) प्रादुरभवत् ॥

४—(सः) परमात्मा (अवर्धत) प्रवृद्धोऽभवत् (सः) (महान्) पूजनीयः (अभवत्) (सः) (महादेवः) दिवु द्युतौ व्यवहारे च—अच् । महातेजस्वी । महाव्यवहारकुशलः (अभवत्) ॥

भावार्थ—जब संसार में परमात्मा के बड़े बड़े गुण प्रकट हुये, तब वही सब कार्यों में महाचतुर ऋषियों को जान पड़ा ॥ ४ ॥

स दे॒वाना॒मीशां॒ पर्यै॑त्स ईशा॑नोऽभवत् ॥ ५ ॥

सः । दे॒वाना॑म् । ई॒शाम् । परि॑ । ऐ॒त् । सः । ईशा॑नः । अ॒भ॒व॒त् ॥ ५ ॥

भाषार्थ—(सः) उस ने (देवानाम्) सब व्यवहारकुशलों की (ईशाम्) ईश्वरता [प्रभुता] को (परि ऐत्) सब ओर से पाया और (सः) वह (ईशानः) परमेश्वर (अभवत्) हुआ ॥ ५ ॥

भावार्थ—वह परमेश्वर ही सब व्यवहारकुशलों से अद्वितीय बड़ा चतुर है, इसी से वह परमेश्वर है ॥ ५ ॥

स ए॑कव्रा॒त्यो॑ऽभव॒त्स धनु॒राद॑त्त॒ तदे॒वेन्द्र॑धनु॒ः ॥ ६ ॥

सः । ए॒क॒ऽव्रा॒त्यः । अ॒भ॒व॒त् । सः । धनुः॑ । आ । अ॒द॒त्त॒ । तत् । ए॒व । इ॒न्द्र॒ऽध॒नुः ॥ ६ ॥

भाषार्थ—(सः) वह [परमात्मा] (एकव्रात्यः) अकेला व्रात्य [सब समूहों का हितकारी](अभवत्) हुआ, (सः) उस ने (धनुः) उत्पन्न करने के सामर्थ्य को (आ अदत्त) ग्रहण किया, (तत् एव) वही (इन्द्रधनुः) जीवों के उत्पन्न करने का सामर्थ्य है ॥ ६ ॥

५—(सः) परमात्मा (देवानाम्) व्यवहारकुशलानाम् (ईशाम्) ईश ऐश्वर्ये-अ, टाप् । ईशा ईशस्य पत्नी विभूतिः । ईश्वरताम् । प्रभुताम् (परि) सर्वतः (ऐत्) प्राप्नोत् (सः) (ईशानः) ईश—चानश् । परमेश्वरः (अभवत्) ॥

६—(सः) परमात्मा (एकव्रात्यः) म० १ । अद्वितीयः सर्वसमूहहितकरः (अभवत्) (सः) (धनुः) अर्त्तिपृवपियजितनिधानतपिभ्यो नित् । उ० २ । ११७ । धन धान्ये उत्पादने च—उसि । उत्पादनसामर्थ्यम् (आदत्त) गृहीतवान् (तत्) सामर्थ्यम् (एव) निश्चयेन (इन्द्रधनुः) इन्द्राणां जीवानामुत्पादनसामर्थ्यम् ॥

भावार्थ—अद्वितीय परमात्मा ने पूर्वोक्त सामर्थ्यों को अपने से प्रकट करके दृश्यमान जीवों की सृष्टि को उत्पन्न किया ॥ ६ ॥

नीलमस्योदरं लोहितं पृष्ठम् ॥ ७ ॥

नीलम् । अस्य । उदरम् । लोहितम् । पृष्ठम् ॥ ७ ॥

भाषार्थ—(नीलम्) निश्चित ज्ञान (अस्य) उस [परमात्मा] का (उदरम्) उदर [समान है] और (लोहितम्) उत्पन्न करने का सामर्थ्य (पृष्ठम्) पीठ [समान है] ॥ ७ ॥

भावार्थ—परमात्मा में निश्चित ज्ञान और सृष्टि रचना स्वाभाविक गुण हैं ॥ ७ ॥

नीलेनैवाप्रियं भ्रातृव्यं प्रोर्णोति लोहितेन द्विषन्तं विध्यतीति ब्रह्मवादिनो वदन्ति ॥ ८ ॥

नीलेन । एव । अप्रियम् । भ्रातृव्यम् । प्र । ऊर्णोति । लोहितेन । द्विषन्तम् । विध्यति । इति । ब्रह्मवादिनः । वदन्ति ८

भाषार्थ—वह [परमात्मा अपने] (नीलेन) निश्चित ज्ञान से (एव) ही (अप्रियम्) अप्रिय (भ्रातृव्यम्) वैरी [विघ्न] को (प्र ऊर्णोति) ढक देता है और (लोहितेन) उत्पादन सामर्थ्य से (द्विषन्तम्) द्रोह करते हुये [विघ्न] को (विध्यति) बीधता [छेद डालता] है—(इति) ऐसा (ब्रह्मवादिनः) ब्रह्मवादी लोग (वदन्ति) कहते हैं ॥ ८ ॥

७—(नीलम्) नि+इल गतौ–क, । इला वाङ्नाम–निघ० १ । ११ । नि निश्चितं ज्ञानम् (अस्य) परमात्मनः (उदरम्) उदरस्थानीयम् (लोहितम्) रुहेरश्च लो वा । उ० ३ । ९४ । रुह बीजजन्मनि प्रादुर्भावे च—इतन्, रस्य लः । उत्पादनसामर्थ्यम् (पृष्ठम्) पृष्ठतुल्यम् ॥

८—(नीलेन) म० ७ । निश्चितज्ञानेन (एव) (अप्रियम्) अनिष्टम् (भ्रातृव्यम्) शत्रुम् । विघ्नम् (प्रोर्णोति) आच्छादयति (लोहितेन) म० ७ । उत्पादनसामर्थ्येन (द्विषन्तम्) द्रुह्यन्तं विघ्नम् (विध्यति) छिनत्ति (इति) अनेन प्रकारेण (ब्रह्मवादिनः) परमात्मज्ञानिनः (वदन्ति) कथयन्ति ॥

भावार्थ—परमात्मा अपने अटल ज्ञान से सब विघ्नों को हटाकर अपने भक्तों को आनन्द देता है, यह सब बुद्धिमानों का मत है ॥ ८ ॥

सूक्तम् २ ॥

१—२८ ॥ व्रात्यो देवता ॥ १, ६, ६, १५, २१, २६ साम्न्यनुष्टुप् ; २, १६ आर्च्यनुष्टुप् ; ३ आर्ची पङ्क्तिः ; ४, १८, २४ ब्राह्मी गायत्री ; ५, १३, १६ निचृदार्ची जगती ; ७, २७ पदपङ्क्तिः ; ८ । २८ प्राजापत्या त्रिष्टुप् ; १० आर्च्युष्णिक् ; ११ भुरिगार्षी त्रिष्टुप् ; १२ आर्षी त्रिष्टुप् ; १४ साम्नी पङ्क्तिः, १७ विराडार्षी पङ्क्तिः ; २० आसुरी गायत्री ; २२ साम्नी त्रिष्टुप् ; २३ निचृदार्ची पङ्क्तिः ; २५ आर्ची जगती ॥

परमेश्वरस्य सर्वत्र व्यापकत्वोपदेशः—परमेश्वर की सर्वत्र व्यापकता का उपदेश ॥

स उद॑तिष्ठ॒त् स प्राचीं॒ दिश॒मनु॒ व्य॑चलत् ॥ १ ॥

सः । उत् । अ॒ति॒ष्ठ॒त् । सः । प्राचीम् । दिश॑म् । अनु॑ । वि । अ॒च॒ल॒त् ॥ १ ॥

भाषार्थ—(सः) वह [व्रात्य परमात्मा] (उत् अतिष्ठत्) खड़ा हुआ। (सः) वह (प्राचीम्) सामने वाली [अथवा पूर्व] (दिशम् अनु) दिशा की ओर (वि अचलत्) विचरा ॥ १ ॥

भावार्थ—मनुष्य परमात्मा को अपने सामने वा पूर्व दिशा में व्यापक जानकर आगे को प्रवृत्ति करे ॥ १ ॥

इस सूक्त में परमात्मा के विराट् रूप का वर्णन है ॥

तं बृ॒हच्च॑ रथंत॒रं चा॑दि॒त्याश्च॒ विश्वे॑ च दे॒वा अ॑नु॒व्य॑चलन् २

तम् । बृ॒हत् । च॒ । र॒थम्-त॒रम् । च॒ । आ॒दि॒त्याः । च॒ । विश्वे॑ । च॒ । दे॒वाः । अ॒नु॒-व्य॑चलन् ॥ २ ॥

भाषार्थ—(बृहत्) बृहत् [बड़ा आकाश] (च च) और (रथन्तरम्)

१—(सः) व्रात्यः परमात्मा (उदतिष्ठत्) प्रादुरभवत् (सः) (प्राचीम्) अ० ३ । २६ । १ । अभिमुखीभूताम् पूर्वाम् (दिशम्) दिशाम् (अनु) अनुलक्ष्य (वि) विविधम् (अचलत्) अचरत् ॥

२—(तम्) व्रात्यं परमात्मानम् (बृहत्) प्रवृद्धमाकाशम् (च) (रथ-

रथन्तर [रमणीय गुणों द्वारा पार होने योग्य जगत्] (च) और (आदित्याः) सब चमकने वाले सूर्य आदि (च) और (विश्वे) सब (देवाः) गति वाले लोक (तम्) उस [व्रात्य परमात्मा] के (अनुव्यचलन्) पीछे पीछे विचरे ॥२॥

भावार्थ—मनुष्य को चाहिये कि आकाश, भूमि, सूर्य, और सब चलते हुये लोकों को परमात्मा की आज्ञा में चलता हुआ साक्षात् करे ॥ २ ॥

बृहते च वै स रथंतराय चादित्येभ्यश्च विश्वेभ्यश्च देवेभ्य आ वृश्चते य एवं विद्वांसं व्रात्यमुपवदति ॥ ३ ॥

बृहते । च । वै । सः । रथम्-तराय । च । आदित्येभ्यः । च । विश्वेभ्यः । च । देवेभ्यः । आ । वृश्चते । यः । एवम् । विद्वांसम् । व्रात्यम् । उप-वदति ॥ ३ ॥

भाषार्थ—(सः) वह [मूर्ख] (वै) निश्चय करके (बृहते) बृहत् [बड़े आकाश] के लिये (च च) और (रथन्तराय) रथन्तर [रमणीय गुणों द्वारा पार होने योग्य जगत्] के लिये (च) और (आदित्येभ्यः) चमकने वाले सूर्य आदि के लिये (च) और (विश्वेभ्यः) सब (देवेभ्यः) गति वाले लोकों के लिये (आ) सब प्रकार (वृश्चते) दोषी होता है, (यः) जो [मूर्ख]

न्तरम्) अ० ८ । १० (२) । ६ । रमु क्रीडायाम्–क्थन्+तॄ प्लवनतरणयोः–खच्, मुम् च । रमणीयैर्गुणैस्तरणीयं जगत् (च) (आदित्याः) आदीप्यमानाः सूर्यादिलोकाः (च) विश्वे) सर्वे (च) (देवाः) दिवु गतौ–पचाद्यच् । गतिमन्तो लोकाः (अनुव्यचलन्) अनुसृत्य व्यचरन् ॥

३—(बृहते) प्रवृद्धायाकाशाय (च) (वै) निश्चयेन (रथन्तराय) रमणीयैर्गुणैस्तरणीयाय जगते (च) (आदित्येभ्यः) आदीप्यमानेभ्यः सूर्यादिभ्यः (च) (विश्वेभ्यः) (च) (देवेभ्यः) गतिमद्भ्यो लोकेभ्यः (आ) समन्तात् (वृश्चते) वृश्च्यते । छिद्यते । दूषितो भवति (यः) मूर्खः (एवम्) इण्शीभ्यां वन् । उ० १ । १५२ । इण् गतौ-वन् । एवैरयनैरवनैर्वा—निरु० २ । २५ । एति प्राप्नोतीत्येवस्तम् । ईदृशम् । व्यापकम् (विद्वांसम्) विज्ञातारम् (व्रात्यम्)

(एवम्) ऐसे वा व्यापक (विद्वांसम्) ज्ञानवान् (व्रात्यम्) व्रात्य [सब समूहों के हितकारी परमात्मा] को (उपवदति) बुरा कहता है ॥ ३ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य परमात्मा के गुणों को साक्षात् न करके तत्त्वज्ञान नहीं पाता, वह संसार के पदार्थों से यथावत् उपकार नहीं ले सकता ॥ ३ ॥

बृहतश्च वै स रथंतरस्य चादित्यानां च विश्वेषां च देवानां प्रियं धाम भवति तस्य प्राच्यां दिशि ॥ ४ ॥

बृहतः । च । वै । सः । रथम्-तरस्य । च । आदित्यानाम् । च । विश्वेषाम् । च । देवानाम् । प्रियम् । धाम । भवति । तस्य । प्राच्याम् । दिशि ॥ ४ ॥

श्रद्धा पुंश्चली मित्रो मागधो विज्ञानं वासोऽहरुष्णीषं रात्री केशा हरितौ प्रवर्तौ कल्मलिर्मणिः ॥ ५ ॥

श्रद्धा । पुंश्चली । मित्रः । मागधः । वि-ज्ञानम् । वासः । अहः । उष्णीषम् । रात्री । केशाः । हरितौ । प्र-वर्तौ । कल्मलिः । मणिः ॥ ५ ॥

भूतं च भविष्यच्च परिष्कन्दौ मनो विपथम् ॥ ६ ॥

भूतम् । च । भविष्यत् । च । परि-स्कन्दौ । मनः । वि-पथम् ॥ ६ ॥

मातरिश्वा च पवमानश्च विपथवाहौ वातः सारथी रेष्मा प्रतोदः ॥ ७ ॥

मातरिश्वा । च । पवमानः । च । विपथ-वाहौ । वातः । सारथिः । रेष्मा । प्र-तोदः ॥ ७ ॥

म० १। व्रातेभ्यः सर्वसमूहेभ्यो हितकरं परमात्मानम् (उपवदति) हीनं कथयति। निन्दति ॥

कीर्तिश्च यशश्च पुरःसरावेनं कीर्तिर्गच्छत्या यशो गच्छति य एवं वेद ॥ ८ ॥

कीर्तिः । च । यशः । च । पुरः-सरौ । आ । एनम् । कीर्तिः । गच्छति । आ । यशः । गच्छति । यः । एवम् । वेद ॥ ८ ॥

भावार्थ—(सः) वह [विद्वान्] (वै) निश्चय करके (बृहतः) बृहत् [बड़े आकाश] का (च च) और भी (रथन्तरस्य) रथन्तर [रमणीय गुणों द्वारा पार होने योग्य जगत्] का (च) और (आदित्यानाम्) चमकने वाले सूर्यों का (च) और (विश्वेषाम्) सब (देवानाम्) गति वाले लोकों [अर्थात् उनके ज्ञान] का (प्रियम्) प्रिय (धाम) धाम [घर] (भवति) होता है और (तस्य) उस [विद्वान्] के लिये (प्राच्यां दिशि) सामने वाली [वा पूर्व] दिशा में ॥ ४ ॥ (श्रद्धा) इच्छा (पुंश्चली) पुंश्चली [पर पुरुषों में जाने वाली व्यभिचारिणी स्त्री, तथा परस्त्रीगामी व्यभिचारी पुरुष के समान घृणित] (मित्रः) स्नेह (मागधः) भाट [स्तुतिपाठक के समान], (विज्ञानम्) विज्ञान [विवेक] (वासः) वस्त्र [समान], (अहः) दिन (उष्णीषम्) [धूप रोकने वाली] पगड़ी [समान], (रात्री) रात्री (केशाः) केश [समान],

४—(बृहतः) प्रवृद्धस्याकाशस्य (च) (वै) (सः) विद्वान् (रथन्तरस्य) रमणीयैर्गुणैस्तरणीयस्य जगतः (च) (आदित्यानाम्) आदीप्यमानानां सूर्याणाम् (च) (विश्वेषाम्) (च) (देवानाम्) गतिमतां लोकानाम् (प्रियम्) (धाम) गृहम् (भवति) (तस्य) चतुर्थ्यर्थे षष्ठी । विदुषे जनाय (प्राच्याम्) अभिमुखीभूतायाम् । पूर्वस्याम् (दिशि) दिशायाम् ॥

५—(श्रद्धा) श्रिञ् सेवायाम्, श्रिय दाहे, श्री पाके वा—डति+डु धाञ् धारणपोषणयोः—अङ्, टाप् । इच्छा । श्रद्धा संप्रत्ययः स्पृहा—अमर० २३ । १०२ (पुंश्चली) पुंसु अन्यपुरुषेषु चलतीति । पुंस्+चल गतौ—अच्, ङीष् । व्यभिचारिणी कुलटेव घृणिता (मित्रः) स्नेहः (मागधः) मगि गतौ-घञ्+धा—क, पृषोदरादिरूपम् । स्तुतिपाठको यथा (विज्ञानम्) विवेकः (वासः) वस्त्रं यथा (अहः) दिनम् (उष्णीषम्) उष्ण+ईष हिंसायाम्—क, शकन्ध्वादिरूपम् तापनिवारकं शिरोवेष्टनवस्त्रं यथा (रात्री) (केशाः) (हरितौ) धारणाकर्षणगुणौ (प्रवर्तौ) वृतु वर्तने—अच् । द्वे वर्तुले कुण्डले ।

(हरितौ) दोनों धारण आकर्षण गुण (प्रवर्तौ) दो गोलकुण्डल [कर्णभूषण समान] और (कल्मलिः) [गति देने वाली] तारा गणों की झलक (मणिः) मणि [मणियों के हार समान] ॥ ५ ॥ (भूतम्) भूत [बीता हुआ (च च) और भी (भविष्यत्) भविष्यत् [आने वाला] (परिष्कन्दौ) [सब ओर चलने वाले] दो सेवक [समान], (मनः) मन (विपथम्) विविध मार्गगामी रथ [यान आदि समान] ॥ ६ ॥ (मातरिश्वा) आकाश में घूमने वाला सूत्रात्मा [वायु विशेष] (च च) और भी (पवमानः) संशोधक वायु (विपथवाहौ) दो रथ लेचलने वाले [बैल घोड़े आदि समान], (वातः) वात [सामान्य वायु] (सारथिः) सारथी [रथ हांकने वाले के समान] (रेष्मा) आंधी (प्रतोदः) अङ्कुश [कोड़ा, पैना समान] ॥ ७ ॥ (कीर्तिः) कीर्ति [दान आदि से बड़ाई] (च च) और (यशः) यश [शूरता आदि से बड़ाई] (पुरःसरौ) दो अग्रधावक [पायक समान] हैं, (एनम्) उस [विद्वान्] को (कीर्तिः) कीर्ति [दान आदि से बड़ाई] (आ) आकर (गच्छति) मिलती है, (यशः) यश [शूरता आदि से बड़ा नाम] (आ) आकर, (गच्छति) मिलता है, (यः) जो [विद्वान्] (एवम्) ऐसे वा व्यापक [व्रात्य परमात्मा] को (वेद) जानता है ॥ ८ ॥

कर्णभूषणे (कल्मलिः) अर्तिस्तुसुहु० । उ० १ । १४० । कल गतौ—मन् + ला दाने—कि । गतिदात्री तारादीप्तिः (मणिः) मणिभूषणं यथा ॥

६—(भूतम्) अतीतम् (च) (भविष्यत्) अनागतम् (च) (परिष्कन्दौ) स्कन्दिर् गतिशोषणयोः—घञ् । परितो गन्तारौ परपुष्टौ । सेवकौ यथा (मनः) चित्तम् (विपथम्) विविधगमनं यानम् ॥

७—(मातरिश्वा) आकाशे गमनशीलः सूत्रात्मा वायुः (च) (पवमानः) संशोधको वायुः (च) (विपथवाहौ) रथवाहकौ वृषभौ यथा (वातः) सामान्यपवनः (सारथिः) सर्तेर्णिच्च । उ० ४ । ८६ । सृ गतौ—घथिन्, णित् । रथचालकः (रेष्मा) रिष हिंसायाम्—मनिन् । प्रचण्डवायुः (प्रतोदः) तुद—घञ् । अश्वादिताडनदण्डः ॥

८—(कीर्तिः) दानादिप्रभवा ख्यातिः (च) (यशः) दानादिप्रभवं नाम (च) (पुरःसरौ) अग्रधावकौ (आ) आगत्य (एनम्) विद्वांसम् (कीर्तिः) (गच्छति) प्राप्नोति (आ) (यशः) (गच्छति) (यः) विद्वान् पुरुषः (एवम्) म० ३ । ईदृशं व्यापकं वा परमात्मानम् (वेद) जानाति ॥

भावार्थ—जब मनुष्य योगाभ्यास करके शुद्ध ज्ञान द्वारा परमाणु से लेकर परमेश्वर तक साक्षात् करलेता है, वह पूर्णकाम और पूर्णविज्ञानी होकर संसार में अपने आप कीर्ति और यश पाता है ॥ ४—८ ॥

स उदतिष्ठत् स दक्षिणां दिशमनु व्यचलत् ॥ ९ ॥

० सः । दक्षिणाम् । दिशम् । ० ॥ ९ ॥

भाषार्थ—(सः) वह [व्रात्य परमात्मा] (उत् अतिष्ठत) खड़ा हुआ, (सः) वह (दक्षिणाम्) दाहिनी [वा दक्षिण] (दिशम् अनु) दिशा की ओर (वि अचलत्) विचरा ॥ ९ ॥

भावार्थ—मनुष्य परमात्मा को अपनी दाहिनी वा दक्षिण दिशा में व्यापक जानकर आगे बढ़े ॥ ९ ॥

तं यज्ञायज्ञियं च वामदेव्यं च यज्ञश्च यजमानश्च पशवश्चानुव्यचलन् ॥ १० ॥

तम् । यज्ञायज्ञियम् । च । वाम-देव्यम् । च । यज्ञः । च । यजमानः । च । पशवः । च । अनु-व्यचलन् ॥ १० ॥

भाषार्थ—(यज्ञायज्ञियम्) सब यज्ञों का हितकारी [वेदज्ञान] (च च) और (वामदेव्यम्) वामदेव [श्रेष्ठ परमात्मा] से जताया गया [भूतपञ्चक] (च) और (यज्ञः) यज्ञ [पूजनीय व्यवहार] (च) और (यजमानः) यजमान [पूजनीय व्यवहार करने वाला पुरुष] (च) और (पशवः) सब जीव जन्तु (तम्) उस [परमात्मा] के (अनुव्यचलन्) पीछे पीछे विचरे ॥ १० ॥

९—(दक्षिणाम्) अवामभागस्थाम् । दक्षिणस्थाम् । अन्यत्पूर्ववत्—म० १ ॥

१०—(तम्) व्रात्यं परमात्मानम् (यज्ञायज्ञियम्) अ० ८ । १० (२) । ६ । यज्ञायज्ञ—घप्रत्ययः । सर्वेभ्यो यज्ञेभ्यो हितं वेदज्ञानम् (च) (वामदेव्यम्) अ० ४ । ३४ । १ । वामदेवाड् ड्यड्ड्यौ । पा० ४ । २ । ९ । वामदेव—ड्य । वामदेवेन श्रेष्ठपरमेश्वरेण विज्ञापितं पृथिव्यादिभूतपञ्चकम् (च) (यज्ञः) पूजनीयव्यवहारः (च) (यजमानः) पूजनीयव्यवहारकर्ता (च) (पशवः) जन्तवः—निरु० ११ । २९ (अनुव्यचलन्) अनुसृत्य विचरितवन्तः ॥

भावार्थ—सब ऋग्वेद आदि वेद पृथिवी आदि पञ्चभूत, सद्व्यवहार और सत्कर्मी पुरुष और सब प्राणी परमात्मा के अनुशासनगामी हैं ॥ १० ॥

य॒ज्ञा॒य॒ज्ञिया॑य च॒ वै स वा॑मदे॒व्याय॑ च य॒ज्ञाय॑ च॒ यज॑मा-
नाय च प॒शुभ्य॑श्चा वृ॑श्चते॒ य ए॒वं वि॒द्वांसं॑ व्रात्य॑मुप॒वद॑ति ११

य॒ज्ञा॒य॒ज्ञिया॑य । च॒ । वै । सः । वा॒म॒-दे॒व्याय॑ । च॒ । य॒ज्ञाय॑ ।
च॒ । यज॑मानाय । च॒ । प॒शु-भ्यः॑ । च॒ । आ । वृ॒श्च॒ते॒ ।०११

भाषार्थ—(सः) वह [मूर्ख] (वै) निश्चय करके (यज्ञायज्ञियाय) सब यज्ञों के हितकारी [वेद ज्ञान] के लिये (च च) और भी (वामदेव्याय) वामदेव [श्रेष्ठ परमात्मा] से जताये गये [भूतपञ्चक] के लिये (च) और (यज्ञाय) पूजनीय व्यवहार के लिये (च) और (यजमानाय) यजमान [पूजनीय व्यवहार करने वाले] के लिये (च) और (पशुभ्यः) सब जीव जन्तुओं के लिये (आ) सब प्रकार (वृश्चते) दोषी होता है, (यः) जो [मूर्ख] (एवम्) ऐसे वा व्यापक (विद्वांसम्) ज्ञानवान् (व्रात्यम्) व्रात्य [सब समूहों के हितकारी परमात्मा] को (उपवदति) बुरा कहता है ॥ ११ ॥

भावार्थ—मन्त्र ३ देखो—अर्थात् अज्ञानी अनीश्वरवादी पापात्मा मनुष्य अपने शुभ कर्तव्यों में सर्वथा असमर्थ होता है ॥ ११ ॥

य॒ज्ञा॒य॒ज्ञिय॑स्य च॒ वै स वा॑मदे॒व्यस्य॑ च य॒ज्ञस्य॑ च॒ यज॑मानस्य
च प॒शूनां॑ च॑ प्रि॒यं धाम॑ भवति॒ तस्य॒ दक्षि॑णायां दि॒शि ॥१२॥

य॒ज्ञा॒य॒ज्ञिय॑स्य । च॒ । वै । सः । वा॒म॒-दे॒व्यस्य॑ । च॒ । य॒ज्ञस्य॑ ।
च॒ । यज॑मानस्य । च॒ । प॒शूना॑म् । च॒ । प्रि॒यम् । धाम॑ ।
भ॒व॒ति॒ । तस्य॑ । दक्षि॑णायाम् । । दि॒शि ॥ १२ ॥

११—(यज्ञायज्ञियाय) म० १० । सर्वयज्ञहितकराय वेदज्ञानाय (वामदेव्याय) श्रेष्ठपरमात्मना विज्ञापिताय भूतपञ्चकाय (यज्ञाय) श्रेष्ठव्यवहाराय (यजमानाय) श्रेष्ठव्यवहारकारकाय पुरुषाय (पशुभ्यः) सर्वप्राणिभ्यः । अन्यत् पूर्ववत्—म० ३ ॥

उषाः पुंश्च॒ली मन्त्रो॑ माग॒धो वि॒ज्ञानं॒ वासोऽह॑रु॒ष्णीषं॒ रात्री॒ केशा॒ हरि॑तौ प्रव॒र्तौ क॑ल्म॒लिर्म॒णिः ॥ १३ ॥

उषाः। पुं॒श्च॒ली। मन्त्रः॑। मा॒ग॒धः। वि॒ऽज्ञानम्। वासः॑। अहः॑। उ॒ष्णीष॑म्। रात्री॑। केशाः॑। हरि॑तौ। प्र॒ऽव॒र्तौ। क॒ल्म॒लिः। म॒णिः ॥ १३ ॥

अ॒मा॒वा॒स्या॑ च पौर्णमा॒सी च॑ परिष्क॒न्दौ मनो॑ ०। ० ॥ १४ ॥

अ॒मा॒ऽवा॒स्या॑। च॒। पौर्ण॒ऽमा॒सी। च॒। ० ॥ १४ ॥

भाषार्थ—(सः) वह [विद्वान्] (वै) निश्चय करके (यज्ञायज्ञियस्य) सब यज्ञों के हितकारी [वेद ज्ञान] का (च च) और भी (वामदेव्यस्य) वामदेव [श्रेष्ठ परमात्मा] से जताये गये [भूतपञ्चक] का (च) और (यज्ञस्य) यज्ञ [पूजनीय व्यवहार] का (च) और (यजमानस्य) यजमान [पूजनीय व्यवहार करने वाले पुरुष] का (च) और (पशूनाम्) सब जीव जन्तुओं का (प्रियम्) प्रिय (धाम) धाम [घर] (भवति) होता है। और (तस्य) उस [विद्वान्] के लिये (दक्षिणायाम्) दाहिनी [वा दक्षिण] (दिशि) दिशा में ॥ १२ ॥ (उषाः) हिंसा (पुंश्चली) पुंश्चली [पर पुरुषों में जाने वाली व्यभिचारिणी स्त्री, तथा परस्त्रीगामी व्यभिचारी पुरुष के समान घृणित], (मन्त्रः) मननगुण (मागधः) भाट [स्तुतिपाठक के समान], (विज्ञानम्) विज्ञान [विवेक] (वासः) वस्त्र [समान], (अहः) दिन (उष्णीषम्) [धूप रोकने वाली] पगड़ी [समान], (रात्री) रात्री (केशाः) केश [समान], (हरितौ) दोनों धारण आकर्षण गुण (प्रवर्तौ) दो गोल—

१२—(यज्ञायज्ञियस्य) सर्वव्यवहारहितस्य वेदज्ञानस्य (वामदेव्यस्य) श्रेष्ठपरमात्मना ज्ञापितस्य भूतपञ्चकस्य (यज्ञस्य) पूजनीयव्यवहारस्य (यजमानस्य) पूजनीयकर्मकारस्य पुरुषस्य (पशूनाम्) सर्वजन्तूनाम् (तस्य) तस्मै (दक्षिणायाम्) अवामदेशस्थायाम्। दक्षिणस्याम्। अन्यत् पूर्ववत्—म० ४॥

१३—(उषाः) उषः किच्च। उ० ४। २३४। उष दाहे वधे च—असि। हिंसा (मन्त्रः) सर्वधातुभ्यः ष्ट्रन्। उ० ४। १५९। मन ज्ञाने—ष्ट्रन्। मननगुणः। अन्यत् पूर्ववत्—म० ५॥

कुण्डल [कर्णभूषण समान] और (कल्मलिः) [गति देने वाली] तारों की झलक (मणिः) मणि [मणियों के हार समान] ॥ १३ ॥ (अमावास्या) अमावस [कृष्णपक्ष की अन्तिम तिथि, अर्थात् अन्धकार वा अविद्या (च च) और भी (पूर्णमासी) पूर्णमासी [शुक्लपक्ष की अन्तिम तिथि, अर्थात् प्रकाश वा विद्या] (परिष्कन्दौ) [सब ओर चलने वाले] दो सेवक [समान] (मनः) मन......[म० ६, ७, ८] ॥ १४ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य परमात्मा के ज्ञान के साथ अविद्या के त्याग और विद्या की प्राप्ति से योग्य पदार्थों के उपकार और अयोग्यों के अपकार को जानकर अपना कर्तव्य करता है; वह संसार में कीर्तिमान् और यशस्वी होता है ॥ १२—१४ ॥

स उदतिष्ठत् स प्रतीचीं दिशमनु व्यचलत् ॥ १५ ॥

० सः । प्रतीचीम् । दिशम् । ० ॥ १५ ॥

भाषार्थ—(सः) वह [व्रात्य परमात्मा] (उत् अतिष्ठत्) खड़ा हुआ (सः) वह (प्रतीचीम्) पीछे वाली [वा पश्चिम] (दिशम् अनु) दिशा की ओर (वि अचलत्) विचरा ॥ १५ ॥

भावार्थ—मनुष्य पीछे वाली वा पश्चिम दिशा में परमात्मा की व्यापकता विचार कर पुरुषार्थ करे ॥ १५ ॥

तं वैरूपं च वैराजं चापश्च वरुणश्च राजानुव्यचलन् ॥१६॥

तम् । वैरूपम् । च । वैराजम् । च । आपः । च । वरुणः । च । राजा । अनु-व्यचलन् ॥ १६ ॥

१४—(अमावास्या) अमा सह चन्द्रार्कौ वसतोयत्र तिथौ सा, अमा + वस निवासे—आधारे ण्यत्, टाप् । कृष्णपक्षशेषतिथिः अन्धकारः । अविद्या (पौर्णमासी) पूर्णो मासश्चन्द्रो वर्तते यस्यां तिथौ सा । पूर्णमासादण् । वा० पा० ४ । २ । ३५ । पूर्णमास—अण् । शुक्लपक्षान्तिमतिथिः प्रकाशः । विद्या । अन्यत् पूर्ववत्—म० ६ ॥

१५—(प्रतीचीम्) पश्चाद्भागस्थाम् । पश्चिमाम् । अन्यत् पूर्ववत्—म० १ ॥

भाषार्थ—(वैरूपम्) वैरूप [विविध पदार्थों का जताने वाला वेद ज्ञान] (च च) और (वैराजम्) वैराज [विराट् रूप, अर्थात् बड़े ऐश्वर्यवान् वा प्रकाशमान परमात्मा के स्वरूप का प्राप्त कराने वाला मोक्षज्ञान] (च) और (आपः) प्रजायें [सृष्टि की वस्तुयें] (च) और (राजा) राजा [ऐश्वर्यवान्] (वरुणः) श्रेष्ठ जीव [मनुष्य] (तम्) उस [व्रात्य परमात्मा] के (अनुव्यचलन्) पीछे पीछे विचरे ॥ १६ ॥

भावार्थ—ज्ञानी पुरुष साक्षात् करता है कि सब वेदज्ञान, मोक्षज्ञान और सृष्टि के पदार्थ, और सब सृष्टि में उत्तम यह मनुष्य उसी परमात्मा के आश्रित हैं ॥ १६ ॥

वैरूपायं च वै स वैराजायं चाद्भ्यश्च वरुणाय च राज्ञ आ वृश्चते य एवं विद्वांसं व्रात्यमुपवदति ॥ १७ ॥

वैरूपायं । च । वै । सः । वैराजायं । च । अत्-भ्यः । च । वरुणाय । च । राज्ञे । आ । वृश्चते । ० ॥ १७ ॥

भाषार्थ—(सः) वह [मूर्ख] (वै) निश्चय करके (वैरूपाय) वैरूप [विविध पदार्थों के जताने वाले वेदज्ञान] के लिये (च च) और भी (वैराजाय) वैराज [विराट् रूप, बड़े ऐश्वर्यवान् वा प्रकाशमान परमात्मा के स्वरूप के प्राप्त कराने वाले मोक्षज्ञान] के लिये (च) और (अद्भ्यः) प्रजाओं के लिये (च) और (राज्ञे) राजा [ऐश्वर्यवान्] (वरुणाय) श्रेष्ठ जीव [मनुष्य] के लिये (आ) सब प्रकार (वृश्चते) दोषी होता है, (यः) जो मूर्ख (एवम्) व्यापक (विद्वांसम्) ज्ञानवान् (व्रात्यम्) व्रात्य

१६—(तम्) व्रात्यम् (वैरूपम्) विरूप—अण् । विविधपदार्थानां रूपं निरूपणं यस्मात् तद् वेदज्ञानम् (च) (वैराजम्) विराज्-अण् । विराड्रूपस्य ऐश्वर्यवतः प्रकाशमानस्य वा परमात्मस्वरूपस्य प्रतिपादकं मोक्षज्ञानम् (च) (आपः) प्रजाः । सृष्टिपदार्थाः (च) (वरुणः) श्रेष्ठजीवो मनुष्यः (च) (राजा) ऐश्वर्यवान् (अनुव्यचलन्) अनुसृत्य विचरितवन्तः ॥

१७ (वैरूपाय) म० १६ । विविधपदार्थानां निरूपकाय वेदज्ञानाय (वैराजाय) विराड् रूपस्य परमात्मनः स्वरूपस्य प्रापकाय मोक्षज्ञानाय (अद्भ्यः)

[सब समूहों के हितकारी परमात्मा] को (उपवदति) बुरा कहता है ॥ १७ ॥

भावार्थ—परमात्मा के ज्ञान से विमुख पुरुष सब संसार की हानि करके पापी होता है ॥ १७ ॥

वै॒रू॒पस्य॑ च॒ वै स वै॑रा॒जस्य॑ चा॒पां च॒ वरु॑णस्य च॒ राज्ञः॑ प्रि॒यं धाम॑ भवति॒ तस्य॑ प्र॒तीच्यां॑ दि॒शि ॥ १८ ॥

वै॒रू॒पस्य॑ । च॒ । वै । सः । वै॒रा॒जस्य॑ । च॒ । अ॒पाम् । च॒ । वरु॑णस्य । च॒ । राज्ञः॑ । प्रि॒यम् । धाम॑ । भ॒व॒ति॒ । तस्य॑ । प्र॒ती॒च्याम् । दि॒शि ॥ १८ ॥

इ॒रा पुं॒श्च॒ली ह॒सो माग॒धो वि॒ज्ञानं॒ वासोऽह॑रु॒ष्णीषं॒ रात्री॒ केशा॒ हरि॑तौ प्रव॒र्तौ क॑ल्म॒लिर्म॑णिः ॥ १९ ॥

इ॒रा । पुं॒श्च॒ली । ह॒सः । मा॒ग॒धः । वि॒-ज्ञान॑म् । वासः॑ । अहः॑ । उ॒ष्णीष॑म् । रात्री॑ । केशाः॑ । हरि॑तौ । प्र॒-व॒र्तौ । क॒ल्म॒लिः । म॒णिः ॥ १९ ॥

अह॑श्च रात्री॑ च॒ परि॑ष्कन्दौ मनो॑ ०।० ॥ २० ॥

अहः॑ । च॒ । रात्री॑ । च॒ । ० ॥ २० ॥

भाषार्थ—(सः) वह [विद्वान्] (वै) निश्चय करके (वैरूपस्य) वैरूप [विविध पदार्थों के जताने वाले वेदज्ञान] का (च च) और भी (वैराजस्य) वैराज [विराट्रूप ऐश्वर्यवान् वा प्रकाशमान परमात्मा के स्वरूप के प्राप्त करने वाले मोक्षज्ञान] का (च) और (अपाम्) प्रजाओं का (च) और

प्रजाभ्यः (वरुणाय) श्रेष्ठजीवाय मनुष्याय (राज्ञे) ऐश्वर्यवते । अन्यत् पूर्ववत्—म० ३ ॥

१८—(वैरूपस्य) म० १६ । विविधपदार्थानां निरूपकस्य वेदज्ञानस्य (वैराजस्य) म० १६ विराड्रूपस्य परमात्मस्वरूपस्य प्रापकस्य मोक्षज्ञानस्य (अपाम्) प्रजानाम् (वरुणस्य) श्रेष्ठजीवस्य मनुष्यस्य (राज्ञः) ऐश्वर्यवतः (प्रतीच्याम्) पश्चाद्भवायाम् । पश्चिमायाम् । अन्यत् पूर्ववत्-म०-४ ॥

(राज्ञः) ऐश्वर्यवान् (वरुणस्य) श्रेष्ठ जीव [मनुष्य] का (प्रियम्) प्रिय (धाम) धाम [घर] (भवति) होता है। और (तस्य) उस [विद्वान्] के लिये (प्रतीच्याम्) पीछे वाली [वा पश्चिम] (दिशि) दिशा में ॥ १८ ॥ (इरा) मदिरा [मद्यवस्तु] (पुंश्चली) पुंश्चली [पर पुरुषों में जाने वाली व्यभिचारिणी स्त्री तथा परस्त्रीगामी व्यभिचारी पुरुष के समान घृणित], (हसः) हास्यरस (मागधः) भाट [स्तुतिपाठक के समान], (विज्ञानम्) विज्ञान [विवेक] (वासः) वस्त्र [समान], (अहः) दिन (उष्णीषम्) [धूप रोकनेवाली] पगड़ी [समान], (रात्री) रात्री (केशाः) केश [समान], (हरितौ) दोनों धारण आकर्षण गुण (प्रवर्तौ) दो गोलकुण्डल [कर्णभूषण समान] और (कल्मलिः) [गति देने वाली] तारों की झलक (मणिः) मणि [मणियों के हार समान] ॥ १९ ॥ (अहः) दिन (च च) और भी (रात्री) रात्री (परिष्कन्दौ) [सब ओर चलने वाले] दो सेवक [समान], (मनः) मन.........[मन्त्र ६, ७, ८] ॥

भावार्थ--मनुष्य वेदज्ञान और मोक्षज्ञान द्वारा परमात्मा को प्राप्त करके दुष्कर्मों के सर्वथा त्याग और सत्कर्मों के निरन्तर निष्काम अनुष्ठान से संसार में आनन्द पाता है ॥ १८, १९, २० ॥

स उदतिष्ठत् स उदीचीं दिशमनु व्यचलत् ॥ २१ ॥

सः । उत् । अतिष्ठत् । सः । उदीचीम् । दिशम् । अनु । वि । अचलत् ॥ २१ ॥

भाषार्थ—(सः) वह [व्रात्य परमात्मा] (उत् अतिष्ठत्) खड़ा हुआ, (सः) वह (उदीचीम्) बायीं [अथवा उत्तर] (दिशम् अनु) दिशा की ओर (वि अचलत्) विचरा ॥ २१ ॥

भावार्थ--मनुष्य जगदीश्वर को बायीं ओर वा उत्तर दिशा में वर्तमान जानकर आत्मोन्नति करे ॥ २१ ॥

१९—(इरा) ऋज्रेन्द्राग्रवज्रविप्र० । उ० २ । २८ । इण् गतौ-रन्, टाप्, गुणाभावः । मद्यं वस्तु । मदिरा । इरा भूवाक्सुराप्सु स्यात् । अमर ० २३ । १७६ । अन्यत् पूर्ववत्—म० ५ ॥

२०—(अहः) दिनम् (रात्री) रात्रिः । अन्यत् पूर्ववत्–म० ६ ॥

२१—(उदीचीम्) वामभागवर्तमानाम् । उत्तरभागस्थाम् । अन्यत् पूर्ववत्–म० १ ॥

तं श्यै॒तं च॒ नौध॒सं च॑ सप्त॒र्षय॑श्च॒ सोम॑श्च॒ राजा॑नु॒व्य॑चलन् २२

तम् । श्यै॒तम् । च॒ । नौध॒सम् । च॒ । स॒प्त॒-ऋ॒षय॑: । च॒ । सोम॑: । च॒ । राजा॑ । अ॒नु॒-व्य॑चलन् ॥ २२ ॥

भाषार्थ–(श्यैतम्) श्यैत [सद्गति बताने वाला वेदज्ञान] (च च) और (नौधसम्) नौधस [ऋषियों का हितकारी मोक्षज्ञान] (च) और (सप्तर्षयः) सात ऋषि [छह इन्द्रियां और सातवीं बुद्धि अर्थात् त्वचा, नेत्र, कान, जिह्वा, नाक, मन और बुद्धि] (च) और (राजा) राजा [ऐश्वर्यवान्] (सोमः) प्रेरक मनुष्य (तम्) उस [व्रात्य परमात्मा] के (अनुव्यचलन्) पीछे पीछे चले ॥ २२ ॥

भावार्थ–मनुष्य वेदज्ञान से परमात्मा का ज्ञान प्राप्त करके इन्द्रियों और आत्मा की शक्तियों को बढ़ाता हुआ परमेश्वर के आश्रय से बढ़ती करता जावे ॥ २२ ॥

श्यै॒ताय॑ च॒ वै स नौ॑ध॒साय॑ च सप्त॒र्षिभ्य॑श्च॒ सोमा॑य च॒ राज्ञ॒ आ वृ॑श्चते॒ य ए॒वं वि॒द्वांसं॒ व्रात्य॑मुप॒वद॑ति ॥ २३ ॥

श्यै॒ताय॑ । च॒ । वै । सः । नौ॒ध॒साय॑ । च॒ । स॒प्त॒र्षि-भ्य॑: । च॒ । सोमा॑य । च॒ । राज्ञे॑ । आ । वृ॒श्च॒ते॒ । यः । ए॒वम् । वि॒द्वांस॑म् । व्रात्य॑म् । उ॒प॒-वद॑ति ॥ २३ ॥

२२–(तम्) व्रात्यम् (श्यैतम्) हृश्याभ्यामितन् । उ० ३ । ९३ । श्यैङ् गतौ–इतन्, श्येत–अण् । श्येतस्य सद्गतेः प्रतिपादकं वेदज्ञानम् (च) (नौधसम्) नुवो धुट् च । उ० ४ । २२६ । णु स्तुतौ–असि, धुट् च, यद्वा गमेर्डोः । उ० २ । ६७ । नौते डों प्रत्ययः + डु धाञ्–असि, नोधस्–अण् । नोधा ऋषिर्भवति नवनं दधाति–निरु० ४ । १६ । ऋषीणां हितकरं मोक्षज्ञानम् (च) (सप्तर्षयः) अ० ४ । ११ । ९ । सप्त ऋषयः प्रतिहिताः शरीरे । यजु० ३४ । ५५ । सप्त ऋषयः षडिन्द्रियाणि विद्या सप्तमी–निरु० १२ । ३७ । त्वक् चक्षुःश्रवणरसनाघ्राणमनोबुद्धयः (च) (सोमः) प्रेरको मनुष्यः (च) (राजा) ऐश्वर्यवान् (अनुव्यचलन्) अनुसृत्य विचरितवन्तः ॥

भाषार्थ—(सः) वह [मूर्ख] (वै) निश्चय करके (श्यैताय) श्यैत [सद्गति बतानें वाले वेदज्ञान] के लियें (च च) और भी (नौधसाय) नौधस [ऋषियों के हितकारी मोक्षज्ञान] के लिये (च) और (सप्तर्षिभ्यः) सात ऋषियों [छह इन्द्रियों और सातवीं बुद्धि—म० २२] के लिये (च) और (राज्ञे) ऐश्वर्यवान् (सोमाय) प्रेरक जीव [मनुष्य] के लिये (आ) सब प्रकार (वृश्चते) दोषी होता है, (यः) जो [मूर्ख] (एवम्) व्यापक (विद्वांसम्) ज्ञानवान् (व्रात्यम्) व्रात्य [सब समूहों के हितकारी परमात्मा] को (उपवदति) बुरा कहता है ॥ २३ ॥

भावार्थ—कृतघ्न अज्ञानी पुरुष वेदज्ञान और मोक्षज्ञान को नहीं प्राप्त कर सकता और न वह जितेन्द्रिय और हितैषी हो सकता, इसी से वह सदा दुःख में पड़ा रहता है ॥ २३ ॥

श्यै॒तस्यं च॒ वै स नौ॑ध॒सस्यं च सप्त॒र्षी॒णां च॒ सोम॑स्य च॒ राज्ञः॑ प्रि॒यं धाम॑ भवति॒ तस्योदी॑च्यां दि॒शि ॥ २४ ॥

श्यै॒तस्यं । च॒ । वै । सः । नौ॑ध॒सस्यं । च॒ । स॒प्त॒-ऋ॒षी॒णाम् । च । सोम॑स्य । च॒ । राज्ञः॑ । प्रि॒यम् । धाम॑ । भ॒व॒ति॒ । तस्यं । उदी॑च्याम् । दि॒शि ॥ २४ ॥

वि॒द्युत् पुं॑श्च॒ली स्त॒नयि॒त्नुर्मा॑ग॒धो वि॒ज्ञानं॒ वासो॒ऽह॑रु॒ष्णीषं॒ रात्री॒ केशा॒ हरि॑तौ प्रव॒र्तौ क॑ल्म॒लिर्म॒णिः ॥ २५ ॥

वि॒-द्युत् । पुं॒श्च॒ली । स्त॒न॒यि॒त्नुः । मा॒ग॒धः । वि॒-ज्ञान॑म् । वास॑ः । अह॑ः । उ॒ष्णीष॑म् । रात्री॑ । केशा॑ः । हरि॑तौ । प्र॒-व॒र्तौ । क॒ल्म॒लिः । म॒णिः ॥ २५ ॥

२३—(श्यैताय) म० २२ । सद्गतिप्रापकाय वेदज्ञानाय (नौधसाय) म० २२ । ऋषीणां हितकराय मोक्षज्ञानाय (सप्तर्षिभ्यः) सबुद्धिषडिन्द्रियेभ्यः (सोमाय) प्रेरकाय मनुष्याय (राज्ञे) ऐश्वर्यवते । अन्यत् पूर्ववत्—म० ३ ॥

श्रुतं च विश्रुतं च परिष्कन्दौ मनो विपथम् ॥ २६ ॥
श्रुतम् । च । वि-श्रुतम् । च । परि-स्कन्दौ । मनः । वि-पथम् २६
मातरिश्वा च पवमानश्च विपथवाहौ वातः सारथी रेष्मा प्रतोदः ॥ २७ ॥
मातरिश्वा । च । पवमानः । च । विपथ-वाहौ । वातः । सारथिः । रेष्मा । प्र-तोदः ॥ २७ ॥
कीर्तिश्च यशश्च पुरःसरावैनं कीर्तिर्गच्छत्या यशो गच्छति य एवं वेद ॥ २८ ॥
कीर्तिः । च । यशः । च । पुरः-सरौ । आ । एनम् । कीर्तिः । गच्छति । आ । यशः । गच्छति । यः । ० ॥ २८ ॥

भाषार्थ—(सः) वह [विद्वान्] (वै) निश्चय करके (श्यैतस्य) श्यैत [सद्गति बताने वाले वेदज्ञान] का (च च) और भी (नौधसस्य) नौधस [ऋषियों के हितकारी मोक्ष ज्ञान] का (च) और (सप्तर्षीणाम्) सात ऋषियों [छह इन्द्रियों और सातवीं बुद्धि—मन्त्र २२] का (च) और (राज्ञः) ऐश्वर्यवान् (सोमस्य) प्रेरक पुरुष का (प्रियम्) प्रिय (धाम) धाम [घर] (भवति) होता है। और (तस्य) उस [विद्वान्] के लिये (उदीच्याम्) बायीं [वा उत्तर] (दिशि) दिशा में ॥२४॥ (विद्युत्) बिजुली [बिजुली समान चंचलता] (पुंश्चली) पुंश्चली [पर पुरुषों में जाने वाली व्यभिचारिणी स्त्री तथा परस्त्रीगामी व्यभिचारी पुरुष के समान घृणित], (स्तनयित्नुः) मेघ की गर्जन (मागधः) भाट [स्तुतिपाठक के समान], (विज्ञानम्) विज्ञान [विवेक] (वासः) वस्त्र [समान], (अहः) दिन (उष्णीषम्) [धूप रोकने

२४—(श्यैतस्य) म० २२ । सद्गतिप्रतिपादकस्य वेदज्ञानस्य (नौधसस्य) ऋषीणां हितकरस्य मोक्षज्ञानस्य (सप्तर्षीणाम्) म० २२ । सबुद्धिषडिन्द्रियाणाम् (सोमस्य) प्रेरकस्य मनुष्यस्य (राज्ञः) ऐश्वर्यवतः । अन्यद् गतम्—म० ४ ॥

२५—(विद्युत्) तडिद्वच् चंचलता (स्तनयित्नुः) मेघगर्जनम् । शेषं गतम्—म० ५ ॥

वाली] पगड़ी [समान], (रात्री) रात्री (केशाः) केश [समान], (हरितौ) दोनों धारण आकर्षण गुण (प्रवर्तौ) दो गोलकुण्डल [कर्णभूषण समान] और (कल्मलिः) [गति देने वाली] तारा गणों की झलक (मणिः) मणि [मणियों के हार समान] ॥ २५ ॥ (श्रुतम्) ख्याति [प्रशंसा] (च च) और (विश्रुतम्) विख्याति [प्रसिद्धि] (परिष्कन्दौ [सब ओर चलने वाले] दो सेवक [समान] (मनः) मन (विपथम्) विविध मार्गगामी रथ [यान आदि समान] ॥ २६ ॥ (मातरिश्वा) आकाश में घूमने वाला सूत्रात्मा [वायु विशेष] (च च) और भी (पवमानः) संशोधक वायु (विपथवाहौ) दो रथ ले चलाने वाले [बैल घोड़े आदि समान], (वातः) वात [सामान्य वायु] (सारथिः) सारथी [रथ हांकने वाले के समान] (रेष्मा) आंधी (प्रतोदः) अंकुश [कोड़ा, पैना समान] ॥२७॥ (कीर्तिः) कीर्ति [दान आदि से बड़ाई] (च च) और भी (यशः) यश [शूरता आदि से बड़ाई] (पुरःसरौ) दो अग्रधावक [पायक समान] हैं, (एनम्) उस [विद्वान्] को (कीर्तिः) कीर्ति [दान आदि से बड़ाई] (आ) आकर (गच्छति) मिलती है, (यशः) यश [शूरता आदि से बड़ा नाम] (आ) आकर (गच्छति) मिलता है, (यः) जो (एवम्) व्यापक [व्रात्य परमात्मा] को (वेद) जानता है ॥ २८ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य परमात्मा में लवलीन होता है, वही वेद ज्ञान और मोक्षज्ञान से जितेन्द्रिय और सर्वहितैषी होकर संसार में सब पदार्थों से उपकार लेकर आनन्द पाता है ॥ २४—२८ ॥

सूक्तम् ३ ॥

१—११ ॥ व्रात्यो देवता ॥ १ आर्षी गायत्री ; २ साम्न्युष्णिक् ; ३ याजुषी जगती ; ४, ११ आच्युष्णिक् ; ५ आर्ची बृहती ; ६ आसुर्यनुष्टुप् ; ७ साम्नी गायत्री ; ८ आसुरी पङ्क्तिः ; ९ आसुरी जगती १० प्राजापत्या त्रिष्टुप् ॥

परमात्मविराड्रूपोपदेशः—परमात्मा के विराट् रूप का उपदेश ॥

स सं॑वत्सरमू॒र्ध्वो॑ऽतिष्ठ॒त् तं दे॒वा अ॑ब्रुव॒न् व्रात्य॒ किं नु

२६—(श्रुतम्) ख्यातिः । प्रशंसा (विश्रुतम्) विख्यातिः । प्रसिद्धिः । अन्यद् गतम्—म० ६ ॥

२७—यथा मन्त्रः ७ ॥

२८—यथा मन्त्रः ८ ॥

तिष्ठसीति ॥ १ ॥

सः । सम्-वत्सरम् । ऊर्ध्वः । अतिष्ठत् । तम् । देवाः । अब्रुवन् । व्रात्य । किम् । नु । तिष्ठसि । इति ॥ १ ॥

भाषार्थ—(सः) वह [व्रात्य परमात्मा] (संवत्सरम्) वर्ष भर तक [कुछ काल तक] (ऊर्ध्वः) ऊंचा (अतिष्ठत्) खड़ा रहा, (तम्) उस से (देवाः) देवता [विद्वान् लोग] (अब्रुवन्) बोले—(व्रात्य) हे व्रात्य ! [सब समूहों के हितकारी परमात्मन्] (किम्) क्यों (नु) अब (तिष्ठसि इति) तू खड़ा है ॥ १ ॥

भावार्थ—ऋषि लोग परमात्मा की सत्ता को विविध प्रकार विचारें कि वह जगदीश्वर प्रलय और सृष्टि के बीच क्या क्या करता है ॥ १ ॥

सोऽब्रवीदासन्दीं मे सं भरन्त्विति ॥ २ ॥

सः । अब्रवीत् । आ-सन्दीम् । मे । सम् । भरन्तु । इति ॥२॥

भाषार्थ—(सः) वह [व्रात्य परमात्मा] (अब्रवीत्) बोला—(आसन्दीम्) सिंहासन (मे) मेरे लिये (सम्) मिलकर (भरन्तु इति) आप धरें॥२॥

भावार्थ—ऋषि लोग अनुभव करते हैं कि वह परमात्मा सर्वोपरि विराजकर अपनी महिमा दिखा रहा है ॥ २ ॥

तस्मै व्रात्यायासन्दीं समभरन् ॥ ३ ॥

तस्मै । व्रात्याय । आ-सन्दीम् । सम् । अभरन् ॥ ३ ॥

भाषार्थ—(तस्मै) उस (व्रात्याय) व्रात्य [सब समूहों के हितकारी

१—(सः) व्रात्यः परमात्मा (संवत्सरम्) किञ्चित्कालपर्यन्तम् (ऊर्ध्वः) उन्नतः (अतिष्ठत्) स्थितवान् (तम्) व्रात्यम् (देवाः) विद्वांसः (अब्रुवन्) अकथयन् । विचारितवन्तः (व्रात्य) हे सर्वसमूहहितकारिन् (किम्) किमर्थम् (नु) इदानीम् (तिष्ठसि) स्थितोभवसि (इति) पादपूर्तौ ॥

२—(सः) व्रात्यः (अब्रवीत्) (आसन्दीम्) सिंहासनम् (मे) मह्यम् (सम्) संगत्य (भरन्तु) धरन्तु भवन्तः (इति) ॥

३—(तस्मै) तादृशाय (व्रात्याय) सर्वसमूहहितकारिणे परमात्मने

परमात्मा] के लिये (आसन्दीम्) सिंहासन (सम् अभरन्) उन्होंने मिलकर रक्खा ॥ ३ ॥

भावार्थ—विद्वान् लोग परस्पर विचार करके आगे के मन्त्रों की युक्ति से उस परमेश्वर को सर्वोपरि विराजमान समझें ॥ ३ ॥

तस्या॑ ग्री॒ष्मश्च॑ वस॒न्तश्च॒ द्वौ पादा॒वास्तां॑ श॒रच्च॑ व॒र्षाश्च॒ द्वौ ॥ ४ ॥

तस्याः॑ । ग्री॒ष्मः । च॒ । व॒स॒न्तः । च॒ । द्वौ । पादौ॑ । आस्ता॑म् । श॒रत् । च॒ । व॒र्षाः । च॒ । द्वौ ॥ ४ ॥

भाषार्थ—(वसन्तः) वसन्त ऋतु (च च) और (ग्रीष्मः) घाम ऋतु (तस्याः) उस [सिंहासन] के (द्वौ) दो (च) और (वर्षाः) बरसा ऋतु (च) और (शरत्) शरद् ऋतु (द्वौ) दो (पादौ) पाये (आस्ताम्) थे ॥ ४ ॥

भावार्थ—घाम आदि ऋतुयें अर्थात् समस्त काल परमात्मा के वशीभूत हैं ॥ ४ ॥

बृ॒हच्च॑ रथंत॒रं चा॑नू॒च्ये॒३॒॑ आस्तां॑ यज्ञाय॒ज्ञियं॑ च वामदे॒व्यं च॑ तिर॒श्च्ये॑ ॥ ५ ॥

बृ॒हत् । च॒ । र॒थ॒म्ऽत॒रम् । च॒ । अ॒नू॒च्ये॒३॒॑ इति॑ । आस्ता॑म् । य॒ज्ञा॒य॒ज्ञिय॑म् । च॒ । वा॒म॒ऽदे॒व्यम् । च॒ । ति॒र॒श्च्ये॒३॒॑ इति॑ ॥ ५

भाषार्थ—(बृहत्) बृहत् [बड़ा आकाश] (च च) और (रथंतरम्) रथंतर [रमणीय गुणों से पार होने योग्य जगत्] (अनूच्ये) दो पाटियां

(आसन्दीम्) सिंहासनम् (सम्) संगत्य (अभरन्) धारितवन्तो विद्वांसः ॥

४—(तस्याः) आसन्द्याः (ग्रीष्मः) निदाघकालः (च) (वसन्तः) (द्वौ) (पादौ) चरणौ (आस्ताम्) अभवताम् (शरत्) शरदृतुः (च) (वर्षाः) वृष्टिकालः (च) (द्वौ) ॥

५—(बृहत्) सू० २ । २ । प्रवृद्धमाकाशम् (रथंतरम्) सू० २ । २ । रमणीयैर्गुणैस्तरणीयं जगत् (च) (अनूच्ये) अनु + उच समवाये—क्यप् । सिंहासनादौ संगमनीये लम्बमाने द्वे काष्ठादिवस्तुनी (आस्ताम्) अभवताम्

[पट्टियां, लंबे काष्ठ आदि जोड़] (च) और (यज्ञायज्ञियम्) सब यज्ञों का हितकारी [वेद ज्ञान] (च) और (वामदेव्यम्) वामदेव [श्रेष्ठ परमात्मा] से जताया गया [भूतपंचक] (तिरश्च्ये) दो सेरुवे [तिरछे काष्ठ आदि जोड़] (आस्ताम्) थे ॥ ५ ॥

भावार्थ—जैसे मनुष्यकृत सिंहासन में दो पाटी और दो सेरुवे होते हैं, वैसे ही परमेश्वर के सिंहासन के आकाश, जगत् आदि हैं ॥ ५ ॥

ऋचः प्राञ्चस्तन्तवो यजूंषि तिर्यञ्चः ॥ ६ ॥

ऋचः । प्राञ्चः । तन्तवः । यजूंषि । तिर्यञ्चः ॥ ६ ॥

भाषार्थ—(ऋचः) ऋचायें [पदार्थों की गुणप्रकाशक विद्यायें] [उस सिंहासन के] (प्राञ्चः) लम्बे फैले हुये (तन्तवः) तन्तु [सूत] और (यजूंषि) यजुर्मन्त्र (तिर्यञ्चः) तिरछे फैले हुये [तन्तु] थे ॥ ६ ॥

भावार्थ—जैसे वस्त्र के ताने बाने में सूत लगते हैं, वैसे ही परमात्मा ने सृष्टि रचना में ऋग्वेद और यजुर्वेद विद्यायें बनायी हैं ॥ ६ ॥

वेद आस्तरणं ब्रह्मोपबर्हणम् ॥ ७ ॥

वेदः । आ-स्तरणम् । ब्रह्म । उप-बर्हणम् ॥ ७ ॥

भाषार्थ—(वेदः) धन [उस सिंहासन का] (आस्तरणम्) बिछौना और (ब्रह्म) अन्न (उपबर्हणम्) बालिश [शिर रखने का सहारा] था ॥ ७ ॥

भावार्थ—जैसे सिंहासन पर गद्दी और बालिश लगाये जाते हैं, वैसे ही परमेश्वर ने संसार में धन और अन्न रचे हैं ॥ ७ ॥

(यज्ञायज्ञियम्) सू० २ । १० । सर्वेभ्यो यज्ञेभ्यो हितं वेदज्ञानम् (च) (वामदेव्यम्) सू० २ । १० । श्रेष्ठपरमेश्वरेण विज्ञापितं भूतपञ्चकम् (च) (तिरश्च्ये) तिरस् + च्युङ् गतौ-ड । अन्तर्गते लघुनी द्वे काष्ठादिवस्तुनी ॥

६—(ऋचः) पदार्थविज्ञानप्रकाशिकाविद्याः (प्राञ्चः) प्र + अञ्चु गतिपूजनयोः—क्विन् । प्रकर्षेण प्राप्ताः (तन्तवः) सूत्राणि (यजूंषि) सत्कर्मप्रतिपादकानि ज्ञानानि (तिर्यञ्चः) तिरस् + अञ्चु गतिपूजनयोः—क्विन् । तिर्यग्भवास्तन्तवः ॥

७—(वेदः) विद्लृ लाभे-असुन् । धनम्—निघ० २ । १० (आस्तरणम्) आस्तरः । विष्टरः (ब्रह्म) अन्नम्—निघ० २ । ७ (उपबर्हणम्) बालिशम् ॥

सामासाद उद्गीथोऽपश्रयः ॥ ८ ॥

साम । आ-सादः । उत्-गीथः । अप-श्रयः ॥ ८ ॥

भाषार्थ—(साम) सामवेद [मोक्षज्ञान] (आसादः) [उस सिंहासन का] बैठने का स्थान और (उद्गीथः) उद्गीथ [अच्छे प्रकार गाने योग्य ओ३म् शब्द] (अपश्रयः) सहारा था ॥ ८ ॥

भावार्थ—जैसे सिंहासन में बैठने का स्थान और बैठने वाले के सुख के लिये सहारे होते हैं, वैसे ही परमात्मा ने विद्वानों के लिये मुक्तिज्ञान और प्रणव का जप बनाया है ॥ ८ ॥

तामासन्दीं व्रात्य आरोहत् ॥ ९ ॥

ताम् । आ-सन्दीम् । व्रात्यः । आ । अरोहत् ॥ ९ ॥

भाषार्थ—(ताम्) उस (आसन्दीम्) सिंहासन पर (व्रात्यः) व्रात्य [सब समूहों का हितकारी परमात्मा] (आ अरोहत्) चढ़ गया ॥ ९ ॥

भावार्थ—जैसे चक्रवर्ती राजा सिंहासन पर ऊंचा बैठता है, वैसे ही परमात्मा सब संसार के ऊपर विराजमान है ॥ ९ ॥

तस्य देवजनाः परिष्कन्दा आसन्त्संकल्पाः प्रहाय्या ३ विश्वानि भूतान्युपसदः ॥ १० ॥

तस्य । देव-जनाः । परि-स्कन्दाः । आसन् । सम्-कल्पाः । प्र-हाय्याः । विश्वानि । भूतानि । उप-सदः ॥ १० ॥

भाषार्थ—(देवजनाः) विद्वान् लोग (तस्य) उस [व्रात्य परमात्मा]

८—(साम) मोक्षज्ञानम् (आसादः) आङ्+षद्लृ गतौ—घञ् । स्थिति-स्थानम् (उद्गीथः) गश्चोदि । उ० २ । १० । उत्+गै गाने—थक् । उच्चैर्गीय-मानः सामध्वनिः प्रणवो वा (अपश्रयः) अप+श्रिञ् सेवायाम्-अच् । आश्रयः ॥

९—(ताम्) पूर्वोक्ताम् (आसन्दीम्) सिंहासनम् (व्रात्यः) सर्वसमूह-हितकारी परमात्मा (आ अरोहत्) आरूढवान् ॥

१०—(तस्य) व्रात्यस्य (देवजनाः) विद्वांसः पुरुषाः (परिष्कन्दाः)

के (परिष्कन्दाः) सेवक, (संकल्पाः) सङ्कल्प [दृढ़ विचार] (प्रहाय्याः) [उसके] दूत, और (विश्वानि) सब (भूतानि) सत्तायें [उसके] (उपसदः) निकटवर्ती (आसन्) थे ॥ १० ॥

भावार्थ—जैसे सिंहासन पर बैठे हुये राजराजेश्वर के सेवक, दूत और अन्य समीपवर्ती होते हैं, वैसे ही वह परमात्मा सब विद्वानों, दृढ़ संकल्पी लोगों और सब सत्ताओं को अपनी कृपा दृष्टि में रखता है ॥ १० ॥

विश्वान्ये॒वास्य॑ भू॒तान्यु॑प॒सदो॑ भवन्ति॒ य ए॒वं वेद॑ ॥ ११ ॥

विश्वा॑नि । ए॒व । अ॒स्य॒ । भू॒तानि॑ । उ॒प॒-सदः॑ । भ॒व॒न्ति॒ । यः । ० ॥ ११ ॥

भाषार्थ—(विश्वानि) सब (एव) ही (भूतानि) सत्ता वाले पदार्थ (अस्य) उस [विद्वान् पुरुष] के (उपसदः) समीपवर्ती (भवन्ति) होते हैं, (यः) जो (एवम्) व्यापक [व्रात्य परमात्मा] को (वेद) जानता है ॥ ११ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य पूर्वोक्त प्रकार से परमात्मा के तत्त्व को जान लेता है, वह योगीश्वर सब सत्ता वालों से यथावत् उपकार कर सकता है॥११॥

सूक्तम् ४ ॥

१—१८ ॥ व्रात्यो देवता ॥ १, १३, १६ दैवी जगती; २, ८ आर्च्यनुष्टुप्; ३, १२ प्राजापत्या जगती; ४, ७, १० प्राजापत्या गायत्री; ५ भुरिक् प्राजापत्या बृहती; ६ आर्ची जगती; ९ आर्ची त्रिष्टुप्; ११ साम्नी त्रिष्टुप्; १४ प्राजापत्या बृहती; १५, १८ आर्ची पङ्क्तिः; १७ आर्च्युष्णिक् ॥

परमेश्वरस्य रक्षागुणोपदेशः—परमेश्वर के रक्षा गुण का उपदेश ॥

तस्मै॒ प्राच्या॑ दि॒शः ॥ १ ॥ तस्मै॑ । प्राच्याः॑ । दि॒शः ॥ १ ॥

परि+स्कन्दिर् गतिशोषणयोः—घञ् । परपुष्टाः । परिचराः (आसन्) (संकल्पाः) दृढविचाराः (प्रहाय्याः) श्रुदक्षिस्पृहिगृहिभ्य आय्यः । उ० ३ । ९६ । ओ हाङ् गतौ—आय्य । प्रगन्तारः । दूताः (विश्वानि) सर्वाणि (भूतानि) सत्त्वानि । सत्तासमन्वितानि पदार्थजातानि (उपसदः) समीपवर्तिनः ॥

११—(विश्वानि) सर्वाणि (एव) अवधारणे (अस्य) विदुषः पुरुषस्य (भूतानि) सत्त्वानि (उपसदः) समीपवर्तिनः (भवन्ति) (यः) पुरुषः (एवम्) सू० २ । ३ । व्यापकं व्रात्यं परमात्मानम् (वेद) वेत्ति ॥

वासन्तौ मासौ गोप्तारावकुर्वन् बृहच्च रथंतरं चानुष्ठातारौ २

वासन्तौ । मासौ । गोप्तारौ । अकुर्वन् । बृहत् । च । रथम्-तरम् । च । अनु-स्थातारौ ॥ २ ॥

वासन्तावेनं मासौ प्राच्या दिशो गोपायतो बृहच्च रथंतरं चानु तिष्ठतो य एवं वेद ॥ ३ ॥

वासन्तौ । एनम् । मासौ । प्राच्याः । दिशः । गोपायतः । बृहत् । च । रथम्-तरम् । च । अनु । तिष्ठतः । यः । ०॥३॥

भाषार्थ—(तस्मै) उस [विद्वान्] के लिये (प्राच्याः) पूर्व (दिशः) दिशा से ॥ १ ॥ (वासन्तौ) वसन्त ऋतु वाले [चैत्र—वैशाख] (मासौ) दो महीनों को (गोप्तारौ) दो रक्षक (अकुर्वन्) उन [विद्वानों] ने बनाया, (बृहत्) बृहत् [बड़े आकाश] (च च) और (रथन्तरम्) रथन्तर [रमणीय गुणों द्वारा पार होने योग्य जगत्] को (अनुष्ठातारौ) दो अनुष्ठाता [साथ रहने वाला वा विहित कार्यसाधक] [बनाया] ॥ २ ॥ (वासन्तौ) वसन्त ऋतु वाले (मासौ) दो महीने (प्राच्याः दिशः) पूर्व दिशा से (एनम्) उस [विद्वान्] की (गोपायतः) रक्षा करते हैं, [और दोनों] (बृहत्) बृहत् [बड़ा आकाश] (च च) और (रथन्तरम्) रथन्तर [रमणीय गुणों द्वारा पार होने योग्य जगत्] [उस के लिये] (अनु तिष्ठतः) विहित कार्य करते हैं, (यः) जो [विद्वान्] (एवम्) व्यापक [व्रात्य परमात्मा] को (वेद) जानता है ॥ ३ ॥

१—(तस्मै) विदुषे जनाय (प्राच्याः) पूर्वायाः (दिशः) दिक्सकाशात् ॥

२—(वासन्तौ) वसन्तसम्बन्धिनौ चैत्रवैशाखौ (मासौ) (गोप्तारौ) रक्षकौ (अकुर्वन्) ते विद्वांसः कृतवन्तः (बृहत्) प्रवृद्धमाकाशम् (च) (रथन्तरम्) रमणीयगुणैस्तरणीयं जगत् (च) (अनुष्ठातारौ) सहवर्तमानौ । विहितकर्मसाधकौ ॥

३—(एनम्) विद्वांसम् (गोपायतः) रक्षतः (अनुतिष्ठतः) सहवर्तेते । विहितकर्म कुरुतः (यः) विद्वान् (एवम्) इण गतौ-वन् । व्यापकं व्रात्यं परमात्मानम् (वेद) जानाति । अन्यत् पूर्ववत्—म० १, २ ॥

भावार्थ—विद्वान् लोग निश्चय करके मानते हैं कि जो मनुष्य परमात्मा में विश्वास करता है, वह पुरुषार्थी जन पूर्वादि दिशाओं और वसन्त आदि ऋतुओं में सुरक्षित रहता है ॥ १—३ ॥

तस्मै॑ दक्षि॑णाया दि॒शः ॥४॥ तस्मै॑ । दक्षि॑णायाः । दि॒शः ॥४॥

ग्रैष्मौ॑ मासौ॑ गोप्तारा॒वकु॑र्वन् य॒ज्ञाय॒ज्ञियं॑ च वामदे॒व्यं चा॑नुष्ठा॒तारौ॑ ॥ ५ ॥

ग्रैष्मौ॑ । मासौ॑ । गो॒प्तारौ॑ । अकु॑र्वन् । य॒ज्ञाय॒ज्ञियं॑म् । च॒ । वा॒म॒-दे॒व्यम् । च॒ । ० ॥ ५ ॥

ग्रैष्मावे॑नं मासौ॒ दक्षि॑णाया दि॒शो गो॑पायतो य॒ज्ञाय॒ज्ञियं॑ च वामदे॒व्यं चानु॑ तिष्ठतो॒ य ए॒वं वेद॑ ॥ ६ ॥

ग्रैष्मौ॑ । ए॒न॒म् । मासौ॑ । दक्षि॑णायाः । दि॒शः । गो॒पा॒य॒तः । य॒ज्ञाय॒ज्ञियं॑म् । च॒ । वा॒म॒-दे॒व्यम् । च॒ । ० ॥ ६ ॥

भाषार्थ—(तस्मै) उस [विद्वान्] के लिये (दक्षिणायाः दिशः) दक्षिण दिशा से ॥ ४ ॥ (ग्रैष्मौ) घाम वाले [ज्येष्ठ–आषाढ़] (मासौ) दो महीनों को (गोप्तारौ) दो रक्षक (अकुर्वन्) उन [विद्वानों] ने बनाया, (यज्ञायज्ञियम्) सब यज्ञों के हितकारी [वेद ज्ञान] को (च च) और (वामदेव्यम्) वामदेव [श्रेष्ठ परमात्मा] से जताये गये [भूतपञ्चक] को (अनुष्ठातारौ) दो अनुष्ठाता [साथ रहने वाले वा कार्य साधक] [बनाया] ॥ ५ ॥ (ग्रैष्मौ) घाम वाले (मासौ) दो महीने (दक्षिणायाः दिशः) दक्षिण दिशा से (एनम्) उस [विद्वान्] की (गोपायतः) रक्षा करते हैं, (च) और [दोनों]

४—स्पष्टम् ॥

५, ६—(ग्रैष्मौ) ग्रीष्म—अण् । निदाघसम्बन्धिनौ ज्येष्ठाषाढौ मासौ) (यज्ञायज्ञियम्) व्याख्यातम्–सू० ३ म० ५ (वामदेव्यम्) गतम्—

(यज्ञायज्ञियम्) सब यज्ञों का हितकारी [वेद ज्ञान] (च) और (वामदेव्यम्) वामदेव [श्रेष्ठ परमात्मा] करके जताया गया [भूतपञ्चक] [उस के लिये] (अनुतिष्ठतः) विहित कर्म करते हैं, (यः) जो [विद्वान्] (एवम्) व्यापक [व्रात्य परमात्मा] को (वेद) जानता है ॥ ६ ॥

भावार्थ—मन्त्र १—३ के समान है ॥ ४-६ ॥

तस्मै॑ प्रतीच्या॑ दिशः ॥७॥ तस्मै॑ । प्रतीच्याः॑ । दिशः ॥ ७ ॥

वार्षि॑कौ मासौ॑ गोप्तारा॒वकु॑र्वन् वैरू॒पं च॑ वैरा॒जं चा॑नु-ष्ठातारौ॑ ॥ ८ ॥

वार्षि॑कौ । मासौ॑ । गोप्तारौ॑ । अकु॑र्वन् । वै॒रूपम् । च॒ । वै॒रा॒जम् । च॒ ।० ॥ ८ ॥

वार्षि॑कावेनं॒ मासौ॑ प्रतीच्या॑ दिशो गोपायतो वैरू॒पं च॑ वैरा॒जं चा॑नु॑ तिष्ठतो॒ य ए॒वं वेद॑ ॥ ९ ॥

वार्षि॑कौ । ए॒नम् । मासौ॑ । प्रतीच्याः॑ । दिशः । गोपा॒यतः॒ । वै॒रूपम् । च॒ । वै॒रा॒जम् । च॒ । ० ॥ ९ ॥

भाषार्थ—(तस्मै) उस [विद्वान्] के लिये (प्रतीच्याः दिशः) पश्चिमी दिशा से ॥ ७ ॥ (वार्षिकौ) वर्षा वाले [श्रावण—भाद्र] (मासौ) दो महीनों को (गोप्तारौ) दो रक्षक (अकुर्वन्) उन [विद्वानों] ने बनाया, (च) और (वैरूपम्) वैरूप [विविध पदार्थों के जताने वाले वेद ज्ञान को (च) और (वैराजम्) वैराज [विराट् रूप अर्थात् बड़े ऐश्वर्यवान् वा प्रकाशमान परमात्मा के स्वरूप के प्राप्त कराने वाले मोक्ष ज्ञान] को (अनुष्ठातारौ) दो अनुष्ठाता [साथ रहने वाले वा विहित कर्म साधक] [बनाया] ॥ ८ ॥ (वार्षिकौ) वर्षा

सू० ३ म० ५ । अन्यत् पूर्ववत् ॥

७—(तस्मै) विदुषे (प्रतीच्याः) पश्चिमायाः (दिशः) ॥

८, ९—(वार्षिकौ) वर्षा—ठञ् । वर्षासम्बन्धिनौ श्रावणभाद्रौ (वैरूपम्)

वाले (मासौ) दोनों महीने (प्रतीच्याः दिशः) पश्चिमी दिशा से (एनम्) उस [विद्वान्] की (गोपायतः) रक्षा करते हैं, (च) और [दोनों] (वैरूपम्) वैरूप [विविध पदार्थों का जताने वाला वेद ज्ञान] (च) और (वैराजम्) वैराज [विराट् रूप अर्थात् बड़े ऐश्वर्यवान् वा प्रकाशमान परमात्मा का स्वरूप प्राप्त कराने वाला मोक्ष ज्ञान] [उसके लिये] (अनु तिष्ठतः) विहित कर्म करते हैं, (यः) जो [विद्वान्] (एवम्) व्यापक [व्रात्यपरमात्मा] को (वेद) जानता है ॥ ६ ॥

भावार्थ—मन्त्र १-३ के समान है ॥ ७-६ ॥

तस्मा उदीच्या दिशः ॥१०॥ तस्मै । उदीच्याः । दिशः ॥१०॥

शारदौ मासौ गोप्तारावकुर्वञ्छ्यैतं च नौधसं चानुष्ठातारौ ११

शारदौ । मासौ । गोप्तारौ । अकुर्वन् । श्यैतम् । च । नौधसम् । च । ० ॥ ११ ॥

शारदावेनं मासावुदीच्या दिशो गोपायतः श्यैतं च नौधसं चानु तिष्ठतो य एवं वेद ॥ १२ ॥

शारदौ । एनम् । मासौ । उदीच्याः । दिशः । गोपायतः । श्यैतम् । च । नौधसम् । च । ० ॥ १२ ॥

भाषार्थ—(तस्मै) उस [विद्वान्] के लिये (उदीच्याः दिशः) उत्तर वाली दिशा से ॥ १० ॥ (शारदौ) शरद् ऋतु वाले [आश्विन—कार्तिक] (मासौ) दो महीनों को (गोप्तारौ) दो रक्षक (अकुर्वन्) उन [विद्वानों] ने बनाया, (च) और (श्यैतम्) श्यैत [सद्गति बताने वाले वेदज्ञान] को (च),

---

सू० २ । १६ । पदार्थानां रूपं निरूपणं यस्मात् तद् वेदज्ञानम् - (वैराजम्) सू० २ । १६ । विराड्रूपस्य ऐश्वर्यवतः प्रकाशमानस्य वा परमात्मस्वरूपस्य प्रतिपादकं मोक्षज्ञानम् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

१०—(उदीच्याः) उत्तरायाः । अन्यद् गतम् ॥

११, १२—(शारदौ) शरत् सम्बन्धिनावाश्विनकार्त्तिकौ (श्यैतम्)

और (नौधसम्) नौधस [ऋषियों के हितकारी मोक्ष ज्ञान] को (अनुष्ठातारौ) दो अनुष्ठाता [साथ रहने वाले वा कार्यसाधक] [बनाया] ॥ ११ ॥ (शारदौ) शरद् ऋतु वाले (मासौ) दो महीने (उदीच्याः दिशः) उत्तर वाली दिशा से (एनम्) उस [विद्वान्] की (गोपायतः) रक्षा करते हैं, (च) और [दोनों] (श्यैतम्) श्यैत [सद्गति बताने वाला, वेद ज्ञान] (च) और (नौधसम्) नौधस [ऋषियों का हितकारी मोक्ष ज्ञान] [उसके लिये] (अनु तिष्ठतः) विहित कर्म करते हैं, (यः) जो [विद्वान्] (एवम्) व्यापक [व्रात्य परमात्मा) को (वेद) जानता है ॥ १२ ॥

भावार्थ—मन्त्र १—३ के समान है ॥ १०—१२ ॥

तस्मै॑ ध्रुवाया॑ दि॒शः ॥ १३ ॥ तस्मै॑ । ध्रु॒वायाः॑ । दि॒शः ॥ १३ ॥

है॒म॒नौ मासौ॑ गो॒प्तारा॒वकु॑र्व॒न् भूमिं॑ चा॒ग्निं चानु॑ष्ठा॒तारौ॑ १४

है॒म॒नौ । मासौ॑ । गो॒प्तारौ॑ । अकु॑र्वन् । भूमि॑म् । च॒ । अ॒ग्निम् । च॒ । ० ॥ १४ ॥

है॒म॒नावे॑नं॒ मासौ॑ ध्रुवाया॑ दि॒शो गो॑पायतो भूमि॑श्चा॒ग्नि-श्चानु॑ तिष्ठ॒तो य ए॒वं वेद॑ ॥ १५ ॥

है॒म॒नौ । ए॒न॒म् । मासौ॑ । ध्रु॒वायाः॑ । दि॒शः । गो॒पा॒य॒तः॒ । भूमि॑ः । च॒ । अ॒ग्निः । च॒ । ० ॥ १५ ॥

भाषार्थ—(तस्मै) उस [विद्वान्] के लिये (ध्रुवायाः दिशः) नीची दिशा से ॥ १३ ॥ (हैमनौ) शीत वाले [अग्रहायण—पौष] (मासौ) दो

सू० २ । २२ । श्येत—अण् । श्यैतस्य सद्गतेः प्रतिपादकं वेदज्ञानम् (नौधसम्) सू० २ । २२ । नोधस्—अण् । नोधसाम् ऋषीणां हितकरं मोक्षज्ञानम् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

१३—(तस्मै) (ध्रुवायाः) अधोभवायाः (दिशः) ॥

१४, १५—(हैमनौ) सर्वत्राण् च तलोपश्च । पा० ४ । ३ । २२ । हेमन्त-

महीनों को (गोप्तारौ) दो रक्षक (अकुर्वन्) उन [विद्वानों] ने बनाया, (भूमिम्) भूमि (च च) और (अग्निम्) अग्नि [भौतिक अग्नि] को (अनुष्ठातारौ) दो अनुष्ठाता [साथ रहने वाले वा कार्य साधक] [बनाया] ॥१४॥ (हैमनौ) शीतवाले (मासौ) दो महीने (ध्रुवायाः दिशः) नीची दिशा से (एनम्) उस [विद्वान्] को (गोपायतः) रक्षा करते हैं, (च) और [दोनों] (भूमिः) भूमि (च) और (अग्निः) अग्नि [उसके लिये] (अनु तिष्ठतः) विहित कर्म करते हैं, (यः) जो [विद्वान्] (एवम्) व्यापक [व्रात्य परमात्मा को (वेद) जानता है ॥ १५ ॥

भावार्थ—मन्त्र १—३ के समान है ॥ १३— १५ ॥

तस्मा ऊर्ध्वाया दिशः ॥१६॥ तस्मै । ऊर्ध्वायाः । दिशः ॥१६॥

शैशिरौ मासौ गोप्तारावकुर्वन् दिवं चादित्यं चानुष्ठातारौ॥१७

शैशिरौ । मासौ । गोप्तारौ । अकुर्वन् । दिवम् । च । आदित्यम् । च । अनु-स्थातारौ ॥ १७ ॥

शैशिरावेनं मासावूर्ध्वाया दिशो गोपायतो द्यौश्चादित्यश्चानु तिष्ठतो य एवं वेद ॥ १८ ॥

शैशिरौ । एनम् । मासौ । ऊर्ध्वायाः । दिशः । गोपायतः । द्यौः । च । आदित्यः । च । अनु । तिष्ठतः । यः । ० ॥१८॥

भाषार्थ—(तस्मै) उस [विद्वान्] के लिये (ऊर्ध्वायाः दिशः) ऊंची दिशा से ॥ १६ ॥ (शैशिरौ) शिशिर वाले [पतझड़ वाले, माघ—फाल्गुन] (मासौ) दो महीनों को (गोप्तारौ) दो रक्षक (अकुर्वन्) उन [विद्वानों] ने बनाया, (दिवम्) आकाश (च च) और (आदित्यम्) सूर्य को (अनुष्ठातारौ) दो अनुष्ठाता [साथ रहने वाले वा कार्य साधक] [बनाया] ॥१७॥ (शैशिरौ)

अण्, तलोपः । शीतसम्बन्धिनौ । आग्रहायणपौषौ (भूमिम्) पृथिवीम् (अग्निम्) भौतिकाग्निम् । अन्यद् गतम् ॥

१६-(तस्मै) (ऊर्ध्वायाः) उन्नतायाः ॥

१७, १८—(शिशिरौ) शिशिर अण् । शिशिरसम्बधिनौ माघ फाल्गुनौ

शिशिर वाले (मासौ) दोनों महीने (ऊर्ध्वायाः दिशः) ऊंची दिशा से (एनम्) उस [विद्वान्] की (गोपायतः) रक्षा करते हैं, (च) और [दोनों] (द्यौः) आकाश (च) और (आदित्यः) सूर्य [उसके लिये] (अनु तिष्ठतः) विहित कर्म करते हैं, (यः) जो [विद्वान्] (एवम्) व्यापक [व्रात्य परमात्मा] को (वेद) जानता है ॥ १८ ॥

भावार्थ—मन्त्र १-३ के समान है ॥ १६—१८ ॥

सूक्तम् ५ ॥

१—१६ ॥ परमात्मा देवता ॥ १, १०, १४ आर्षी गायत्री; २, १५, आर्ची त्रिष्टुप्; ३, १६ प्राजापत्याऽनुष्टुप्; ४, ६, ८, १२ स्वराट् प्राजापत्या पङ्क्तिः; ५, ७, ९, १३ ब्राह्मी गायत्री; ११ निचृद् ब्राह्मी गायत्री ॥

परमात्मान्तर्यामित्वोपदेशः—परमात्मा के अन्तर्यामी होने का उपदेश ॥

तस्मै॒ प्राच्या॑ दि॒शो अ॒न्तर्दे॒शाद् भ॒वमि॑ष्वा॒सम॑नु॒ष्ठा॒तार॑म-कुर्वन् ॥ १ ॥

तस्मै॑ । प्राच्याः॑ । दि॒शः । अ॒न्तः-दे॒शात् । भ॒वम् । इ॒षु-आ॒सम् । अ॒नु-स्था॒तार॑म् । अ॒कु॒र्व॒न् ॥ १ ॥

भ॒व ए॑नमिष्वा॒सः प्राच्या॑ दि॒शो अ॒न्तर्दे॒शाद॑नुष्ठा॒तानु॑ तिष्ठति॒ नैनं॑ श॒र्वो न भ॒वो नेशा॑नः ॥ २ ॥

भ॒वः । ए॒न॒म् । इ॒षु-आ॒सः । प्राच्याः॑ । दि॒शः । अ॒न्तः-दे॒शात् । अ॒नु-स्था॒ता । अनु॑ । ति॒ष्ठ॒ति॒ । न । ए॒न॒म् । श॒र्वः । न । भ॒वः । न । ईशा॑नः ॥ २ ॥

नास्य॑ प॒शून् न स॒मा॒नान् हि॑नस्ति॒ य ए॒वं वेद॑ ॥ ३ ॥

न । अ॒स्य॒ । प॒शून् । न । स॒मा॒नान् । हि॒न॒स्ति॒ । यः ।० ॥३॥

(दिवम्) आकाशम् (आदित्यम्) आदीप्यमानं सूर्यम् । अन्यद् गतम् ॥

भाषार्थ—(तस्मै) उस [विद्वान्] के लिये (प्राच्याः दिशः) पूर्व-दिशा के (अन्तर्देशात्) मध्यदेश से (भवम्) सर्वत्र वर्तमान परमेश्वर को (इष्वासम्) हिंसा नाशक, (अनुष्ठातारम्) अनुष्ठाता [साथ रहने वाला] (अकुर्वन्) उन [विद्वानों] ने बनाया ॥ १ ॥ (भवः) सर्वत्र वर्तमान, (इष्वासः) हिंसा निवारक, (अनुष्ठाता) साथ रहने वाला परमात्मा (प्राच्याः दिशः) पूर्व दिशा के (अन्तर्देशात्) मध्य देश से (एनम् अनु) उस [विद्वान्] के साथ (तिष्ठति) रहता है, और (एनम्) उस [विद्वान्] को (न) न (शर्वः) दुःख नाशक, (न) न (भवः) सर्वत्र वर्तमान और (न) न (ईशानः) सर्व-स्वामी परमेश्वर ॥ २ ॥ (हिनस्ति) कष्ट देता है, (न) न (अस्य) उस [विद्वान्] के (पशून्) प्राणियों को और (न) न (समानान्) [उसके] तुल्य गुण वालों को [कष्ट देता है], (यः) जो [विद्वान्] (एवम्) ऐसे वा व्यापक [व्रात्य परमात्मा] को (वेद) जानता है ॥ ३ ॥

भावार्थ—विद्वानों का मत है कि जो मनुष्य परमात्मा को सर्वव्यापक सर्वान्तर्यामी जानकर सदा सर्वत्र पुरुषार्थ करके उसका आज्ञाकारी रहता है, वह सर्वशक्तिमान् परमेश्वर सब विघ्न हटाकर उस पर उसके अनुगामियों पर अनुग्रह करता है ॥ १-३ ॥

१—(तस्मै) विदुषे (प्राच्याः) पूर्वायाः (दिशः) (अन्तर्देशात्) मध्यदेशात् (भवम्) सर्वत्र वर्तमानं परमेश्वरम् (इष्वासम्) ईषेः किच्च । उ० १ । १३ । ईष हिंसायाम्-उप्रत्ययः, कित् ह्रस्वश्च, इषु+असु क्षेपे-अण् । हिंसायाः क्षेपकं नाशकम् (अनुष्ठातारम्) सहवर्तमानम् (अकुर्वन्) ते विद्वांसः कृतवन्तः ॥

२—(भवः) सर्वत्र वर्तमानः (एनम्) विद्वांसम् (इष्वासः) हिंसा-नाशकः (प्राच्याः) (दिशः) (अन्तर्देशात्) (अनुष्ठाता) सहवर्तमानः (अनु) अनुलक्ष्य (तिष्ठति) वर्तते (न) निषेधे (शर्वः) दुःखनाशकः परमेश्वरः (न) (भवः) (न) (ईशानः) सर्वेश्वरः ॥

३—(न) निषेधे (अस्य) विदुषः (पशून्) प्राणिनः (न) (समानान्) तुल्यगुणान् पुरुषान् (हिनस्ति) दुःखयति (यः) विद्वान् (एवम्) ईदृशं व्यापकं वा व्रात्यं परमात्मानम् (वेद) जानाति ॥

तस्मै॑ दक्षि॑णाया दि॒शो अ॑न्तर्दे॒शाच्छ॒र्वमि॑ष्वा॒सम॑नुष्ठा॒तार॑मकुर्वन् ॥ ४ ॥

तस्मै॑ । दक्षि॑णायाः । दि॒शः । अ॒न्तः॒-दे॒शात् । श॒र्वम् । इ॒षु॒-आ॒सम् । ० ॥ ४ ॥

श॒र्व ए॑नमिष्वा॒सो दक्षि॑णाया दि॒शो अ॑न्तर्दे॒शाद॑नुष्ठा॒तानु॑ तिष्ठति॒ नैनं० ॥ ५ ॥

श॒र्वः । ए॒न॒म् । इ॒षु॒-आ॒सः । दक्षि॑णायाः । दि॒शः ० । ॥ ५ ॥

भाषार्थ—(तस्मै) उस [विद्वान्] के लिये (दक्षिणायाः दिशः) दक्षिण दिशा के (अन्तर्देशात्) मध्य देश से (शर्वम्) दुःखनाशक परमात्मा को (इष्वासम्) हिंसा निवारक, (अनुष्ठातारम्) साथ रहने वाला (अकुर्वन्) उन [विद्वानों] ने बनाया ॥४॥ (शर्वः) दुःखनाशक, (इष्वासः) हिंसा निवारक, (अनुष्ठाता) साथ रहने वाला जगदीश्वर (दक्षिणायाः दिशः) दक्षिण दिशा के (अन्तर्देशात्) मध्य देश से (एनम् अनु) इस [विद्वान्] के साथ (तिष्ठति) रहता है, (एनम्) उस [विद्वान्] को (न) न...... [म० २, ३] ॥ ५ ॥

भावार्थ—मन्त्र १—३ के समान है ॥ ४,५ ॥

तस्मै॑ प्र॒तीच्या॑ दि॒शो अ॑न्तर्दे॒शात् प॑शु॒पति॑मिष्वा॒सम॑नुष्ठा॒तार॑मकुर्वन् ॥ ६ ॥

तस्मै॑ । प्र॒तीच्याः॑ । दि॒शः । अ॒न्तः॒-दे॒शात् । प॒शु॒-पति॑म् । इ॒षु॒-आ॒सम् । ० ॥ ६ ॥

प॒शु॒पति॑रेनमिष्वा॒सः प्र॒तीच्या॑ दि॒शो अ॑न्तर्दे॒शाद॑नु० ॥ ७ ॥

प॒शु॒-पतिः॑ । ए॒न॒म् । इ॒षु॒-आ॒सः । प्र॒तीच्याः॑ । दि॒शः । ०॥७॥

भाषार्थ—(तस्मै) उस [विद्वान्] के लिये (प्रतीच्याः दिशः) पश्चिम

४, ५—स्पष्टं पूर्ववच्च ॥

६, ७—(प्रतीच्याः) पश्चिमायाः (पशुपतिम्) प्राणिनां रक्षकम् (पशु-

दिशा के (अन्तर्देशात्) मध्य देश से (पशुपतिम्) प्राणियों के रक्षक परमात्मा को (इष्वासम्) हिंसा हटाने वाला (अनुष्ठातारम्) साथ रहने वाला (अकुर्वन्) उन [विद्वानों] ने बनाया ॥ ६ ॥ (पशुपतिः) प्राणियों का रक्षक, (इष्वासः) हिंसा हटाने वाला (अनुष्ठाता) साथ रहने वाला परमात्मा (प्रतीच्याः दिशः) पश्चिम दिशा के (अन्तर्देशात्) मध्य देश से (एनम् अनु) उस [विद्वान्] के साथ (तिष्ठति) रहता है और (एनम्) उस [विद्वान्] को (न) न......[म० २, ३] ॥ ७ ॥

भावार्थ—मन्त्र १–३ के समान है ॥ ६, ७ ॥

तस्मा उदीच्या दिशो अन्तर्देशादुग्रं देवमिष्वासमनुष्ठातारमकुर्वन् ॥ ८ ॥

तस्मै । उदीच्याः । दिशः । अन्तः-देशात् । उग्रम् । देवम् । इषु-आसम् । ० ॥ ८ ॥

उग्र एनं देव इष्वास उदीच्या दिशो अन्तर्देशादनु० ॥९॥

उग्रः । एनम् । देवः । इषु-आसः । उदीच्याः । दिशः ।०॥९॥

भाषार्थ—(तस्मै) उस [विद्वान्] के लिये (उदीच्याः दिशः) उत्तर दिशा के (अन्तर्देशात्) मध्यदेश से (उग्रम्) प्रचण्ड स्वभाव वाले (देवम्) प्रकाशमय परमात्मा को (इष्वासम्) हिंसा हटाने वाला, (अनुष्ठातारम्) साथ रहने वाला (अकुर्वन्) उन [विद्वानों] ने बनाया ॥ ८ ॥ (उग्रः) प्रचण्ड स्वभाव वाला, (देवः) प्रकाशमय, (इष्वासः) हिंसा हटाने वाला, (अनुष्ठाता) साथ रहने वाला परमात्मा (उदीच्याः दिशः) उत्तर दिशा के (अन्तर्देशात्) मध्य देश से (एनम् अनु) उस [विद्वान्] के साथ (तिष्ठति) रहता है, (एनम्) उस [विद्वान्] को (न) न...... [मन्त्र २, ३] ॥ ९ ॥

भावार्थ—मन्त्र १–३ के समान है ॥ ८, ९ ॥

पतिः) प्राणिनां रक्षकः । अन्यत् पूर्ववत् ॥

८, ९—(उदीच्याः) उत्तरायाः (उग्रम्) प्रचण्डस्वभावम् (देवम्) प्रकाशमयम् । अन्यत् पूर्ववत् स्पष्टं च ॥

तस्मै ध्रुवाया दिशो अन्तर्देशाद् रुद्रमिष्वासमनुष्ठातारमकुर्वन् ॥ १० ॥

तस्मै । ध्रुवायाः । दिशः । अन्तः-देशात् । रुद्रम् । इषु-आसम् । ० ॥ १० ॥

रुद्र एनमिष्वासो ध्रुवाया दिशो अन्तर्देशादनु ० ॥ ११ ॥

रुद्रः । एनम् । इषु-आसः । ध्रुवायाः । दिशः । ० ॥ ११ ॥

भाषार्थ—(तस्मै) उस [विद्वान्] के लिये (ध्रुवायाः दिशः) नीची दिशा के (अन्तर्देशात्) मध्य देश से (रुद्रम्) शत्रुनाशक परमेश्वर को (इष्वासम्) हिंसा हटाने वाला, (अनुष्ठातारम्) साथ रहने वाला (अकुर्वन्) उन [विद्वानों] ने बनाया ॥ १० ॥ (रुद्रः) शत्रुनाशक, (इष्वासः) हिंसा हटाने वाला (अनुष्ठाता) साथ रहने वाला परमात्मा (ध्रुवायाः दिशः) नीची दिशा के (अन्तर्देशात्) मध्य देश से (एनम् अनु) उस [विद्वान्] के साथ (तिष्ठति) रहता है, और (एनम्) उस [विद्वान्] को (न) न...... [म० २,]३ ॥ ११ ॥

भावार्थ—मन्त्र १—३ के समान है ॥ १०, ११ ॥

तस्मा ऊर्ध्वाया दिशो अन्तर्देशान्महादेवमिष्वासमनुष्ठातारमकुर्वन् ॥ १२ ॥

तस्मै । ऊर्ध्वायाः । दिशः । अन्तः-देशात् । महा-देवम् । इषु-आसम् । ० ॥ १२ ॥

महादेव एनमिष्वास ऊर्ध्वाया दिशो अन्तर्देशादनु ०।१३

महा-देवः । एनम् । इषु-आसः । ऊर्ध्वायाः । दिशः । अन्तः-देशात् । अनु-स्थाता । ० ॥ १३ ॥

१०, ११—(ध्रुवायाः) अधोवर्तमानायाः (रुद्रम्) रुङ् गतिहिंसयोः-क्विप् तुक् च + रुङ् हिंसायाम्—ड । शत्रुनाशकम् । अन्यत् पूर्ववत् स्पष्टं च ॥

भाषार्थ—(तस्मै) उस [विद्वान्] के लिये (ऊर्ध्वायाः दिशः) ऊंची दिशा के (अन्तर्देशात्) मध्य देश से (महादेवम्) महादेव [बड़े प्रकाशमय] परमेश्वर को (इष्वासम्) हिंसा हटाने वाला (अनुष्ठातारम्) साथ रहने वाला (अकुर्वन्) उन [विद्वानों] ने बनाया ॥ १२ ॥ (महादेवः) महादेव [बड़ा प्रकाशमय] (इष्वासः) हिंसा हटाने वाला (अनुष्ठाता) साथ रहने वाला परमात्मा (ऊर्ध्वायाः दिशः) ऊंची दिशा के (अन्तर्देशात्) मध्य देश से (एनम् अनु) उस [विद्वान्] के साथ (तिष्ठति) रहता है, और (एनम्) उस [विद्वान्] को (न) न ...... [म० २, ३] ॥ १३ ॥

भावार्थ—मन्त्र १—३ के समान है ॥ १२, १३ ॥

तस्मै॑ सर्वे॑भ्यो अन्तर्दे॒शेभ्य॒ ईशा॑नमिष्वा॒सम॑नुष्ठा॒तार॑मकुर्वन् ॥ १४ ॥

तस्मै॑ । सर्वे॑भ्यः । अ॒न्तः॒ऽदे॒शेभ्यः॑ । ईशा॑नम् । इ॒षु॒ऽआ॒सम् । अ॒नु॒ऽस्था॒तार॑म् । अ॒कु॒र्व॒न् ॥ १४ ॥

ईशा॑न एनमिष्वा॒सः सर्वे॑भ्यो अन्तर्दे॒शेभ्यो॑ऽनुष्ठा॒तानु॑ तिष्ठति॒ नैनं॑ श॒र्वो न भ॒वो नेशा॑नः ॥ १५ ॥

ईशा॑नः । ए॒न॒म् । इ॒षु॒ऽआ॒सः । सर्वे॑भ्यः । अ॒न्तः॒ऽदे॒शेभ्यः॑ । अ॒नु॒ऽस्था॒ता । अनु॑ । ति॒ष्ठ॒ति॒ । न । ए॒न॒म् । श॒र्वः । न । भ॒वः । न । ईशा॑नः ॥ १५ ॥

नास्य॑ प॒शून् न स॑मा॒नान् हि॑नस्ति॒ य ए॒वं वेद॑ ॥ १६ ॥

न । अ॒स्य॒ । प॒शून् । न । स॒मा॒नान् । हि॒न॒स्ति॒ । यः । ० ॥ १६ ॥

भाषार्थ—(तस्मै) उस [विद्वान्] के लिये (सर्वेभ्यः) सब (अन्तर्देशेभ्यः) मध्यदेशों से (ईशानम्) सब के स्वामी परमात्मा को (इष्वासम्) हिंसा हटाने वाला (अनुष्ठातारम्) साथ रहने वाला (अकुर्वन्) उन

१२, १३—(ऊर्ध्वायाः) उपरिवर्तमानायाः (महादेवम्) महाप्रकाशमयम् । अन्यत् पूर्ववत् स्पष्टं च ॥

१४, १५, १६—(अन्तर्देशेभ्यः) मध्यदेशेभ्यः (ईशानम्) सर्वस्वामिनम् ।

[विद्वानों] ने बनाया ॥ १४ ॥ (ईशानः) सब का स्वामी, (इष्वासः) हिंसा हटाने वाला (अनुष्ठाता) साथ रहने वाला परमात्मा (सर्वेभ्यः अन्तर्देशेभ्यः) सब मध्य देशों से (एनम् अनु) उस [विद्वान्] के साथ (तिष्ठति) रहता है, और (एनम्) उस [विद्वान्] को (न) न (शर्वः) दुःखनाशक, (न) न (भवः) सर्वत्र वर्तमान (न) न (ईशानः) सर्वस्वामी परमेश्वर ॥ १५ ॥ (हिनस्ति) कष्ट देता है, (न) न (अस्य) उस [विद्वान्] के (पशून्) प्राणियों को और (न) न [उसके] (समानान्) तुल्य गुण वालों को [कष्ट देता है], (यः) जो [विद्वान्] (एवम्) ऐसे वा व्यापक [व्रात्य परमात्मा] को (वेद) जानता है ॥ १६ ॥

भावार्थ—मन्त्र १—३ के समान है ॥ १४, १५, १६ ॥

सूक्तम् ६ ॥

१—२६ ॥ व्रात्यो देवता, १, ४ आसुरी पङ्क्तिः; २, १७ आर्ची पङ्क्तिः; ३ आर्षी पङ्क्तिः; ५, ११ साम्नी त्रिष्टुप्; ६, १२ निचृदार्ची बृहती; ७,१०, १३, १६, २४ आसुरी बृहती; ८ साम्नी पङ्क्तिः; ९ प्राजापत्या त्रिष्टुप्; १४, २३ आर्ची त्रिष्टुप्; १५, १८ विराडार्षी जगती; १९ आर्च्युष्णिक्; २० साम्न्यनुष्टुप्; २१ आर्ची बृहती; २२ आर्ष्युष्णिक्; २५ आर्च्यनुष्टुप्, २६ विराडार्षी बृहती ॥

ईश्वरस्य सर्वस्वामित्वोपदेशः—ईश्वर के सर्वस्वामी होने का उपदेश ॥

स ध्रुवां दिशमनु व्यचलत् ॥ १ ॥ सः । ध्रुवाम् । दिशम् । अनु । वि । अचलत् ॥ १ ॥

तं भूमिश्चाग्निश्चौषधयश्च वनस्पतयश्च वानस्पत्याश्च वीरुधश्चानुव्यचलन् ॥ २ ॥

तम् । भूमिः । च । अग्निः । च । ओषधयः । च । वनस्पतयः । च । वानस्पत्याः । च । वीरुधः । च । अनु-व्यचलन् ॥ २ ॥

भूमेश्च वै सो३ऽग्नेश्चौषधीनां च वनस्पतीनां च वानस्पत्यानां च वीरुधां च प्रियं धाम भवति य एवं वेद ॥ ३ ॥

अन्यत् पूर्ववत्—म० १—३, स्पष्टं च ॥

भूमेः । च । वै । सः । अग्नेः । च । ओषधीनाम् । च । वनस्पतीनाम् । च । वानस्पत्यानाम् । च । वीरुधाम् । च । प्रियम् । धाम । भवति । यः । ० ॥ ३ ॥

भाषार्थ—(सः) वह [व्रात्य परमात्मा] (ध्रुवाम्) नीची (दिशम् अनु) दिशा की ओर (वि अचलत्) विचरा ॥ १ ॥ (भूमिः) भूमि (च च) और (अग्निः) अग्नि [भौतिक अग्नि] (च) और (ओषधयः) ओषधें [जौ, गेहूं, चावल आदि अन्न] (च) और (वनस्पतयः) वनस्पतियां [पीपल आदि वृक्ष] (च) और (वानस्पत्याः) वनस्पतियों से उत्पन्न पदार्थ [काष्ठ फूल, फल, मूल, रस आदि] (च) और (वीरुधः) लतायें [सोमलता आदि] (तम्) उस [व्रात्य परमात्मा] के (अनुव्यचलन्) पीछे विचरे ॥२ ॥ (सः) वह [विद्वान्] (वै) निश्चय करके (भूमेः) भूमि का (च च) और (अग्नेः) अग्नि का (च) और (ओषधीनाम्) ओषधियों का (च) और (वनस्पतीनाम्) वनस्पतियों का (च) और (वानस्पत्यानाम्) वनस्पतियों से उत्पन्न पदार्थों का (च) और (वीरुधाम्) लताओं का (प्रियम्) प्रिय (धाम) धाम [घर] (भवति) होता है, (यः) जो [विद्वान्] (एवम्) ऐसे वा व्यापक [व्रात्य परमात्मा] को (वेद) जानता है ॥ ३ ॥

भावार्थ—जब विद्वान् पुरुष परमात्मा को नीची आदि दिशाओं में सर्वव्यापक और सर्वनियन्ता जानकर उसके उत्पन्न किये पृथिवी आदि पदार्थों का तत्त्वज्ञान प्राप्त करता है, तब वह उनसे यथावत् उपकार लेकर सुख पाता है ॥ १—३ ॥

१—(सः) व्रात्यः (ध्रुवाम्) अधोवर्तमानाम् (दिशम्) (अनु) अनुलक्ष्य (व्यचलत्) विचरितवान् ॥

२—(तम्) व्रात्यम् (भूमिः) (च) (अग्निः) भौतिकाग्निः (ओषधयः) यवव्रीह्याद्यन्नानि (च) (वनस्पतयः) पिप्पलादयो वृक्षाः (वानस्पत्याः) वनस्पति—ण्य । वनस्पतिभ्य उत्पन्नाः काष्ठपुष्पफलमूलरसादयः (च) (वीरुधः) सोमलतादयः (च) (अनुव्यचलन्) अनुसृत्य व्यचरन् ॥

३—(धाम) गृहम् (एवम्) सू० २ म० ३ । इण् गतौ—वन् । ईदृशं व्यापकं वा व्रात्यम् । अन्यद् गतं सुगमं च ॥

स ऊर्ध्वां दिश॒मनु॒ व्य॑चलत् ॥४॥ सः । ऊर्ध्वाम् । दिश॑म् ०॥४॥

तमृतं च॑ स॒त्यं च॒ सूर्य॑श्च च॒न्द्रश्च॒ नक्ष॑त्राणि चानु॒व्य॑चलन् ॥५

तम् । ऋ॒तम् । च॒ । स॒त्यम् । च॒ । सूर्यः॑ । च॒ । च॒न्द्रः । च॒ । नक्ष॑त्राणि । च॒ । ० ॥ ५ ॥

ऋ॒तस्य॑ च॒ वै स स॒त्यस्य॑ च॒ सूर्य॑स्य च च॒न्द्रस्य॑ च॒ नक्ष॑त्राणां च प्रि॒यं धाम॑ भवति॒ य ए॒वं वेद॑ ॥ ६ ॥

ऋ॒तस्य॑ । च॒ । वै । सः । स॒त्यस्य॑ । च॒ । सूर्य॑स्य । च॒ । च॒न्द्रस्य॑ । च॒ । नक्ष॑त्राणाम् । च॒ । ० ॥ ६ ॥

भाषार्थ—(सः) वह [व्रात्य परमात्मा] (ऊर्ध्वाम्) ऊंची (दिशम् अनु) दिशा की ओर (वि अचलत्) विचरा ॥ ४ ॥ (ऋतम्) यथार्थ विज्ञान (च च) और (सत्यम्) [विद्यमान जगत् का हितकारी] अविनाशी कारण (च) और (सूर्यः) सूर्य (च) और (चन्द्रः) चद्रमा (च) और (नक्षत्राणि) चलने वाले तारे (तम्) उस [व्रात्य परमात्मा] के (अनुव्यचलन्) पीछे विचरे ॥ ५ ॥ (सः) वह [विद्वान् पुरुष] (वै) निश्चय करके (ऋतस्य) सत्य विज्ञान का (च च) और (सत्यस्य) [विद्यमान जगत् के हितकारी] अविनाशी कारण का (च) और (सूर्यस्य) सूर्य का (च) और (चन्द्रस्य) चन्द्रमा का (च) और (नक्षत्राणाम्) चलने वाले तारागणों का (प्रियम्) प्रिय (धाम) धाम [घर] (भवति) होता है, (यः) जो [विद्वान्] (एवम्) ऐसे वा व्यापक [व्रात्य परमात्मा] को (वेद) जानता है ॥ ६ ॥

भावार्थ—परमात्मा के सामर्थ्य से ही अविनाशी विज्ञान और जगत् का नित्य कारण और कार्यरूप सूर्य आदि पदार्थ उत्पन्न होते हैं, ऐसा दृढ़ ज्ञानी पुरुष ईश्वरीय सत्यज्ञान को, कारणरूप और कार्यरूप जगत् को यथावत् जानकर आनन्द पाता है॥ ४, ५, ६ ॥

४—(सः) व्रात्यः (ऊर्ध्वाम्) उपरिवर्तमानाम् ॥

५, ६, (तम्) व्रात्यम् (ऋतम्) यथार्थविज्ञानम् (च) (सत्यम्) सत्—यत् । सते विद्यमानाय जगते हितम् । अविनाशि कारणम् (नक्षत्राणि) णक्ष गतौ—अत्रन् । गतिमन्तस्तारागणाः । अन्यद् गतं स्पष्टं च ॥

स उत्त॑मां दिश॒मनु॒ व्य॑चलत् ॥७॥ सः । उत्ऽत॒माम् । दिश॑म् ।०७

तमृच॑श्च॒ सामा॑नि च॒ यजूं॑षि च॒ ब्रह्म॑ चानु॒व्य॑चलन् ॥ ८ ॥

तम् । ऋच॑ः । च॒ । सामा॑नि । च॒ । यजूं॑षि । च॒ । ब्रह्म॑ । च॒ ।०८

ऋ॒चां च॒ वै स साम्नां॑ च॒ यजु॑षां च॒ ब्रह्म॑णश्च प्रि॒यं धाम॑ भवति॒ य ए॒वं वेद॑ ॥ ९ ॥

ऋ॒चाम् । च॒ । वै । सः । साम्ना॑म् । च॒ । यजु॑षाम् । च॒ । ब्रह्म॑णः । च॒ । ० ॥ ९ ॥

भाषार्थ—(सः) वह [व्रात्य परमात्मा] (उत्तमाम्) अत्यन्त ऊंची (दिशम् अनु) दिशा की ओर (वि अचलत्) विचरा ॥ ७ ॥ (ऋचः) ऋग्वेद की ऋचायें [अर्थात् पदार्थों के गुण बताने वाले मन्त्र] (च च) और (सामानि) सामवेद के मन्त्र [अर्थात् मोक्ष प्रतिपादक मन्त्र] (च) और (यजूंषि) यजुर्वेद के मन्त्र [अर्थात् सत्कर्म प्रकाशक ज्ञान] (च) और (ब्रह्म) अथर्ववेद [अर्थात् ब्रह्मज्ञान] (तम्) उस [व्रात्य परमात्मा] के (अनुव्यचलन्) पीछे चले ॥ ८ ॥ (सः) वह [विद्वान्] (वै) निश्चय करके (ऋचाम्) ऋग्वेद की ऋचाओं का (च च) और (साम्नाम्) सामवेद के मन्त्रों का (च) और (यजुषाम्) यजुर्वेद के मन्त्रों का (च) और (ब्रह्मणः) अथर्ववेद का (प्रियम्) प्रिय (धाम) धाम [घर] (भवति) होता है, (यः) जो [विद्वान्] (एवम्) ऐसे वा व्यापक [व्रात्य परमात्मा] को (वेद) जानता है ॥ ९ ॥

भावार्थ—मनुष्य वेदों में प्रतिपादित ईश्वरीय ज्ञान को ऊंचे से ऊंचे स्थान में साक्षात् करके उन्नति करता हुआ मोक्षानन्द भोगता है ॥ ७, ८, ९ ॥

७—(सः) व्रात्यः (उत्तमाम्) अतिशयेनोन्नताम् । अन्यद् गतम् ॥

८, ९—(तम्) व्रात्यम् (ऋचः) पदार्थानां गुणप्रकाशका मन्त्राः (सामानि) मोक्षप्रतिपादकमन्त्राः (यजूंषि) सत्कर्मप्रकाशकज्ञानानि (ब्रह्म) ब्रह्मज्ञानप्रतिपादकोऽथर्ववेदः । अन्यद् गतं सुगमं च ॥

स बृ॑हृतीं दिश॒मनु॒व्य॑चलत् ॥१०॥ सः । बृ॒हृतीम् । दिश॑म् । ० ॥१०॥

तमि॑तिहा॒सश्च॑ पुरा॒णं च॒ गाथा॑श्च नाराशं॒सीश्चा॑नु॒व्य॑चलन् ॥११

तम् । इ॒ति॒ह॒-आ॒सः । च॒ । पु॒रा॒णम् । च॒ । गाथा॑: । च॒ । ना॒रा॒शं॒सीः । च॒ । ० ॥ ११ ॥

इ॒ति॒हा॒सस्य॑ च॒ वै स पु॑रा॒णस्य॑ च॒ गाथा॑नां च नाराशं॒सीनां॑ च प्रि॒यं धाम॑ भवति॒ य ए॒वं वेद॑ ॥ १२ ॥

इ॒ति॒ह॒-आ॒सस्य॑ । च॒ । वै । सः । पु॒रा॒णस्य॑ । च॒ । गाथा॑नाम् । च॒ । ना॒रा॒शं॒सीना॑म् । च॒ । ० ॥ १२ ॥

भाषार्थ—(सः) वह [व्रात्य परमात्मा] (बृहतीम्) बड़ी (दिशम् अनु) दिशा की ओर (वि अचलत्) विचरा ॥ १० ॥ (इतिहासः) इतिहास [बड़े लोगों का वृत्तान्त] (च च) और (पुराणम्) पुराण [पुराने लोगों का वृत्तान्त] (च) और (गाथाः) गाथायें [गाने योग्य वेदमन्त्र, शिक्षाप्रद श्लोक आदि] (च) और (नाराशंसीः) नाराशंसी [वीर नरों की गुण-कथायें] (तम्) उस [व्रात्य परमात्मा] के (अनुव्यचलन्) पीछे चलीं ॥११॥ (सः) वह [विद्वान्] पुरुष (वै) निश्चय करके (इतिहासस्य) इतिहास का (च च) और (पुराणस्य) पुराण का (च) और (गाथानाम्) गाथाओं का (च) और (नाराशंसीनाम्) नाराशंसियों का (प्रियम्) प्रिय (धाम)

१०—(सः) व्रात्यः परमात्मा (बृहतीम्) प्रवृद्धाम् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

११, १२—(तम्) व्रात्यम् (इतिहासः) इतिह पारम्पर्य्योपदेश आस्तेऽस्मिन् । इतिह+आस उपवेशने विद्यमानतायां च—घञ् । महापुरुषाणां वृत्तान्तः (च) (पुराणम्) प्राचीनपुरुषाणां वृत्तान्तः (च) (गाथाः) उषि-कुषिगार्तिभ्यस्थन् । उ० २ । ४ । गै गाने-थन् । गानयोग्या वेदमन्त्राः । शिक्षाप्रदाः श्लोकादयः (नाराशंसीः) अ० १४ । १ । ७ । नर+शंसु स्तुतौ-अण् । दीर्घश्च, ततः स्वार्थे-अण्, ङीप् । येन नराः प्रशस्यन्ते स नाराशंसो मन्त्रः—निरु० ६ ।

धाम [घर] (भवति) होता है, (यः) जो [विद्वान्] (एवम्) ऐसे वा व्यापक [व्रात्य परमात्मा] को (वेद) जानता है ॥ १२ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य परमात्मा के गुण कर्म स्वभाव के साथ उत्तम मनुष्यों के गुण कर्म स्वभाव का उपदेश करता है, वह इतिहास पुराण आदि द्वारा कीर्ति पाता है ॥ १०, ११, १२ ॥

मन्त्र १०—१२ महर्षि दयानन्दकृत ऋग्वेदादि भाष्यभूमिका वेदसंज्ञा—विचार पृष्ठ ८२ में उद्धृत हैं ॥

स पर॒मां दिश॒मनु॒ व्य॑चलत् ॥१३॥ सः । प॒र॒माम् । दिश॑म् ।०।।१३।।

तमा॑हव॒नीय॑श्च॒ गार्ह॑पत्यश्च दक्षिणा॒ग्निश्च॑ य॒ज्ञश्च॒ यज॑मा-नश्च प॒शव॑श्चानु॒व्य॑चलन् ॥ १४ ॥

तम् । आ॒-ह॒व॒नीय॑ः । च॒ । गार्ह॑-पत्यः । च॒ । द॒क्षि॒ण॒-अ॒ग्निः । च॒ । य॒ज्ञः । च॒ । यज॑मानः । च॒ । प॒शव॑ः । च॒ । ० ॥ १४ ॥

आ॒ह॒व॒नीय॑स्य च॒ वै स गार्ह॑पत्यस्य च दक्षिणा॒ग्नेश्च॑ य॒ज्ञस्य॑ च॒ यज॑मानस्य च प॒शूनां॑ च॑ प्रि॒यं धाम॑ भवति॒ य ए॒वं वेद॑ १५

आ॒-ह॒व॒नीय॑स्य । च॒ । वै । सः । गार्ह॑-पत्यस्य । च॒ । द॒क्षि॒ण॒-अ॒ग्नेः । च॒ । य॒ज्ञस्य॑ । च॒ । यज॑मानस्य । च॒ । प॒शूनाम् । च॒ । ० ॥ १५ ॥

भाषार्थ—(सः) वह [व्रात्य परमात्मा] (परमाम्) सब से दूर (दिशम् अनु) दिशा की ओर (वि अचलत्) विचरा ॥ १३ ॥ (आहवनीयः)

---

९ । वीरनराणां कीर्तनानि (अनुव्यचलन्) अनुसृत्य व्यचरन् । अन्यत् पूर्ववत् स्पष्टं च ॥

१३—(सः) व्रात्यः परमात्मा (परमाम्) अतिदूराम् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

१४, १५—(तम्) व्रात्यम् (आहवनीयः) आङ्+हु दानादानादनेषु—

आहवनीय [यज्ञ की अग्नि विशेष] (च च) और (गार्हपत्यः) गार्हपत्य [गृहपत की सिद्ध की हुयी यज्ञाग्नि विशेष] (च) और (दक्षिणाग्निः) दक्षिण-अग्नि [यज्ञाग्नि विशेष] (च) और (यज्ञः) यज्ञ (च) और (यजमानः) यजमान [यज्ञकर्ता] (च) और (पशवः) सब प्राणी (तम्) उस [व्रात्य परमात्मा] के (अनुव्यचलन्) पीछे विचरे ॥ १४ ॥ (सः) वह [विद्वान् पुरुष] (वै) निश्चय करके (आहवनीयस्य) आहवनीय [अग्नि] का (च च) और (गार्हपत्यस्य) गार्हपत्य [अग्नि] का (च) और (दक्षिणाग्नेः) दक्षिण अग्नि का (च) और (यज्ञस्य) यज्ञ का (च) और (यजमानस्य) यजमान का (च) और (पशूनाम्) सब प्राणियों का (प्रियम्) प्रिय (धाम) धाम [घर] (भवति) होता है, (यः) जो [विद्वान्] (एवम्) ऐसे वा व्यापक [व्रात्य परमात्मा] को (वेद) जानता है ॥ १५ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य परमात्मा में ध्यान लगा कर संसार के उपकारी अग्निहोत्र आदि यज्ञ तथा विद्यादान और विद्वानों के सत्कार आदि यज्ञ करता है, वह परमात्मा का भक्त संसार में अति प्रशंसनीय होता है ॥ १३, १४, १५ ॥

सोऽनादिष्टां दिशमनु व्यचलत् ॥ १६ ॥

सः । अनादिष्टाम् । दिशम् । ० ॥ १६ ॥

तमृतवश्चार्तवाश्च लोकाश्च लौक्याश्च मासाश्चार्धमासाश्चाहोरात्रे चानुव्यचलन् ॥ १७ ॥

तम् । ऋतवः । च । आर्तवाः । च । लोकाः । च । लौक्याः । च । मासाः । च । अर्ध-मासाः । च । अहोरात्रे इति । च० १७

ऋतूनां च वै स आर्तवानां च लोकानां च लौक्यानां च मासानां चार्धमासानां चाहोरात्रयोश्च प्रियं धाम भवति य एवं वेद ॥ १८ ॥

अनीयर् । यज्ञाग्निविशेषः (गार्हपत्यः) गृहपतिना संयुक्तो यज्ञाग्निविशेषः (दक्षिणाग्निः) यज्ञाग्निविशेषः (यज्ञः) सद्व्यवहारः (यजमानः) यज्ञकर्ता (पशवः) सर्वे प्राणिनः । अन्यत् पूर्ववत् सुगमं च ॥

ऋतूनाम् । च । वै । सः । आर्तवानाम् । च । लोकानाम् । च । लौक्यानाम् । च । मासानाम् । च । अर्ध-मासानाम् । च । अहोरात्रयोः । च । ० ॥ १८ ॥

भाषार्थ—(सः) वह [व्रात्य परमात्मा] (अनादिष्टाम्) बिना बताई हुयी (दिशम् अनु) दिशा की ओर (वि अचलत्) विचरा ॥ १६ ॥ (लोकाः) सब लोक (च च) और (लौक्याः) लोकों में रहने वाले (च) और (ऋतवः) ऋतुयें (च) और (आर्तवाः) ऋतुओं में उत्पन्न हुये पदार्थ (च) और (मासाः) महीने (च) और (अर्धमासाः) आधे महीने (च) और (अहोरात्रे) दिन राति (तम्) उस [व्रात्य परमात्मा] के (अनुव्यचलन्) पीछे विचरे ॥ १७ ॥ (सः) वह [विद्वान्] पुरुष (वै) निश्चय करके (लोकानाम्) सब लोकों का (च च) और (लौक्यानाम्) लोकों में रहने वालों का (च) और (ऋतूनाम्) ऋतुओं का (च) और (आर्तवानाम्) ऋतुओं में उत्पन्न हुये पदार्थों का (च) और (मासानाम्) महीनों का (च) और (अर्धमासानाम्) आधे महीनों का (च) और (अहोरात्रयोः) दोनों दिन राति का (प्रियम्) प्रिय (धाम) धाम [घर] (भवति) होता है, (यः) जो [विद्वान्] (एवम्) ऐसे वा व्यापक [व्रात्य परमात्मा] को (वेद) जानता है ॥ १८ ॥

भावार्थ—मनुष्य को योग्य है कि परमात्मा को सब लोकों, लोक वालों और ऋतुओं आदि का स्वामी जानकर सब पदार्थों का विवेकी होवे और उन से यथावत् उपकार लेकर आनन्द पावे ॥ १६, १७, १८ ॥

सोऽनावृत्तां दिशमनु व्यचलत् ततो नावर्त्स्यन्नमन्यत ॥ १९ ॥

सः । अनावृत्ताम् । दिशम् । अनु । वि । अचलत् । ततः । न । आ-वर्त्स्यन् । अमन्यत ॥ १९ ॥

१६—(सः) व्रात्यः (अनादिष्टाम्) अज्ञापिताम् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

१७, १८—(तम्) व्रात्यम् (ऋतवः) वसन्तादयः (आर्तवाः) ऋतुभवाः पदार्थाः (लोकाः) भुवनानि (लौक्याः) लोक—यय । लोकभवाः पदार्थाः (मासाः) (अर्धमासाः) (अहोरात्रे) रात्रिदिने । अन्यत् पूर्ववत् सुगमं च ॥

तं दितिश्चादितिश्चेडा चेन्द्राणी चानुव्यचलन् ॥ २० ॥

तम् । दितिः । च । अदितिः । च । इडा । च । इन्द्राणी । च । अनु-व्यचलन् ॥ २० ॥

दितेश्च वै सोऽदितेश्चेडायाश्चेन्द्राण्याश्च प्रियं धाम भवति य एवं वेद ॥ २१ ॥

दितेः । च । वै । सः । अदितेः । च । इडायाः । च । इन्द्राण्याः । च । प्रियम् । ० ॥ २१ ॥

भाषार्थ—(सः) वह [व्रात्य परमात्मा] (अनावृत्ताम्) अनावृत [विना अभ्यास की हुयी, मनुष्य की बिना जानी] (दिशम् अनु) दिशा की ओर (वि अचलत्) विचरा, (ततः) उस [दिशा] से वह (न) नहीं (आवर्त्स्यन्) लौटेगा—(अमन्यत) उस [विद्वान्] ने माना ॥ १९ ॥ (दितिः) दिति [खण्डित विकृति अर्थात् कार्यरूप नाशवान् सृष्टि] (च च) और (अदितिः) अदिति [अखण्डित प्रकृति अर्थात् जगत् की अविनाशी परमाणु रूप सामग्री] (च) और (इडा) इड़ा [प्राप्ति योग्य वेदवाणी] (च) और (इन्द्राणी) इन्द्राणी [इन्द्र अर्थात् जीव की शक्ति] (तम्) उस [व्रात्य परमात्मा] के (अनुव्यचलन्) पीछे विचरे ॥ २० ॥ (सः) वह [विद्वान्] पुरुष (वै) निश्चय करके (दितेः) दिति [नाशवान् सृष्टि] का (च च) और (अदितेः) [अदिति अविनाशी परमाणु रूप सामग्री] का (च) और (इडायाः) इड़ा [वेदवाणी] का (च) और (इन्द्राण्याः) इन्द्राणी [जीव का शक्ति] का (प्रियम्) प्रिय (धाम) धाम [घर] (भवति) होता है, (यः)

१९—(सः) व्रात्यः (अनावृत्ताम्) अनभ्यस्ताम् । अज्ञाताम् (ततः) तद्दिक्सकाशात् (न) (निषेधे) (आवर्त्स्यन्) आवृत्तिं पुनर्गमनं कर्तुमिच्छन् भविष्यति (अमन्यत) अबुध्यत विद्वान् पुरुषः । अन्यत् पूर्ववत् ॥

२०, २१—(तम्) व्रात्यम् (दितिः) दो अवखण्डने-क्तिच् । खण्डिता विकृतिः । कार्यरूपा नाशशीला सृष्टिः (अदितिः) दो अवखण्डने—क्तिन् । अखण्डिता प्रकृतिः । अविनाशिनी परमाणुरूपा सामग्री (इडा) वेदवाणी

जो [विद्वान्] (एवम्) ऐसे वा व्यापक [व्रात्य परमात्मा] को (वेद) जानता है ॥ २१ ॥

भावार्थ—परमात्मा की अपार, अनादि और अनन्त शक्ति है, मनुष्य जितना जितना खोजता है, उतना उतना ही जगदीश्वर की सृष्टि और परमाणु रूप सामग्री को अनादि अनन्त ही पाता जाता है और वेद द्वारा अपनी शक्ति बढ़ाता हुआ आनन्द मनाता चला चलता है ॥ १६, २०, २१ ॥

स दिशोऽनु व्यचलत् तं विराडनु व्यचलत् सर्वे च देवाः सर्वाश्च देवताः ॥ २२ ॥

सः । दिशः । अनु । वि । अचलत् । तम् । वि-राट् । अनु । वि । अचलत् । सर्वे । च । देवाः । सर्वाः । च । देवताः ॥ २२

विराजश्च वै स सर्वेषां च देवानां सर्वासां च देवतानां प्रियं धाम भवति य एवं वेद ॥ २३ ॥

वि-राजः । च । वै । सः । सर्वेषाम् । च । देवानाम् । सर्वासाम् । च । देवतानाम् । प्रियम् । ० ॥ २३ ॥

भाषार्थ—(सः) वह [व्रात्य परमात्मा (दिशः अनु) सब दिशाओं की ओर (वि अचलत्) विचरा, (विराट्) विराट् [विविध पदार्थों से प्रकाशमान ब्रह्माण्डरूप संसार] (तम् अनु) उस [व्रात्य परमात्मा] के पीछे (वि अचलत्) विचरा, (च) और (सर्वे) सब (देवाः) दिव्यपदार्थ (च) और (सर्वाः) सब (देवताः) दिव्य शक्तियां [उसके पीछे विचरीं] ॥ २२ ॥ (सः) वह [विद्वान्] पुरुष (वै) निश्चय करके (विराजः) विराट् [विविध पदार्थों से प्रकाशमान संसार] का (च च) और (सर्वेषाम्) सब (देवानाम्) उत्तम पदार्थों का (च) और (सर्वासाम्) सब (देवतानाम्)

निघ० १ । ११ (इन्द्राणी) इन्द्रस्य जीवस्य पत्नी विभूतिः शक्तिः । अन्यत् पूर्ववत् स्पष्टं च ॥

२२, २३—(सः) व्रात्यः (दिशः) सर्वाः दिशाः (तम्) व्रात्यम् (विराट्) वि+राजृ दीप्तौ—क्विप् । विविधपदार्थैः प्रकाशमानो ब्रह्माण्डरूपसंसारः

उत्तम शक्तियों का (प्रियम्) प्रिय (धाम) धाम [घर] (भवति) होता है, (यः) जो [विद्वान्] (एवम्) ऐसे वा व्यापक [व्रात्य परमात्मा] को (वेद) जानता है ॥ २३ ॥

भावार्थ—यह संसार, दिव्यपदार्थ और उनकी दिव्यशक्तियां परमात्मा से सब दिशाओं में प्रसिद्ध हुई हैं, उस परमात्मा को साक्षात् करने वाला मनुष्य सब उत्तम पदार्थों और गुणों का विवेकी होकर संसार का प्रिय होता है ॥ २२, २३ ॥

ऋग्वेद १० । ६० । ५ तथा यजुर्वेद ३१ । ५ में ऐसा वर्णन है—(ततो विराडजायत विराजो अधिपूरुषः) उस [पूर्ण पुरुष परमात्मा] से विराट् [विविध पदार्थों से प्रकाशमान संसार] उत्पन्न हुआ, विराट् [संसार] के ऊपर [अधिष्ठाता] पुरुष [परिपूर्ण परमात्मा] है ॥

स सर्वानन्तर्देशाननु व्यचलत् ॥ २४ ॥

सः । सर्वान् । अन्तः-देशान् । अनु । वि । अचलत् ॥ २४ ॥

तं प्रजापतिश्च परमेष्ठी च पिता च पितामहश्चानुव्यचलन् ॥ २५ ॥

तम् । प्रजा-पतिः । च । परमे-स्थी । च । पिता । च । पितामहः । च । अनु-व्यचलन् ॥ २५ ॥

प्रजापतेश्च वै स परमेष्ठिनश्च पितुश्च पितामहस्य च प्रियं धाम भवति य एवं वेद ॥ २६ ॥

प्रजा-पतेः । च । वै । सः । परमे-स्थिनः । च । पितुः । च । पितामहस्य । च । प्रियम् । धाम । भवति । यः ।०॥२६॥

भाषार्थ—(सः) वह [व्रात्य परमात्मा] (सर्वान्) सब (अन्तर्देशान्

(देवाः) दिव्यपदार्थाः (देवताः) दिव्यशक्तयः । अन्यत् पूर्ववद् यथावद् योजनीयश्च ॥

२४—२६—(सः) व्रात्यः परमात्मा (अन्तर्देशान्) मध्यदेशान् (तम्)

अनु) भीतरी देशों की ओर (वि अचलत्) विचरा ॥ २४ ॥ (प्रजापतिः) प्रजापालक [राजा] (च च) और (परमेष्ठी) परमेष्ठी [बड़े पद वाला आचार्य वा सन्न्यासी] (च) और (पिता) बाप (च) और (पितामहः) दादा (तम्) उस [व्रात्य परमात्मा] के (अनुव्यचलन्) पीछे विचरे ॥ २५ ॥ (सः) वह [विद्वान्] पुरुष (वै) निश्चय करके (प्रजापतेः) प्रजापालक [राजा] का (च च) और (परमेष्ठिनः) परमेष्ठी [बड़ी स्थिति वाले आचार्य वा सन्न्यासी] का (च) और (पितुः) बाप का (च) और (पितामहस्य) दादा का (प्रियम्) प्रिय (धाम) धाम [घर] (भवति) होता है, (यः) जो [विद्वान्] (एवम्) ऐसे [व्रात्य परमात्मा] को (वेद) जानता है ॥२६॥

भावार्थ—जो विद्वान् पुरुष गहरे विचार से यह देखते हैं कि संसार में सब लोग परब्रह्म परमात्मा की आज्ञा मानने से बड़े हुये हैं, वे ही ईश्वर की आज्ञा में रहकर उन्नति करते और आनन्द भोगते हैं ॥ २४—२६ ॥

सूक्तम् ७ ॥

१—५ ॥ व्रात्यो देवता ॥ १ निचृदार्षी गायत्री ; २ विराडार्षी बृहती ; ३ विराडार्ष्युष्णिक् ; ४ आर्षी गायत्री ; ५ भुरिगार्षी पङ्क्तिः ॥

परमात्मव्यापकत्वोपदेशः—परमात्मा की व्यापकता का उपदेश ॥

स म॑हि॒मा सद्रु॑र्भू॒त्वान्तं॑ पृथि॒व्या अ॑गच्छ॒त् स स॑मु॒द्रो॑ऽभवत् ॥ १ ॥

सः । म॒हि॒मा । सद्रुः॑ । भू॒त्वा । अन्त॑म् । पृ॒थि॒व्याः । अ॒ग॒च्छ॒त् । सः । स॒मु॒द्रः । अ॒भ॒व॒त् ॥ १ ॥

भाषार्थ—(सः) वह [व्रात्य परमात्मा] (महिमा) महिमास्वरूप और (सद्रुः) वेगवान् (भूत्वा) होकर (पृथिव्याः) पृथिवी के (अन्तम्)

व्रात्यम् (प्रजापतिः) प्रजापालको राजा (परमेष्ठी) उच्चपदस्थ आचार्यः सन्न्यासी वा (पिता) जनकः (पितामहः) पितुः पिता । अन्यत् पूर्ववद् यथोचितं योजनीयं च ॥

१—(सः) व्रात्यः परमात्मा (महिमा) महत्-इमनिच् । महास्वरूपः (सद्रुः) हरिमितयोर्द्रुवः । उ० १ । ३४ । सद् + द्रु गतौ-कु, डित् । वेगवान्

अन्त को (अगच्छत्) पहुंचा है, (सः) वह [परमात्मा] (समुद्रः) अन्तरिक्ष-रूप [अनादि, अनन्त] (अभवत्) हुआ है ॥ १ ॥

भावार्थ—परमात्मा अपनी बड़ाई के कारण विद्वानों को पृथिवी से आगे अन्तरिक्ष के समान अनादि अनन्त जान पड़ता है ॥ १ ॥

तं प्रजापतिश्च परमेष्ठी च पिता च पितामहश्चापश्च श्रद्धा च वर्षं भूत्वानुव्यवर्तयन्त ॥ २ ॥

तम् । प्रजा-पतिः । च । परमे-स्थी । च । पिता । च । पितामहः । च । आपः । च । श्रद्धा । च । वर्षम् । भूत्वा । अनु-व्यवर्तयन्त ॥ २ ॥

भाषार्थ—(प्रजापतिः) प्रजापालक [राजा] (च च) और (परमेष्ठी) परमेष्ठी [सब से ऊंचे पद वाला आचार्य वा सन्न्यासी] (च) और (पिता) बाप (च) और (पितामहः) दादा (च) और (आपः) सत्कर्म (च) और (श्रद्धा) श्रद्धा [धर्म में प्रतीति] (वर्षम्) श्रेष्ठपन को (भूत्वा) पाकर (तम्) उस [व्रात्य परमात्मा] के (अनुव्यवर्तयन्त) पीछे विविध प्रकार वर्तमान हुये हैं ॥ २ ॥

भावार्थ—सब शूर वीर ज्ञानी और पूजनीय महात्मा संसार में उस परमात्मा ही का आश्रय लेकर श्रेष्ठ होते हैं ॥ २ ॥

ऐनमापो गच्छत्यैनं श्रद्धा गच्छत्यैनं वर्षं गच्छति य एवं वेद ॥ ३ ॥

आ । एनम् । आपः । गच्छति । आ । एनम् । श्रद्धा । गच्छति । आ । एनम् । वर्षम् । गच्छति । यः । ० ॥ ३ ॥

(भूत्वा) (अन्तम्) सीमाम् (पृथिव्याः) भूमेः (अगच्छत्) प्राप्तवान् (सः) (समुद्रः) अन्तरिक्षसदृशः (अभवत्) ॥

२—(तम्) व्रात्यम् (आपः) आपः कर्माख्यायां ह्रस्वो नुट् च । उ० ४ । २०८ । आप्लृ व्याप्तौ—असुन् । सुकर्म (श्रद्धा) धर्मविश्वासः (वर्षम्) वृतॄवदिवचि० । उ० ३ । ६२ । वृञ् वरणे—सप्रत्ययः । वरत्वं श्रेष्ठताम् (भूत्वा) भू प्राप्तौ—क्त्वा । प्राप्य (अनुव्यवर्तयन्त) अनुसृत्य वर्तमाना अभवन् । अन्यत् पूर्ववत्—सू० ६ । म० २५ ॥

भाषार्थ—(एनम्) उस [विद्वान्] पुरुष को (आपः) सत्कर्म (आ) आकर (गच्छति) मिलता है, (एनम्) उस को (श्रद्धा) श्रद्धा [धर्म में प्रतीति] (आ) आकर (गच्छति) मिलती है, (एनम्) उसको (वर्षम्) श्रेष्ठपन (आ) आकर (गच्छति) मिलता है, (यः) जो [विद्वान्] (एवम्) ऐसे वा व्यापक [व्रात्य परमात्मा] को (वेद) जानता है ॥ ३ ॥

भावार्थ—जब मनुष्य परमात्मा को जान लेता है, तब वह सुकर्मी श्रद्धावान् और श्रेष्ठ होकर उन्नति करता है ॥ ३ ॥

तं श्रद्धा च यज्ञश्च लोकश्चान्नं चान्नाद्यं च भूत्वाभिपर्या-वर्तन्त ॥ ४ ॥

तम् । श्रद्धा । च । यज्ञः । च । लोकः । च । अन्नम् । च । अन्न-अद्यम् । च । भूत्वा । अभि-पर्यावर्तन्त ॥ ४ ॥

भाषार्थ—(श्रद्धा) श्रद्धा [धर्म में प्रतीति] (च च) और (यज्ञः) यज्ञ [सद् व्यवहार] (च) और (लोकः) समाज (च) और (अन्नम्) अन्न [जौ चावल आदि] (च) और (अन्नाद्यम्) अनाज [रोटी पूरी आदि बना भोजन] (तम्) उस [व्रात्य परमात्मा] में (भूत्वा) व्यापकर (अभिपर्यावर्तन्त) सामने सब ओर से आकर वर्तमान हुये हैं ॥ ४ ॥

भावार्थ—उस परमात्मा के ही सामर्थ्य से पुरुषार्थी पुरुष के लिये श्रद्धा आदि उपयोगी गुण, सब समाज और अन्न आदि भोग्य पदार्थ सर्वत्र सर्वदा वर्तमान रहते हैं ॥ ४ ॥

३—(आ) आगत्य (एनम्) विद्वांसं पुरुषम् (आपः) म० २ । सुकर्म (गच्छति) प्राप्नोति । अन्यद् गतं स्पष्टं च—म० २ ॥

४—(तम्) व्रात्यं परमात्मानम् (श्रद्धा) धर्मविश्वासः (यज्ञः) सद्-व्यवहारः (लोकः) समाजः (अन्नम्) सस्यम् (अन्नाद्यम्) भक्षणीयं संस्कृत-मन्नम् (भूत्वा) व्याप्य (अभिपर्यावर्तन्त) अभि+परि+आ+अवर्तन्त । अभितः परित आगत्य वर्तमाना अभवन् । अन्यद् गतम् ॥

ऐनं श्रद्धा गच्छत्यैनं यज्ञो गच्छत्यैनं लोको गच्छत्यैनमन्नं गच्छत्यैनमन्नाद्यं गच्छति य एवं वेदं ॥ ५ ॥

आ । एनम् । श्रद्धा । गच्छति । आ । एनम् । यज्ञः । गच्छति । आ । एनम् । लोकः । गच्छति । आ । एनम् । अन्नम् । गच्छति । आ । एनम् । अन्न-अद्यम् । गच्छति । यः ।०५

भाषार्थ—(एनम्) उस [विद्वान्] पुरुष को (श्रद्धा) श्रद्धा [धर्म में प्रतीति] (आ) आकर (गच्छति) मिलती है, (एनम्) उस को (यज्ञः) सद्व्यवहार (आ) आकर (गच्छति) मिलता है, (एनम्) उसको (लोकः) समाज (आ) आकर (गच्छति) मिलता है, (एनम्) उस को (अन्नम्) अन्न [जौ चावल आदि] (आ) आकर (गच्छति) मिलता है, (एनम्) उस को (अन्नाद्यम्) अनाज [रोटी पूरी आदि बना भोजन] (आ) आकर (गच्छति) मिलता है, (यः) जो [विद्वान्] (एवम्) ऐसे वा व्यापक [व्रात्य परमात्मा] को (वेद) जानता है ॥ ५ ॥

भावार्थ–ब्रह्मज्ञानी पुरुष ही श्रद्धालु, सत्कर्मी, सर्वहितैषी और अन्नवान् होकर संसार में प्रशंसनीय होता है ॥ ५ ॥

इति प्रथमोऽनुवाकः ॥

अथ द्वितीयोऽनुवाकः ॥

सूक्तम् ८ ॥

१—३ ॥ व्रात्यो देवता ॥ १ साम्न्युष्णिक् ; २ प्राजापत्याऽनुष्टुप् ; ३ आर्ची पङ्क्तिः ॥

परमेश्वरस्य प्रभुत्वोपदेशः—परमेश्वर की प्रभुता का उपदेश ॥

सोऽरज्यत ततो राजन्योऽजायत ॥ १ ॥

५—(आ) आगत्य (एनम्) विद्वांसं पुरुषम् (गच्छति) प्राप्नोति । अन्यत् पूर्ववत्–म० ४ सुगमं च ॥

सः । अरज्यत । ततः । राजन्यः । अजायत ॥ १ ॥

भाषार्थ—(सः) उस [व्रात्य परमात्मा] ने (अरज्यत) प्रेम किया, (ततः) उसी से वह (राजन्यः) सर्वस्वामी (अजायत) हुआ ॥ १ ॥

भावार्थ—परमात्मा अपनी स्वाभाविक प्रीति से सब सृष्टि का स्वामी है ॥ १ ॥

स विशः सबन्धूनन्नमन्नाद्यमभ्युदतिष्ठत् ॥ २ ॥

सः । विशः । स-बन्धून् । अन्नम् । अन्न-अद्यम् । अभि-उदतिष्ठत् ॥ २ ॥

भाषार्थ—(सः) वह [व्रात्य परमात्मा] (सबन्धून्) बन्धुओं सहित [कुटुम्बियों] सहित (विशः) मनुष्यों पर, (अन्नम्) अन्न [जौ चावल आदि] पर और (अन्नाद्यम्) अनाज [रोटी पूरी आदि] पर (अभ्युद-तिष्ठत्) सर्वथा अधिष्ठाता हुआ ॥ २ ॥

भावार्थ—परमात्मा मनुष्य आदि सब पदार्थों का अधिष्ठाता होकर सब की रक्षा करता है ॥ २ ॥

विशां च वै स सबन्धूनां चान्नस्य चान्नाद्यस्य च प्रियं धाम भवति य एवं वेद ॥ ३ ॥

विशाम् । च । वै । सः । स-बन्धूनाम् । च । अन्नस्य । च । अन्न-अद्यस्य । च । प्रियम् । धाम । भवति । यः । ० ॥ ३ ॥

१—(सः) व्रात्यः परमात्मा (अरज्यत) रञ्ज रागे, आसक्तौ प्रीतौ च-लङ्, दिवादिः । प्रीतियुक्तोऽभवत् सृष्टौ (ततः) तस्मात् कारणात् (राजन्यः) राजेरन्यः । उ० ३ । १०० । राजृ दीप्तौ ऐश्वर्ये च—अन्य । सर्वस्वामी (अजायत) प्रादुरभवत् ॥

२—(सः) व्रात्यः परमात्मा (विशः) पु० लिं० । मनुष्यान्—निघ० २ । ३ (सबन्धून्) बन्धुभिः सहितान् (अन्नम्) सस्यम् (अन्नाद्यम्) अदनीयं संस्कृतं पदार्थम् (अभ्युदतिष्ठत्) अभीत्य अधिष्ठितवान् ॥

भाषार्थ—(सः) वह [विद्वान् पुरुष] (वै) निश्चय करके (सबन्धूनाम्) बन्धुओं सहित (विशाम्) मनुष्यों का (च च) और (अन्नस्य) अन्न [जौ चावल आदि] का (च च) और (अन्नाद्यस्य) अनाज [रोटी पूरी आदि बने हुये पदार्थ] का (प्रियम्) प्रिय (धाम) धाम [घर] (भवति) होता है, (यः) जो [विद्वान्] (एवम्) ऐसे वा व्यापक [व्रात्य परमात्मा] को (वेद) जानता है ॥ ३ ॥

भावार्थ—जो विद्वान् मनुष्य परमात्मा का आश्रय लेकर पुरुषार्थ करता है, वह सर्वहितकारी होने से सब में प्रतिष्ठा पाता है ॥ ३ ॥

सूक्तम् ९ ॥

१—३ ॥ व्रात्यो देवता ॥ १ आसुरी जगती ; २ आर्षी गायत्री ; ३ आर्ची पङ्क्तिः ॥

राजधर्मव्यवस्थोपदेशः—राजधर्म की व्यवस्था का उपदेश ॥

स विशोऽनु व्यचलत् ॥१॥ सः । विशः । अनु । वि । अचलत्१

भाषार्थ—(सः) वह [व्रात्य परमात्मा] (विशः अनु) मनुष्यों की ओर (वि अचलत्) विचरा ॥ १ ॥

भावार्थ—सर्वव्यापक परमात्मा ने वेदद्वारा मनुष्योंमें राजधर्म का उपदेश किया है ॥ १ ॥

तं सभा च समितिश्च सेना च सुरा चानुव्यचलन् ॥ २ ॥

तम् । सभा । च समू-इतिः । च । सेना । च । सुरा । च । अनु-व्यचलन् ॥ २ ॥

भाषार्थ—(सभा) सभा (च च) और (समितिः) संग्राम व्यवस्था

३—(विशाम्) मनुष्याणाम् (च) (वै) निश्चयेन (सः) विद्वान् (सबन्धूनाम्) सकुटुम्बिनाम् (अन्नस्य) सस्यस्य (अन्नाद्यस्य) भोग्यस्य संस्कृतपदार्थस्य । अन्यत् पूर्ववत् ॥

१—(सः) व्रात्यः परमात्मा (विशः) मनुष्यान् (अनु) अनुलक्ष्य अन्यत् पूर्ववत् ॥

२—(तम्) व्रात्यं परमात्मानम् (सभा) राजधर्मादिसभा (समितिः)

(च) और (सेना) सेना (च) और (सुरा) राज्यलक्ष्मी (तम्) उस [व्रात्य परमात्मा] के (अनुव्यचलन्) पीछे विचरे ॥ २ ॥

भावार्थ—परमात्मा की विहित व्यवस्था से ही संसार में सभा आदि की संस्था स्थापित हुयी है ॥ २ ॥

इस मन्त्र का कुछ अंश महर्षि दयानन्दकृत सत्यार्थप्रकाश समुल्लास ६ राजधर्म प्रकरण तथा संस्कारविधि गृहाश्रम प्रकरण में व्याख्यात है ॥

सभायाश्च वै स समितेश्च सेनायाश्च सुरायाश्च प्रियं धाम भवति य एवं वेद ॥ ३ ॥

सभायाः । च । वै । सः । सम्-इतेः । च । सेनायाः । च । सुरायाः । च । प्रियम् । धाम । भवति । यः । एवम् । वेद ॥ ३ ॥

भाषार्थ—(सः) वह [विद्वान्] पुरुष (वै) निश्चय करके (सभायाः) सभा का (च च) और (समितेः) संग्राम व्यवस्था का (च) और (सेनायाः) सेना का (च) और (सुरायाः) राज्यलक्ष्मी का (प्रियम्) प्रिय (धाम) धाम [घर] (भवति) होता है, (यः) जो [विद्वान्] (एवम्) ऐसे वा व्यापक [व्रात्य परमात्मा] को (वेद) जानता है ॥ ३ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य परमात्मा की व्यवस्था जानकर सभा आदि की यथावत् संस्था करते हैं, वे राज्यलक्ष्मी बढ़ा कर कीर्ति पाते हैं ॥ ३ ॥

सूक्तम् १० ॥

१—११—व्रात्यो देवता ॥ १, ५, साम्नी बृहती ; २ निचृदार्षी पङ्क्तिः ; ३, ४ प्राजापत्या पङ्क्तिः ; ६, ८, १० आसुरी गायत्री ; ७, ९ साम्न्युष्णिक् ; ११ आसुरी बृहती ॥

आतिथ्यमहिमोपदेशः—अतिथि सत्कार की महिमा का उपदेश ॥

तद् यस्यै॒वं वि॒द्वान् व्रात्यो॒ राज्ञोऽतिथिर्गृ॒हाना॒गच्छेत् ॥ १ ॥

संग्रामः—निघ० २ । १७ । संग्रामव्यवस्था (सेना) (सुरा) षुर दीप्तौ ऐश्वर्ये च—क, टाप् । राज्यलक्ष्मीः । अन्यत् पूर्ववत् ॥

३—उपरि व्याख्यातं यथोचितं योजनीयम् ॥

तत् । यस्यं । एवम् । विद्वान् । व्रात्यः । राज्ञः । अतिथिः । गृहान् । आ-गच्छेत् । ॥ १ ॥

श्रेयांसमेनमात्मनो मानयेत् तथा क्षत्राय ना वृश्चते तथा राष्ट्राय ना वृश्चते ॥ २ ॥

श्रेयांसम् । एनम् । आत्मनः । मानयेत् । तथा । क्षत्राये । न । आ । वृश्चते । तथा । राष्ट्राये । न । आ । वृश्चते ।२।

भाषार्थ—(तत्) फिर (एवम्) व्यापक परमात्मा को (विद्वान्) जानता हुआ (व्रात्यः) व्रात्य [सद्व्रतधारी, सदाचारी] (अतिथिः) अतिथि [नित्य मिलने योग्य सत्पुरुष] (यस्य राज्ञः) जिस राजा के (गृहान्) घरों में (आगच्छेत्) आवे ॥ १ ॥ वह [राजा] (एनम्) उस [अतिथि] को (आत्मनः) अपने से (श्रेयांसम्) अधिक श्रेष्ठ (मानयेत्) सन्मान करे, (तथा) उस प्रकार [सत्कार] से वह [राजा] (क्षत्राय) क्षत्रिय कुल के लिये (न) नहीं (आ) कुछ (वृश्चते) दोषी होता है, और (तथा) उस प्रकार से (राष्ट्रम्) राज्य के लिये भी (न) नहीं (आ) कुछ (वृश्चते) दोषी होता है ॥ २ ॥

भावार्थ—जब ब्रह्मवादी आप्त विद्वान् अतिथि राजा के घर आवे, राजा उसको अपने से अधिक गुणी जानकर यथावत् सत्कार करे जिस से उसके सदुपदेश से दोषों के मिटने पर उसके कुल की और राज्य की वृद्धि होवे ॥ १, २ ॥

१—(तत्) तदा (यस्य) (एवम्) सू० २ म० ३ । इण् गतौ-वन् । व्यापकं परमात्मानम् (विद्वान्) विद ज्ञाने-शतृ, वसुरादेशः । जानन् (व्रात्यः) सू० १ । १ । व्रत-ण्य । व्रतधारी । सदाचारी (राज्ञः) नरपतेः (अतिथिः) अ० ७ । २१ । १ । ऋतन्यञ्जिवन्य० । उ० ४ । २ । अत सातत्यगमने—इथिन् । अतनशीलः । नित्यं प्रापणीयः । विद्वान् । अभ्यागतः (गृहान्) (आगच्छेत्) ॥

२—(श्रेयांसम्) प्रशस्यतरम् (आत्मनः) आत्मसकाशात् (मानयेत्) सत्कुर्यात् (तथा) तेन प्रकारेण (क्षत्राय) क्षत्रियकुलाय (न) निषेधे (आ) ईषत् (वृश्चते) वृश्च्यते । छिद्यते । दूषितो भवति (राष्ट्राय) राज्यसंपादनाय । अन्यद् गतम् ॥

अतो वै ब्रह्म च क्षत्रं चोदतिष्ठतां ते अब्रूतां कं प्र विशावेति ॥३

अतः । वै । ब्रह्म । च । क्षत्रम् । च । उत् । अतिष्ठताम् । ते इति । अब्रूताम् । कम् । प्र । विशाव । इति ॥ ३ ॥

भाषार्थ—(अतः) इस [अतिथि सत्कार] से (वै) निश्चय करके (ब्रह्म) ब्रह्मज्ञानी कुल (च च) और (क्षत्रम्) क्षत्रिय कुल (उत् अतिष्ठताम्) दोनों ऊंचे होवें, (ते) वे दोनों (अब्रूताम्) कहें—(कम्) किस [गुण] में (प्र विशाव इति) हम दोनों प्रवेश करें ॥ ३ ॥

भावार्थ—ब्रह्मज्ञानी और क्षत्रिय लोग अतिथि का सत्कार करके विचार करें कि कौन से कौन से गुण स्वीकार करने से हमारी उन्नति होवे । इस का उत्तर आगे है ॥ ३ ॥

अतो वै बृहस्पतिमेव ब्रह्म प्र विशत्विन्द्रं क्षत्रं तथा वा इति ॥ ४ ॥

० । बृहस्पतिम् । एव । ब्रह्म । प्र । विशतु । इन्द्रम् । क्षत्रम् । तथा । वै । इति ॥ ४ ॥

भाषार्थ—(अतः) इस [अतिथि सत्कार] से (वै) निश्चय करके (ब्रह्म) ब्रह्मज्ञानी कुल (बृहस्पतिम्) बड़े बड़े प्राणियों के रक्षक गुण में (एव) ही (प्र विशतु) प्रवेश करे, (तथा) उसी प्रकार [अतिथि सत्कार] से (वै) निश्चय करके (क्षत्रम्) क्षत्रिय कुल (इन्द्रम्) परम ऐश्वर्य में [प्रवेश करे], (इति) ऐसा [अतिथि कहे] ॥ ४ ॥

भावार्थ—आप्त अतिथि मन्त्र ३ का उत्तर देवे कि ब्रह्मज्ञानी पुरुष प्राणियों की रक्षा का और राजा लोग ऐश्वर्य प्राप्ति का प्रयत्न करते रहें ॥ ४ ॥

३—(अतः) एतस्मात् सत्कारात् (वै) निश्चयेन (ब्रह्म) ब्रह्मवादिकुलम् (च) (क्षत्रम्) क्षत्रियकुलम् (च) (उत्) उदेत्य (अतिष्ठताम्) तिष्ठताम् (ते) द्वे (अब्रूताम्) कथयताम् (कम्) कं गुणम् (प्र विशाव) आवां प्रविष्टौ भवाव (इति) ॥

४—(बृहस्पतिम्) बृहतां प्राणिनां पालकं गुणम् (एव) निश्चयेन (प्र विशतु) प्रविष्टं भवतु (इन्द्रम्) परमैश्वर्यम् (तथा) तद्विधानेन सत्कारेण (इति) पादपूर्तौ । अन्यत् पूर्ववत्—म० ३ ॥

अतो वै बृह॒स्पति॑मे॒व ब्रह्म॒ प्रावि॑श॒दिन्द्रं॑ क्ष॒त्रम् ॥ ५ ॥

अतः । वै । बृह॒स्पति॑म् । ए॒व । ब्रह्म॑ । प्र । अ॒वि॒श॒त् । इन्द्र॑म् । क्ष॒त्रम् ॥ ५ ॥

भाषार्थ—[हे मनुष्यो !] (अतः) इस [अतिथि सत्कार] से (वै) निश्चय करके (ब्रह्म) ब्रह्मज्ञानी समूह ने (बृहस्पतिम्) बड़े बड़े प्राणियों के रक्षक गुण [वेद ज्ञान आदि] में (एव) ही (प्र अविशत्) प्रवेश किया है, और (क्षत्रम्) क्षत्रिय कुल ने (इन्द्रम्) परम ऐश्वर्य में [प्रवेश किया है] ॥ ५ ॥

भावार्थ—इस चक्रवत् संसार में यही नियम सदा से है कि ब्रह्मज्ञानियों ने वेदज्ञान आदि से और क्षत्रियों ने परम ऐश्वर्य बढ़ाने से प्रतिष्ठा पायी है ॥ ५ ॥

इ॒यं वा उ॑ पृथि॒वी बृह॒स्पति॒र्द्यौरे॒वेन्द्रः॑ ॥ ६ ॥

इ॒यम् । वै । ऊं॒ इति॑ । पृ॒थि॒वी । बृह॒स्पतिः॑ । द्यौः । ए॒व । इन्द्रः॑ ॥ ६ ॥

भाषार्थ—(इयम्) यह (पृथिवी) पृथिवी [भूमि का राज्य] (वै) निश्चय करके (उ) ही (बृहस्पतिः) बड़े बड़े प्राणियों का रक्षक गुण है, (द्यौः) प्रकाशमान राजनीति (एव) ही (इन्द्रः) परम ऐश्वर्य है ॥ ६ ॥

भावार्थ—मनुष्य संसार में अतिथि सत्कार करके और उससे शिक्षा पाके राज्यपालन से प्राणियों की रक्षा करने की, और राजनीति से ऐश्वर्य बढ़ाने की योग्यता पावें ॥ ६ ॥

अ॒यं वा उ॑ अ॒ग्निर्ब्रह्मा॒साव॑दि॒त्यः क्ष॒त्रम् ॥ ७ ॥

अ॒यम् । वै । ऊं॒ इति॑ । अ॒ग्निः । ब्रह्म॑ । अ॒सौ । आ॒दि॒त्यः । क्ष॒त्रम् ॥ ७ ॥

५—(प्र अविशत्) प्रविष्टमभवत् । अन्यत् पूर्ववत्—म० ४ ॥

६—(इयम्) दृश्यमाना (वै) (उ) (पृथिवी) भूमिराज्यम् (बृहस्पतिः) महतां प्राणिनां रक्षको गुणः (द्यौः) दिवु द्युतौ गतौ च-डिवि । प्रकाशमाना राजनीतिः (एव) (इन्द्रः) परमैश्वर्यम् ॥

भाषार्थ—(अयम्) यह (अग्निः) अग्नि [अग्नि समान तेजस्वी] (एव) निश्चय करके (उ) ही (ब्रह्म) ब्रह्मज्ञानी समूह है और (असौ) वह (आदित्यः) सूर्य [सूर्य समान प्रतापी] (क्षत्रम्) क्षत्रिय समूह है ॥ ७ ॥

भावार्थ—मनुष्य वेदों के मनन से अग्नि समान तेजस्वी और प्रजापालन से सूर्य समान प्रतापी होवे ॥ ७ ॥

ऐनं ब्रह्म॑ गच्छति ब्रह्मवर्च॒सी भ॑वति ॥ ८ ॥

आ । ए॒न॒म् । ब्रह्म॑ । ग॒च्छ॒ति॒ । ब्र॒ह्म॒-व॒र्च॒सी । भ॒व॒ति॒ ॥ ८ ॥

यः पृ॑थि॒वीं बृह॒स्पति॑म॒ग्निं ब्रह्म॒ वेद॑ ॥ ९ ॥

यः । पृ॒थि॒वीम् । बृह॒स्पति॑म् । अ॒ग्निम् । ब्रह्म॑ । वेद॑ ॥ ९ ॥

भाषार्थ—(एनम्) उस [पुरुष] को (ब्रह्म) ब्रह्मज्ञानी समूह (आ) आकर (गच्छति) मिलता है, और वह (ब्रह्मवर्चसी) ब्रह्मवर्चसी [वेदाभ्यास से तेजस्वी] (भवति) होता है ॥ ८ ॥ (यः) जो [पुरुष] (पृथिवीम्) पृथिवी [पृथिवी के राज्य] को (बृहस्पतिम्) बड़े बड़े प्राणियों का रक्षक गुण, और (ब्रह्म) ब्रह्मज्ञानी समूह को (अग्निम्) अग्नि [अग्नि समान तेजोमय] (वेद) जानता है ॥ ९ ॥

भावार्थ—मनुष्य प्रजापालक और अतिथि सत्कारक होकर वेदज्ञानियों के साथ विराजकर ब्रह्मवर्चसी होवे ॥ ८, ९ ॥

ऐन॑मिन्द्रि॒यं ग॑च्छतीन्द्रि॒यवा॑न् भवति ॥ १० ॥

७—(अयम्) दृश्यमानः (वै) निश्चयेन (उ) एव (अग्निः) अग्निवत्तेजस्वी (ब्रह्म) ब्रह्मज्ञानिसमूहः (असौ) प्रसिद्धः (आदित्यः) आदीप्यमानः सूर्यः (क्षत्रम्) क्षत्रियकुलम् ॥

८—(आ) आगत्य (एनम्) ब्रह्मज्ञम् (ब्रह्म) ब्रह्मज्ञानिसमूहः (गच्छति) प्राप्नोति (ब्रह्मवर्चसी) ब्रह्मणा वेदाध्ययनेन तदनुष्ठानेन च तेजस्वी (भवति) ॥

९—(यः) पुरुषः (पृथिवीम्) भूमिराज्यम् (बृहस्पतिम्) महतां प्राणिनां रक्षकगुणम् (अग्निम्) अग्निवत्तेजोमयम् (ब्रह्म) वेदज्ञानिकुलम् (वेद) जानाति ॥

आ । एनम् । इन्द्रियम् । गच्छति । इन्द्रिय-वान् । भवति॥१०

य आदित्यं क्षत्रं दिवमिन्द्रं वेद ॥ ११ ॥

यः । आदित्यम् । क्षत्रम् । दिवम् । इन्द्रम् । वेद ॥ ११ ॥

भाषार्थ—(एनम्) उस [पुरुषार्थी] को (इन्द्रियम्) ऐश्वर्य (आ) आकर (गच्छति) मिलता है, वह (इन्द्रियवान्) ऐश्वर्यवान् (भवति) होता है ॥ १० ॥ (यः) जो [पुरुष] (क्षत्रम्) क्षत्रिय समूह को (आदित्यम्) सूर्य [सूर्य समान तेजस्वी] और (दिवम्) प्रकाशमान राजनीति को (इन्द्रम्) ऐश्वर्य (वेद) जानता है ॥ ११ ॥

भावार्थ—मनुष्य प्रजापालन में दक्ष और सुनीतिप्रचार में चतुर होकर ऐश्वर्य बढ़ावें ॥ १०, ११ ॥

सूक्तम् ११ ॥

१—११ ॥ व्रात्यो देवता ॥ १ आसुरी गायत्री ; २ भुरिक् शक्वरी ; ३, ५, ६, ८ आर्ची बृहती ; ४, ७, ९ प्राजापत्या बृहती ; १० भुरिगार्ची बृहती ; ११ आर्च्यनुष्टुप् ॥

आतिथ्यविधानोपदेशः—अतिथि सत्कार के विधान का उपदेश ॥

तद् यस्यैवं विद्वान् व्रात्योऽतिथिर्गृहानागच्छेत् ॥ १ ॥

० । व्रात्यः । अतिथिः । ० [सू०१० म० १] ॥ १ ॥

स्वयमेनमभ्युदेत्य ब्रूयाद् व्रात्य क्वावात्सीर्व्रात्योदकं व्रात्य तर्पयन्तु व्रात्य यथा ते प्रियं तथास्तु व्रात्य यथा ते वशस्तथास्तु व्रात्य यथा ते निकामस्तथास्त्विति ॥ २ ॥

१०—(आ) आगत्य (एनम्) पुरुषार्थिनम् (इन्द्रियम्) इन्द्रचिह्नम् । ऐश्वर्यम् (गच्छति) प्राप्नोति (इन्द्रियवान्) ऐश्वर्यवान् (भवति) ॥

११—(यः) पुरुषः (आदित्यम्) सूर्यवत्तेजोमयम् (क्षत्रम्) क्षत्रियकुलम् (दिवम्) दिवु द्युतौ गतौ च—डिवि । दीप्यमानां राजनीतिम् (इन्द्रम्) ऐश्वर्यम् (वेद) जानाति ॥

स्वयम् । एनम् । अभि-उदेत्यं । ब्रूयात् । व्रात्यं । क्वं । अवात्सीः । व्रात्यं । उदकम् । व्रात्यं । तर्पयन्तु । व्रात्यं । यथा । ते । प्रियम् । तथा । अस्तु । व्रात्यं । यथा । ते । वशः । तथा । अस्तु । व्रात्यं । यथा । ते । नि-कामः । तथा । अस्तु । इति ॥ २ ॥

भाषार्थ—(तत्) सो (एवम्) व्यापक परमात्मा को (विद्वान्) जानता हुआ (व्रात्यः) व्रात्य [सद्व्रतधारी] (अतिथिः) अतिथि [नित्य मिलने योग्य सत्पुरुष] (यस्य) जिस [पुरुष] के (गृहान्) घरों में (आगच्छेत्) आवे ॥ १ ॥ (स्वयम्) आप ही (अभ्युदेत्य) उठके जाकर (एनम्) उस [अतिथि] से (ब्रूयात्) कहे—(व्रात्य) हे व्रात्य ! (क्व) कहां (अवात्सीः) [रात्रि में] तू रहा था ? (व्रात्य) हे व्रात्य ! (उदकम्) यह जल है, (व्रात्य) हे व्रात्य ! (तर्पयन्तु) वे [यह पदार्थ तुझे, अथवा, आप हमें] तृप्त करें, (व्रात्य) हे व्रात्य ! (यथा) जैसे (ते) तेरा (प्रियम्) प्रिय [अभीष्ट] हो (तथा) वैसा ही (अस्तु) होवे, (व्रात्य) हे व्रात्य (यथा) जैसे (ते) तेरी (वशः) प्रधानता हो (तथा अस्तु) वैसा होवे, (व्रात्य) हे व्रात्य ! (यथा) जैसे (ते) तेरी (निकामः) इच्छा पूर्ति हो (तथा अस्तु इति) वैसा ही होवे ॥ २ ॥

भावार्थ—गृहस्थों को चाहिये कि जब कोई विद्वान् महामान्य अतिथि घर पर आवे, प्रीति वचन, जल, अन्न आदि पदार्थों से उसकी सेवा करें ॥१,२॥

यह दोनों मन्त्र महर्षि दयानन्दकृत ऋग्वेदादि भाष्यभूमिका अतिथियज्ञविषय पृष्ठ २७१ में व्याख्यात हैं ॥

१—व्याख्यातम्—सू० १० म० १ ॥

२—(स्वयम्) आत्मना (एनम्) अतिथिम् (अभ्युदेत्य) अभिमुखमुत्थाय (ब्रूयात्) कथयेत् (व्रात्य) हे सद्व्रतधारिन् (क) कुत्र (अवात्सीः) निवासं कृतवानसि (व्रात्य) (उदकम्) जलम् (तर्पयन्तु) हर्षयन्तु एते पदार्था भवन्तम्, यद्वा भवन्तोऽस्मान् (यथा) येन प्रकारेण (ते) तव (प्रियम्) अभिमतम् (तथा) तेन प्रकारेण (अस्तु) भवतु (वशः) वशित्वम् । प्रधानत्वम् (निकामः) निरन्तरकामः । इच्छापूर्तिः (इति) पादपूरणे । अ थ र् पू र् ण ॥

यदे॑नमाह॒ व्रात्य॒ क्वा॑वात्सी॒रिति॑ प॒थ ए॒व तेन॑ देव॒याना॒नव॑ रुन्द्धे ॥ ३ ॥

यत् । ए॒न॒म् । आह॑ । व्रात्य॑ । क्व॑ । अ॒वा॒त्सी॒: । इति॑ । प॒थः । ए॒व । तेन॑ । दे॒व॒-याना॑न् । अव॑ । रु॒न्द्धे ॥ ३ ॥

भाषार्थ—(यत्) जब (एनम्) इस [अतिथि] से (आह) वह [गृहस्थ] कहता है—(व्रात्य) हे व्रात्य ! [सद्व्रतधारी] (क) कहां (अवात्सीः इति) [रात्रि में] तू रहा था ? (तेन) उस [सत्कार] से (एव) निश्चय करके (देवयानान्) विद्वानों के चलने योग्य (पथः) मार्गों को (अव रुन्द्धे) वह [अपने लिये] सुरक्षित करता है ॥ ३ ॥

भावार्थ—अतिथि के साथ प्रीतिपूर्वक वार्तालाप करने से गृहस्थ उस के उपदेश द्वारा सन्मार्ग पर चल कर आनन्द भोगे ॥ ३ ॥

यदे॑नमाह॒ व्रात्यो॑द॒कमित्य॒प ए॒व तेनाव॑ रुन्द्धे ॥ ४ ॥

०। व्रात्य॑ । उ॒द॒कम् । इति॑ । अ॒पः । ए॒व । तेन॑ । अव॑ । रु॒न्द्धे ४

भाषार्थ—(यत्) जब (एनम्) इस [अतिथि] से (आह) वह [गृहस्थ] कहता है—(व्रात्य) हे व्रात्य ! [सद्व्रतधारी] (उदकम् इति) यह जल है—(तेन) उस [सत्कार] से (एव) निश्चय करके (अपः) सत्कर्म को (अव रुन्द्धे) वह [अपने लिये] सुरक्षित करता है ॥ ४ ॥

भावार्थ—अतिथि को जल आदि देने से गृहस्थ सत्कर्मी होता है ॥ ४ ॥

यदे॑नमाह॒ व्रात्य॑ त॒र्पय॒न्त्विति॑ प्रा॒णमे॒व तेन॒ वर्षी॑यांसं कुरुते ५

० । व्रात्य॑ । त॒र्पय॑न्तु । इति॑ । प्रा॒णम् । ए॒व । तेन॑ । वर्षी॑-यांसम् । कु॒रु॒ते ॥ ५ ॥

३—(यत्) यदा (एनम्) अतिथिम् (आह) ब्रूते (पथः) मार्गान् (एव) निश्चयेन (तेन) सत्कारेण (देवयानान्) विद्वद्भिर्गन्तव्यान् (अव रुन्द्धे) आत्मने सुरक्षति । अन्यत् पूर्ववत् ॥

४—(अपः) आपः कर्माख्यायां ह्रस्वो नुट् च वा । उ० ४ । २०८ । आप्लृ व्याप्तौ—असुन् ह्रस्वश्च । कर्म—निघ० २ । १ । सत्कर्म । अन्यत् पूर्ववत् ॥

भाषार्थ—(यत्) जब (एनम्) इस [अतिथि] से (आह वह) [गृहस्थ] कहता है—(व्रात्य) हे व्रात्य ! [सद्व्रतधारी] (तर्पयन्तु इति) वे [यह पदार्थ तुझे, अथवा, आप हमें] तृप्त करें—(तेन) उस [सत्कार) से (एव) निश्चय करके (प्राणम्) अपने प्राण [जीवन] को (वर्षीयांसम्) अधिक बड़ा (कुरुते) वह [गृहस्थ] करता है ॥ ५ ॥

भावार्थ—गृहस्थ लोग अतिथि महात्माओं का सत्कार करके उनके सदुपदेश से अपना जीवन उत्तम बनावें ॥ ५ ॥

इस मन्त्र का अन्तिम भाग ऊपर आया है—अ० ६ । ६ (२) । २ ॥

यदे॑नमाह॒ व्रात्य॒ यथा॑ ते॑ प्रि॒यं तथा॒स्त्विति॑ प्रि॒यमे॒व तेना॑व॑ रुन्द्धे ॥ ६ ॥

यत् । ए॒न॒म् । आह॑ । व्रात्य॑ । यथा॑ । ते॒ । प्रि॒यम् । तथा॑ । अ॒स्तु॒ । इति॑ । प्रि॒यम् । ए॒व । तेन॑ । अव॑ । रु॒न्द्धे॒ ॥ ६ ॥

ऐनं॑ प्रि॒यं ग॑च्छति प्रि॒यः प्रि॒यस्य॑ भवति॒ य ए॒वं वेद॑ ॥ ७ ॥

आ । ए॒न॒म् । प्रि॒यम् । ग॒च्छ॒ति॒ । प्रि॒यः । प्रि॒यस्य॑ । भ॒व॒ति॒ । यः । ए॒वम् । वेद॑ ॥ ७ ॥

भाषार्थ—(यत्) जब (एनम्) इस [अतिथि] से (आह) वह [गृहस्थ] कहता है—(व्रात्य) हे व्रात्य ! [उत्तम व्रतधारी] (यथा) जैसे (ते) तेरा (प्रियम्) प्रिय हो (तथा) वैसा हो (अस्तु इति) होवे— (तेन) उस [सत्कार] से (एव) निश्चय करके (प्रियम्) अपने प्रिय वस्तु को (अव रुन्द्धे) वह [गृहस्थ] सुरक्षित करता है ॥ ६ ॥ (एनम्) उस [गृहस्थ] को (प्रियम्) प्रिय पदार्थ (आ) आकर (गच्छति) मिलता है, वह (प्रियस्य) अपने इष्ट मित्र का (प्रियः) प्रिय (भवति) होता है, (यः)

५—(प्राणम्) जीवनम् (वर्षीयांसम्) वृद्ध–ईयसुन् । प्रवृद्धतरम् । अन्यत् पूर्ववत् ॥

६—(यत्) यदा (एनम्) अतिथिम् (आह) ब्रूते (व्रात्य) (यथा) येन प्रकारेण (ते) तव (प्रियम्) अभिमतं भवतु । अन्यत् पूर्ववत् ॥

७—(आ) आगत्य (एनम्) गृहस्थम् (प्रियम्) अभिमतम् (गच्छति) प्राप्नोति (प्रियः) हितचिन्तकः (प्रियस्य) हितकरस्य (भवति) (यः)

जो (एवम्) ऐसे [विद्वान्] को (वेद) जानता है ॥ ७ ॥

भावार्थ—आदर पूर्वक अतिथि को उसका प्रिय पदार्थ अर्पण करने से गृहस्थ अपना इष्ट पदार्थ उत्तम ज्ञानादि प्राप्त करके अपने मित्रों का प्रिय होवे ॥ ६, ७ ॥

यदे॑नमाह॒ व्रात्य॒ यथा॑ ते॒ वश॑स्तथा॑स्त्वति॒ वश॑मे॒व तेनाव॑ रुन्द्धे ॥ ८ ॥

० । ते॒ । वश॑ः । तथा॑ । अ॒स्तु॒ । इति॑ । वश॑म् । ए॒व । ० ॥८॥

Make me beloved among the Gods,
beloved among the Princes, make
Me dear to every one who sees,
to Sudra and to Aryanman.

Griffith's Trans. Atharva 19: 62 : 1

अयं ग्रन्थः पण्डित काशीनाथ वाजपेयिप्रबन्धेन
प्रयागनगरे ओंकारयन्त्रालये मुद्रितः ।

प्रथमावृत्तौ १००० पुस्तकानि } संवत् १९७६ वि० सन् १९१९ ई० { मूल्यम् २।=)

पता—पं० क्षेमकरणदास त्रिवेदी, ५२ लूकरगंज, प्रयाग (Allahabad) ।

मन्त्र संख्या	मन्त्र	अथर्ववेद (काण्ड १८) सूक्त, मन्त्र	ऋग्वेद, मण्डल, सूक्त, मन्त्र	यजुर्वेद, अध्याय, मन्त्र	सामवेद पूर्वार्चिक, उत्तरार्चिक इत्यादि
१२४	द्रप्सश्चस्कन्द	४ । २८	१० । १७ । ११	१३ । ५	
१२५	शतधारं वायुमर्कं	४ । २९	१० । १०७ । ४		
१२६	कोशं दुहन्ति कलशं	४ । ३०		१३ । ४६	
१२७	सहस्रधारं शतधार	४ । ३६		१३ । ४९	
१२८	वृषा मतीनां पवते	४ । ५८	९ । ८६ । १९	...	पू० ६।७।६ उ०२।१।१७
१२९	त्वेषस्ते धूम ऊर्णोतु	४ । ५९	६ । २ । ६		पू०१।९। ३
१३०	प्र वा पतीन्दुरिन्द्र	४ । ६०	९ । ८६ । १६	...	पू०६।७।४ उ०४।२।७
१३१	अक्षन्नमीमदन्त	४ । ६१	१ । ८२ । २	३ । ५१	पू०५।३। ७
१३२	अभूद् दूतः प्रहितो	४ । ६५	४ । ५४ । १	५ । २६	
१३३	शुम्भन्तां लोकाः	४ । ६७		२ । २९	
१३४, १३५	अग्नये कव्यवाह	४ । ७१, ७२		९ । २	
१३६–१३८	स्वधा पितृभ्य	४ । ७८–८०		२ । ३२	
१३९–१४३	नमो व पितर ऊर्जे	४ । ८१–८५			
१४४	आत्वाग्न इधीमहि	४ । ८८	५ । ६ । ४	...	पू०५।४।१ उ०३।२।२१
१४५	चन्द्रमा अप्स्वन्त	४ । ८९	१ । १०५ । १	३३ । ९०	पू०५।३।९

॥ ओ३म् ॥

अथर्ववेदः ॥

अष्टादशं काण्डम् ॥

प्रथमोऽनुवाकः ॥

सूक्तम् १ [मन्त्राः १-६१] ॥

मन्त्राः १-१६ ॥

यमयम्यौ देवते ॥ १, ५, ९-११ त्रिष्टुप् ; २ विराट् त्रिष्टुप् ; ३, ४, ६, ७, १२, १३ निचृत् त्रिष्टुप् ; ८ विराट् छन्दः ; १४ भुरिक् त्रिष्टुप् ; १५ आर्षी पङ्क्तिः ; १६ विराडार्षी त्रिष्टुप् ॥

भ्रातृभगिनीपरस्परविवाहनिषेधोपदेशः—भाई बहिन के परस्पर विवाह के निषेध का उपदेश ॥

ओ चित् सखायं सख्या ववृत्यां तिरः पुरू चिदर्णवं जगन्वान् । पितुर्नपातमा दधीत वेधा अधि क्षमि प्रतरं दीध्यानः ॥ १ ॥

ओ इति । चित् । सखायम् । सख्या । ववृत्याम् । तिरः । पुरु । चित् । अर्णवम् । जगन्वान् ॥ पितुः । नपातम् । आ । दधीत । वेधाः । अधि । क्षमि । प्र-तरम् । दीध्यानः १

भाषार्थ—(ओ) ओ ! [हे पुरुष !] (सखायम्) [तुझ] मित्र

१—(ओ) सम्बोधने (चित्) एव (सखायम्) सुहृदम् (सख्या)

को (चित्) ही (सख्या) मित्रता के साथ (ववृत्याम्) मैं [स्त्री] प्रवृत्त करूं-(पुरु चित्) बहुत ही प्रकार से (अर्णवम्) विज्ञान युक्त शास्त्र को (तिरः जगन्वान्) पार जा चुकने वाले, (प्रतरम्) बहुत अधिक (दीध्यानः) प्रकाशमान, (वेधाः) बुद्धिमान् आप (पितुः) [अपने] पिता के (नपातम्) नाती [पौत्र] को (क्षमि अधि) पृथिवी पर (आ दधीत) धारण करें ॥ १ ॥

भावार्थ—यह मन्त्र स्त्री का वचन है। हम दोनों बड़े प्रेमी हैं, तू वेद आदि शास्त्रों का जानने वाला बुद्धिमान् पुरुष है, ऐसा प्रयत्न किया जावे कि हम दोनों के सम्बन्ध से उत्तम सन्तान उत्पन्न हो ॥ १ ॥

इस सूक्त के मन्त्र १–१६ में यमीयम अर्थात् जोड़िया बहिन और भाई को संवाद वा प्रश्न उत्तर की रीति से यह बताया है कि वे दोनों बहिन भाई होकर परस्पर विवाह कभी न करें, किन्तु बहिन भाई से अन्य पुरुष के साथ और भाई बहिन से दूसरी स्त्री के साथ विवाह करे ॥

मन्त्र १—५। अभेद वा भेद से ऋग्वेद में हैं—१०। १०। १—५॥

न ते सखा सुख्यं वष्ट्येतत् सलक्ष्मा यद् विषुरूपा भवाति । मुहस्पुत्रासो असुरस्य वीरा दिवो धर्तार उर्विया परि ख्यन् २

न । ते । सखा । सुख्यम् । वष्टि । एतत् । स-लक्ष्मा । यत् । विषु-रूपा । भवाति ॥ मुहः । पुत्रासः । असुरस्य । वीराः । दिवः । धर्तारः । उर्विया । परि । ख्यन् ॥ २ ॥

सुपां सुलुक्० । पा० ७ । १ । ३९ । विभक्तेराकारः । सख्येन । मित्रत्वेन (ववृत्याम्) वृतु वर्तने—लिङ्, शपः श्लुः । प्रवर्तयेयम् (तिरः) पारे (पुरु) बहुप्रकारेण (चित्) एव (अर्णवम्) अर्णवं विज्ञानम्–दयानन्दभाष्ये, यजु० १२। ४९। धापॄवस्यज्यतिभ्यो नः । उ० ३ । ६ । ऋ गतिप्रापणयोः—नप्रत्ययः, ततो मत्वर्थीयो वः । विज्ञानयुक्तं शास्त्रम् (जगन्वान्) गमेर्लिटः क्वसुः । गतवान् (पितुः) स्वजनकस्य (नपातम्) नप्तारं पौत्रम् (आदधीत) आदध्यात् । समन्ताद् धारयतु (वेधाः) मेधाविनाम–निघ० ३ । १५ । मेधावी भवान् (क्षमि अधि) भूमेरुपरि (प्रतरम्) प्रकृष्टतरम् (दीध्यानः) दीधीङ् दीप्तिदेवनयोः—शानच् । दीप्यमानः ॥

भाषार्थ—(सखा) [यह] प्रेमी (ते) तेरी (एतत्) यह (सख्यम्) प्रीति (न) नहीं (वष्टि) चाहता है—(यत्) कि (सलक्ष्मा) समान [धार्मिक] लक्षण वाली [आप] (विषुरूपा) नाना स्वभाव वाली [चंचल अधार्मिक] (भवाति) हो जावें। (महः) महान् (असुरस्य) बुद्धिमान् पुरुष के (दिवः) व्यवहार के (धर्तारः) धारण करने वाले, (वीराः) वीर (पुत्रासः) पुत्र (उर्विया) भूमि पर (परि ख्यन्) विख्यात हुये हैं ॥ २ ॥

भावार्थ—यह मन्त्र पुरुष का उत्तर है। हे स्त्री! तू जो मुझ से पुत्र की कामना करती है सो उचित नहीं, हम दोनों धर्मात्मा होकर अधर्म न करें—क्योंकि बड़े कुल में उत्पन्न व्यवहारकुशल धर्मात्मा वीर ही संसार में कीर्तिमान् होते हैं ॥ २ ॥

उशन्ति घा ते अमृतास एतदेकस्य चित् त्यजसं मर्त्यस्य।
नि ते मनो मनसि धाय्यस्मे जन्युः पतिस्तन्व१मा विविश्याः॥३॥

उशन्ति। घ। ते। अमृतासः। एतत्। एकस्य। चित्। त्यजसम्। मर्त्यस्य॥ नि। ते। मनः। मनसि। धायि। अस्मे इति। जन्युः। पतिः। तन्वम्। आ। विविश्याः॥३॥

भाषार्थ—(ते) वे (अमृतासः) अमर [यशस्वी] लोग (घ) अवश्य (एतत्) इस प्रकार से (एकस्य) एक [अद्वितीय, अति श्रेष्ठ] (मर्त्यस्य)

२—(न) निषेधे (ते) तव (सखा) प्रियः (सख्यम्) प्रीतिम् (वष्टि) कामयते (एतत्) (सलक्ष्मा) समानलक्षणा। धर्मशीला (यत्) यतः (विषुरूपा) नानास्वभावा। चञ्चला। अधार्मिका (भवाति) भवेत् (महः) महतः (पुत्रासः) पुत्राः (असुरस्य) असुः प्रज्ञानाम—निघ० ३। ९, रो मत्वर्थीयः। प्रज्ञावतः पुरुषस्य (वीराः) विक्रान्ताः (दिवः) व्यवहारस्य (धर्तारः) धारकाः (उर्विया) इयाडियाजीकाराणामुपसंख्यानम्। वा० पा० ७। १। ३९। उर्वी—डियाच्। उर्व्यां भूमौ (परि ख्यन्) ख्या प्रकथने, प्रसिद्धौ—लुङ्, अडभावः। विख्याता अभूवन् ॥

३—(उशन्ति) कामयन्ते (घ) प्रसिद्धौ (ते) प्रसिद्धाः (अमृतासः) अमराः। यशस्विनः (एतत्) अनेन प्रकारेण (एकस्य) अद्वितीयस्य। अतिश्रेष्ठस्य (चित्)

मनुष्य के (चित्) ही (त्यजलम्) सन्तान की (उशन्ति) कामना करते हैं। (ते मनः) तेरा मन (अस्मे) हमारे (मनसि) मन में (नि धायि) जमाया जावे, और (जन्युः) उत्पन्न करने वाला (पतिः) पति [होकर] (तन्वम्) [मेरे] शरीर में (आ विविश्याः) प्रवेश कर ॥ ३ ॥

भावार्थ—स्त्री का वचन है। महात्मा लोग मानते है कि अद्वितीय वीर पुरुष का सन्तान अद्वितीय वीर होता है, इस लिये तू श्रेष्ठ होकर मेरे साथ विवाह करके श्रेष्ठ सन्तान उत्पन्न कर ॥ ३ ॥

न यत् पुरा चकृमा कद्ध नूनमृतं वदन्तो अनृतं रपेम।
गन्धर्वो अप्स्वप्या च योषा सा नौ नाभिः परमं जामि तन्नौ ४

न। यत्। पुरा। चकृम। कत्। ह। नूनम्। ऋतम्। वदन्तः। अनृतम्। रपेम॥ गन्धर्वः। अप्-सु। अप्या। च। योषा। सा। नौ। नाभिः। परमम्। जामि। तत्। नौ॥ ४॥

भाषार्थ—(यत्) जो [कर्म] (पुरा) पहिले (न चकृम) हम ने नहीं किया, (कत्) कैसे (ह) निश्चय करके (नूनम्) अब (ऋतम्) सत्य (वदन्तः) बोलते हुये हम (अनृतम्) असत्य (रपेम) बोलें। [जैसे] (अप्सु) सत्कर्मों में (गन्धर्वः) दृष्टि रखने वाला पुरुष (च) और (अप्या) सत्कर्मों में प्रसिद्ध (योषा) सेवा करने वाली स्त्री [होवे], (सा) वही (नौ)

एव (त्यजसम्) त्यज हानौ दाने च—असुन्। सन्तानम् (मर्त्यस्य) मनुष्यस्य (नि) निश्चयेन। नियमेन (ते) तव (मनः) चित्तम् (मनसि) चित्ते (धायि) धीयताम् (अस्मे) अस्माकम् (जन्युः) भुजिमृङ्भ्यां युक्त्यकौ। उ० ३। २१। जन जनने–युक्। जनयिता (पतिः) त्वं पतिः सन् (तन्वम्) मम तनूं शरीरम् (आ विविश्याः) विश प्रवेशने—लिङ्, शपःश्लुः। प्रविश॥

४—(न) निषेधे (यत्) यस्मात् कारणात् (पुरा) पूर्वकाले (चकृम) वयं कृतवन्तः (कत्) कथम् (ह) निश्चयेन (नूनम्) इदानीम् (ऋतम्) सत्यम् (वदन्तः) कथयन्तः (अनृतम्) असत्यम् (रपेम) कथयेम (गन्धर्वः) गां दृष्टिं धरतीति यः सः (अप्सु) सत्कर्मसु (अप्या) अप्यः, अप्सु सत्कर्मसु भवः–दयानन्दभाष्ये, ऋग्० ६। ६७। ६। सत्कर्मसु प्रसिद्धा (च) (योषा)

हम दोनों की (नाभिः) बन्धुता, और (तत्) वह (नौ) हम दोनों का (परमम्) सब से बड़ा (जामि) सम्बन्ध [होवे] ॥ ४ ॥

भावार्थ—पुरुष का वचन है। तू कहती है-श्रेष्ठ पुरुष का सन्तान श्रेष्ठ होता है, परन्तु मैं मर्यादा तोड़कर असत्य कभी नहीं बोलूंगा। स्त्री पुरुष सदा सत्कर्म करें, यही दोनों में परस्पर बड़े स्नेह का कारण है ॥ ४ ॥

गर्भे॒ नु नौ॑ जनि॒ता दंप॑ती कर्दे॒वस्त्वष्टा॑ सवि॒ता वि॒श्वरू॑पः ।
नकि॑रस्य॒ प्र मि॑नन्ति व्र॒तानि॒ वेद॑ नाव॒स्य पृ॑थि॒वी उ॒त द्यौः ५

गर्भे॑ । नु । नौ॒ । ज॒नि॒ता । दंप॑ती॒ इति॒ दम्-प॑ती । कः । दे॒वः । त्वष्टा॑ । स॒वि॒ता । वि॒श्व-रू॑पः ॥ नकिः॑ । अ॒स्य॒ । प्र । मि॒न॒न्ति॒ । व्र॒तानि॑ । वेद॑ । नौ॒ । अ॒स्य । पृ॒थि॒वी । उ॒त । द्यौः ५

भाषार्थ—(जनिता) उत्पन्न करने वाले, (देवः) प्रकाशमान, (त्वष्टा) बनाने वाले, (सविता) प्रेरक, (विश्वरूपः) सब के रूप देने वाले परमेश्वर ने (गर्भे) गर्भ में (नु) ही (नौ) हम दोनों को (दम्पती) पति पत्नी (कः) बनाया है। (अस्य) इस [परमेश्वर] के (व्रतानि) नियमों को (नकिः प्र मिनन्ति) कोई भी नहीं तोड़ सकते, (नौ) हम दोनों के लिये (अस्य) इस [बात] को (पृथिवी) पृथिवी (उत) और भी (द्यौः) सूर्य (वेद) जानता है ॥ ५ ॥

भावार्थ—स्त्री का वचन। परमात्मा ने अपने अटल नियम से माता के गर्भ में ही हम दोनों को एक साथ जोड़िया उत्पन्न करके पति पत्नी बनाया है,

---

युष भजने-अच्, टाप्। सेवाशीला स्त्री (सा) (नौ) आवयोः (नाभिः) बन्धुता (परमम्) निरतिशयम् (जामि) वसिवपियजि० । उ० ४ । १२५ । जमु अदने--इञ्। सम्बन्धः (तत्) (नौ) आवयोः ॥

५—(गर्भे) गर्भाशये (नु) निश्चयेन (नौ) आवाम् (जनिता) उत्पादकः (दम्पती) जायापती। पतिपत्न्यौ (कः) करोतेर्लुङ्। अकः। कृतवान् (देवः) प्रकाशमानः (सविता) प्रेरकः (विश्वरूपः) सर्वस्य रूपकर्ता (नकिः) न कोऽपि (अस्य) परमेश्वरस्य (प्र) (मिनन्ति) मीञ् हिंसायाम्। ह्रस्वः प्वादित्वात्। हिंसन्ति। अतिक्रामन्ति (व्रतानि) कर्माणि (वेद) जानाति (नौ) आवाभ्याम् (अस्य) इदं वचनम् (पृथिवी) (उत) अपि च (द्यौः) सूर्यः ॥

जैसे यह प्रत्यक्ष है कि सृष्टि की आदि से सूर्य और पृथिवी में पतिपत्नी भाव है क्योंकि सूर्य वृष्टि करता है पृथिवी उसे ग्रहण करके अन्न आदि उत्पन्न करती है ॥ ५ ॥

को अद्य युङ्क्ते धुरि गा ऋतस्य शिमीवतो भामिनो दुर्हृणायून् । आसन्निषून् हृत्स्वसो मयोभून् य एषां भृत्यामृणधत् स जीवात् ॥ ६ ॥

कः । अद्य । युङ्क्ते । धुरि । गाः । ऋतस्य । शिमी-वतः । भामिनः । दुः-हृणायून् ॥ आसन्-इषून् । हृत्सु-असः । मयः-भून् । यः । एषाम् । भृत्याम् । ऋणधत् । सः । जीवात् ॥६॥

भाषार्थ—(कः) कर्ता [प्रजापति] परमेश्वर (अद्य) आज (ऋतस्य) सत्य के (गाः) गाने वाले, (शिमीवतः) उत्तम कर्म वाले, (भामिनः) तेजस्वी (दुर्हृणायून्) [शत्रुओं पर] भारी क्रोध वाले, (आसन्निषून्) ठीक स्थान पर बाण पहुंचाने वाले, (हृत्स्वसः) [शत्रुओं के] हृदयों में शस्त्र मारने वाले और (मयोभून्) [धर्मात्माओं को] सुख देने वाले वीरों को (धुरि) धुरी [भारी बोझ] में (युङ्क्ते) जोड़ता है, (यः) जो पुरुष (एषाम्) इन [वीरों] की (भृत्याम्) पोषण रीति को (ऋणधत्) बढ़ावेगा, (सः) वह (जीवात्) जीवेगा ॥ ६ ॥

६—(कः) करोतेर्डप्रत्ययः । कर्ता । प्रजापतिः परमेश्वरः (अद्य) अस्मिन् दिने (युङ्क्ते) योजयति (धुरि) भारे (गाः) गौः स्तोतृनाम—निघ० ३ । १६ । गायकान् (शिमीवतः) शिमी कर्मनाम—निघ० २ । १ । उत्तमकर्मयुक्तान् (भामिनः) भाम—इनि । तेजस्विनः (दुर्हृणायून्) हृणीयतेः क्रुध्यतिकर्मा—निघ० २ । १२ । हृणीङ् रोषणे लज्जायां च-उण्, कण्ड्वादित्वाद् यक्, अतो लोपे सति ईकारस्य आकारः । शत्रुषु महाक्रोधयुक्तान् (आसन्निषून्) पद्दन्नो-मास्० । पा०६।१।६३ । आसनशब्दस्य आसन् आदेशः । आसने लक्ष्ये प्राप्तबाणान् (हृत्स्वसः) अस्यतेः—क्विप् । शत्रुहृदयेषु प्रक्षिप्तशस्त्रान् (मयोभून्) सुखं भावुकान् वीरान् (यः) पुरुषः (एषाम्) वीराणाम् (भृत्याम्) पोषणरीतिम् (ऋणधत्) ऋधु वृद्धौ-लेटि अडागमः । वर्धयेत् (सः) (जीवात्) लेटि आडागमः । चिरं जीवेत् । यशस्वी भवेत् ॥

भावार्थ—पुरुष का वचन है। परमात्मा धुरन्धर धर्मात्मा वीरों पर संसार की रक्षा का भार रखता है, और वे उस नियम का यथावत् पालन करते हैं। जो मनुष्य ऐसे मर्यादा पुरुषों की नीति पर चलता है, वह संसार में यशस्वी होकर अमर होता है ॥ ६ ॥

यह मन्त्र ऋग्वेद में है, १। ८४। ६। महर्षि दयानन्द ने सेनापति के योग्य कर्म में इसकी व्याख्या की है ॥

को अस्य वेद प्रथमस्याह्नः क ईं ददर्श क इह प्र वोचत्।
बृहन्मित्रस्य वरुणस्य धाम कदु ब्रव आहनो वीच्या नॄन् ॥७॥

कः। अस्य। वेद। प्रथमस्य। अह्नः। कः। ईम्। ददर्श। कः। इह। प्र। वोचत्॥ बृहत्। मित्रस्य। वरुणस्य। धाम। कत्। ऊं इति। ब्रवः। आहनः। वीच्या। नॄन् ॥ ७ ॥

भाषार्थ—(कः) कौन [पुरुष] (अस्य) इस [जगत्] के (प्रथमस्य) पहिले (अह्नः) दिन को (वेद) जानता है (कः) किस ने (ईम्) इस [दिन] को (ददर्श) देखा है, (कः) कौन (इह) इस [विषय] में (प्र वोचत्) बोले। (मित्रस्य) सर्व प्रेरक (वरुणस्य) श्रेष्ठ परमेश्वर का (बृहत्) बड़ा (धाम) धाम [धारण सामर्थ्य वा नियम] है, (आहनः) हे चोट लगाने वाली! (कत् उ) कैसे (वीच्या) छल के साथ (नॄन्) नरों [नेताओं] से (ब्रवः) तू बोल सके ॥ ७ ॥

भावार्थ—यह भी पुरुष का वचन है। तू कहती है कि सूर्य और

७—(कः) प्रश्ने। कः पुरुषः (अस्य) जगतः (वेद) जानाति (प्रथमस्य) प्रथमम् (अह्नः) अहः। दिनम् (कः) (ईम्) इदं दिनम् (ददर्श) दृष्टवान् (कः) (इह) अस्मिन् विषये (प्र वोचत्) प्रकथयेत् (बृहत्) महत् (मित्रस्य) डु मिञ् प्रक्षेपणे—क्त्र। सर्वप्रेरकस्य (वरुणस्य) श्रेष्ठस्य परमेश्वरस्य (धाम) धारणसामर्थ्यम्। प्रभावः (कत्) कथम् (उ) पादपूरणः (ब्रवः) ब्रूयाः। ब्रवीषि (आहनः) आङ्+हन हिंसागत्योः—असुन्। हे आहननशीले। क्लेशकारिणि (वीच्या) व्यच व्याजीकरणे—क्विप्रत्ययः। छान्दसो दीर्घः। छलेन (नॄन्) नयतेर्डिच्च। उ० २। १००। णीञ् प्रापणे—ऋ, स च डित्। नेतॄन् पुरुषान् ॥

पृथिवी प्राकृतिक पदार्थों में भी पति पत्नी भाव है, यह ठीक नहीं। परमेश्वर के नियम मनुष्य नहीं समझ सकता, जैसे सूर्य और पृथिवी में आकर्षण धारण आदि गुण हैं जिनके कारण उनके बीच बारंबार आपस में वृष्टि देने और लेने का सामर्थ्य है। तू हमें मत ठग ॥ ७ ॥

मन्त्र ७-१२ कुछ अभेद वा भेद से ऋग्वेद में हैं—१० । १० । ६-११ ॥

यमस्य॑ मा य॒म्यं१॒ काम॒ आग॑न्त्समा॒ने योनौ॑ सह॒शेय्या॑य ।
जा॒येव॒ पत्ये॑ त॒न्वं॑ रिरिच्यां॒ वि चि॑द्वृहेव॒ रथ्ये॑व च॒क्रा ॥८॥

यमस्य॑ । मा॒ । य॒म्य॑म् । काम॑: । आ । अ॒ग॒न् । स॒मा॒ने । योनौ॑ । स॒ह॒-शेय्या॑य ॥ जा॒या-इ॑व । पत्ये॑ । त॒न्व॑म् । रि॒रि॒-च्या॒म् । वि । चि॒त् । वृ॒हे॒व॒ । रथ्या॑-इव । च॒क्रा ॥ ८ ॥

भाषार्थ—(यमस्य) यम [जोड़िया भाई] की (कामः) कामना (मा) मुझ (यम्यम्) यमी [जोड़िया बहिन] को, (समाने योनौ) एक घर में (सहशेय्याय) साथ साथ सोने के लिये, (आ अगन्) आकर प्राप्त हुयी है। (जाया इव) पत्नी के समान (पत्ये) पति के लिये (तन्वम्) [अपना] शरीर (रिरिच्याम्) मैं फैलाऊं, (चित्) और (रथ्या) रथ ले चलने वाले (चक्रा इव) दो पहियों के समान (वि विरहेव) हम दोनों मिलें ॥ ८ ॥

भावार्थ--स्त्री का वचन है। तू और मैं दोनों एक माता से एक साथ

८—(यमस्य) यम परिवेषणे—अच्। एकगर्भजायमानस्य यमजस्य भ्रातुः (मा) माम् (यम्यम्) यम ङीष् गौरादित्वात्, यणादेशः। यमीम्। एक-गर्भजायमानां यमजां भगिनीम् (कामः) कामना (आ अगन्) आगमत् (समाने) एकस्मिन्नेव (योनौ) गृहे (सहशेय्याय) अचो यत्। पा० ३। १। ९७। शीङ् शयने—यत्। शेयं शयनं स्वार्थेयत्। सहशयनाय (जाया) पत्नी (इव) यथा (पत्ये) स्वभर्त्रे (तन्वम्) तनूम्। स्वशरीरम् (रिरिच्याम्) रिचिर् विरेचने। विस्तारयेयम् (चित्) अपि च (वि वृहेव) परस्परसंश्लेषो विवर्हा। आवां संश्लेषं करवाव (रथ्या) तद्वहति रथयुगप्रासङ्गम्। पा० ४। ४। ७६। इति यत्। विभक्तेः पूर्वसवर्णदीर्घः। रथ्ये। रथवाहके (इव) यथा (चक्रा) चक्रद्वे ॥

जोड़िया उत्पन्न हुये हैं सो हम दोनों में अति प्रीति है। हम दोनों ही आपस में विवाह करके पति पत्नी बनें और मिलकर गृहस्थ आश्रम चलावें, जैसे रथ के दो पहिये धुरा के साथ आपस में मिलकर रथ चलाते हैं ॥ ८ ॥

न तिष्ठन्ति न नि मिषन्त्येते देवानां स्पश इह ये चरन्ति ।
अन्येन मदाहनो याहि तूयं तेन वि वृह रथ्येव चक्रा ॥ ९ ॥

न। तिष्ठन्ति । न । नि। मिषन्ति। एते । देवानाम् । स्पशः। इह । ये । चरन्ति ॥ अन्येन । मत् । आहनः। याहि । तूयम् । तेन । वि । वृह । रथ्या-इव । चक्रा ॥ ९ ॥

भाषार्थ--(देवानाम्) विद्वानों के (एते) यह (स्पशः) नियम (न) न (तिष्ठन्ति) ठहरते हैं और (न) न (नि मिषन्ति) मुंदते हैं, (ये) जो (इह) यहां पर (चरन्ति) चलते हैं। (आहनः) हे चोट लगाने वाली! तू (मत्) मुझ से (अन्येन) दूसरे के साथ (तूयम्) शीघ्र (याहि) जा और (तेन) उसके साथ (रथ्या) रथ ले चलने वाले (चक्रा इव) दो पहियों के समान (वि वृह) संयोग कर ॥ ९ ॥

भावार्थ—पुरुष का वचन है। बड़े लोगों की अटल मर्यादायें सब को मानने योग्य हैं, मैं बहिन के साथ विवाह नहीं कर सकता, तू दूसरे से विवाह करके गृहस्थिनी हो ॥ ९ ॥

रात्रीभिरस्मा अहभिर्दशस्येत् सूर्यस्य चक्षुर्मुहुरुन्मिमीयात् ।
दिवा पृथिव्या मिथुना सबन्धू यमीर्यमस्य विवृहादजामि॥१०(१)

९—(न) निषेधे (तिष्ठन्ति) गत्या निवर्तन्ते (न) (नि मिषन्ति) निमेषं चक्षुर्मुद्रणं कुर्वन्ति (एते) (देवानाम्) विदुषाम् (स्पशः) स्पश ग्रन्थे बाधने च–क्विप्। प्रबन्धाः। नियमाः (इह) संसारे (ये) (चरन्ति) प्रवर्तन्ते (अन्येन) इतरेण सह (मत्) मत्तः (आहनः) म० ७। हे आहननशीले (याहि) गच्छ (तूयम्) क्षिप्रनाम—निघ० २। १५। शीघ्रम् (तेन) पुरुषेण सह (वि वृह) संश्लेषं कुरु (रथ्या) म० ८। रथवाहके (इव) (चक्रा) चक्रद्वे ॥

रात्रीभिः । अस्मै । अहं-भिः । दुशुस्येत् । सूर्यस्य । चक्षुः । मुहुः । उत् । मिमीयात् ॥ दिवा । पृथिव्या । मिथुना । सर्बन्धू इति स-बंन्धू । यमीः । यमस्यं । विवृहात् । अजामि ॥ १० ॥ (१)

भाषार्थ—(रात्रीभिः) रात्रियों के साथ और (अहभिः) दिनों के साथ (अस्मै) इस [भाई] को (सूर्यस्य) सूर्य की (चक्षुः) ज्योति (दशस्येत्) [सुमति] देवे और (मुहुः) वारम्बार (उत् मिमीयात्) फैली रहे। (दिवा) सूर्य के साथ और (पृथिव्या) पृथिवी के साथ (मिथुना) जोड़ा जोड़ा(सम्बन्धू) भाई के साथ वाले हैं,[फिर] (यमीः) जोड़िया बहिन (यमस्य) जोड़िया भाई के (अजामि) बिना सम्बन्ध से (विवृहात्) उद्यम करे ॥ १० ॥

भावार्थ—स्त्री का वचन है। हे भाई ! सूर्य के प्रकाश में आंख खोल कर देख कि राति और दिन बहिन भाई होकर पति पत्नी भाव से रहते हैं और सूर्य और पृथिवी के बीच सब पदार्थों में भी यही सम्बन्ध है, फिर मैं भी बहिन होकर अपने भाई से ही विवाह करूं ॥ १० ॥

आ घा ता गंच्छानुत्तंरा युगानि यत्रं जामयः कृणवन्नजामि । उपं बर्बृहि वृषभाय बाहुमन्यमिंच्छस्व सुभगे पतिं मत् ॥११॥

आ । घ । ता । गच्छान् । उत्-तंरा । युगानि । यत्रं । जामयः । कृणवंन् । अजामि ॥ उपं । बर्बृहि । वृषभायं ।

१०—(रात्रीभिः) (अस्मै) यमाय (अहभिः) अहोभिः । दिनैः (दशस्येत्) दद्यात् सुमतिम् (सूर्यस्य) (चक्षुः) प्रकाशकं तेजः (मुहुः) बारम्बारम् (उन्मिमीयात्) माङ् माने, परस्मैपदं छान्दसम् । ऊर्ध्वं मानं गमनं कुर्यात् (दिवा) सूर्येण सह(पृथिव्या) भूम्या सह (मिथुना) स्त्रीपुरुषयोर्युग्मे । द्वन्द्वे (सबन्धू) बन्धुना भ्रात्रा सहिते (यमीः) विसर्गश्छान्दसः—म० ८ । यमी । एकगर्भजायमाना यमजा भगिनी (यमस्य) म० ८ । एकगर्भजायमानस्य यमजस्य । भ्रातुः (वि वृहात्) वृह्ह उद्यमने । विविधं यत्नं कुर्यात् (अजामि) अजामित्वेन । सम्बन्धराहित्येन ॥

बाहुम् । अन्यम् । इच्छस्व । सु-भगे । पतिम् । मत् ॥ ११ ॥

भाषार्थ—(ता) वे (उत्तरा) अगले (युगानि) युग [समय] (घ) निःसन्देह (आ गच्छान्) आवें, (यत्र) जिन में (जामयः) कुल स्त्रियां [वा बहिनें] (अजामि) कुल स्त्रियों [वा बहिनों] के अयोग्य काम को (कृणवन्) करने लगें । (वृषभाय) श्रेष्ठ वर के लिये (बाहुम्) [अपनी] भुजा (उप बर्बृहि) आगे बढ़ा, (सुभगे) हे सुभगे ! [बड़े ऐश्वर्य वाली (मत्) मुझ से (अन्यम्) दूसरे (पतिम्) पति को (इच्छस्व) ढूंढ़ ॥ ११ ॥

भावार्थ—पुरुष का वचन है । चाहे कुल स्त्रियां धर्म छोड़ कर अधर्म करने लगें, मैं अधर्म न करूंगा, तू अपने लिये दूसरा पति वरके गृहस्थ आश्रम कर ॥ ११ ॥

किं भ्रातासद् यदनाथं भवाति किमु स्वसा यन्निर्ऋतिर्नि-गच्छात् । कामसूता बह्वे३तद् रपामि तन्वा मे तन्वं१ सं पिपृग्धि ॥ १२ ॥

किम् । भ्राता । असत् । यत् । अनाथम् । भवाति । किम् । ऊं इति । स्वसा । यत् । निः-ऋतिः । नि-गच्छात् ॥ काम-सूता । बहु । एतत् । रपामि । तन्वा । मे । तन्वम् । सम् । पिपृग्धि ॥ १२ ॥

११—(आ गच्छान्) आगच्छेयुः (घ) निश्चयेन (ता) तानि (उत्तरा) आगामीनि (युगानि) समयविशेषाः (यत्र) येषु युगेषु (जामयः) कुल-स्त्रियः । भगिन्यः (कृणवन्) कृवि हिंसाकरणयोः । कुर्युः (अजामि) कुलस्त्रीणां भगिनीनां वा अयोग्यं कर्म (उप) समीपे (वर्बृहि) वृह वृद्धौ यङ्लुकि लोट् । भृशं वर्धय (वृषभाय) श्रेष्ठाय वराय (बाहुम्) स्वभुजम् (अन्यम्) भिन्नपुरुषम् (इच्छस्व) कामयस्व (सुभगे) हे बह्वैश्वर्यवति (पतिम्) भर्तारम् (मत्) मत्तः ॥

भाषार्थ—(भ्राता) भाई (किम्) क्या (असत्) होवे, (यत्) जब [बहिन को] (अनाथम्) बिन सहारा (भवाति) होवे, (उ) और (स्वसा) बहिन (किम्) क्या है (यत) जब [भाई पर] (निर्ऋतिः) महाविपत्ति (निगच्छात्) आपड़े। (काममूता) काम से बंधी हुई मैं (बहु) बहुत कुछ (एतत्) यह (रपामि) कहती हूं, (तन्वा) [अपने] शरीर से (मे) मेरे (तन्वम्) शरीर को (सं पिपृग्धि) मिलकर छू ॥ १२ ॥

भावार्थ—स्त्री का बचन है। वह भाई नहीं है जो बहिन की विपत्ति में सहाय न करे और न वह बहिन है जो भाई के कष्ट को न मिटावे। मैं काम से पीड़ित होकर तेरे साथ विवाह के लिये कहती हूं ॥ १२ ॥

न ते॑ ना॒थं य॑म्य॒त्राहम॑स्मि॒ न ते॑ त॒नूं त॒न्वा॒३॒॑ सं प॑पृच्याम् ।
अ॒न्येन॒ मत् प्र॒मुदः॑ कल्पयस्व॒ न ते॒ भ्राता॑ सुभगे वष्ट्ये॒तत् ॥१३॥

न । ते॒ । ना॒थम् । य॒मि॒ । अत्र॑ । अ॒हम् । अ॒स्मि॒ । न । ते॒ । त॒नूम् । त॒न्वा॑ । सम् । प॒पृ॒च्या॒म् ॥ अ॒न्येन॑ । मत् । प्र॒-मुदः॑ । क॒ल्प॒य॒स्व॒ । न । ते॒ । भ्राता॑ । सु॒-भ॒गे॒ । व॒ष्टि॒ । ए॒तत् ॥ १३ ॥

भाषार्थ—(यमि) हे यमी ! [जोड़िया बहिन] (अहम्) मैं (अत्र) इस [विषय] में (ते) तेरा (नाथम्) आश्रय (न) नहीं (अस्मि) हूं, (ते) तेरे (तनूम्) शरीर को (तन्वा) [अपने] शरीर से (न) नहीं (सम्)

१२—(किम्) किमर्थम्। निष्फलम् (भ्राता) सहोदरः (असत्) भवेत् (यत्) यदि (अनाथम्) अनाथत्वम्। अनाश्रयत्वम् (भवाति) भवेत्, भगिन्याम् (किम्) निष्फलम् (उ) समुच्चये (स्वसा) भगिनी (यत्) यदि (निर्ऋतिः) कृच्छ्रापत्तिः (निगच्छात्) निपतेत् भ्रातरि (काममूता) मूङ् बन्धने—क्त। कामेन बद्धा पीडिता (बहु) नानाप्रकारेण (एतत्) इदं वचनम् (रपामि) कथयामि (तन्वा) स्वशरीरेण (मे) मम (सम्) संगत्य (पिपृग्धि) पृची सम्पर्के। छान्दसः श्लुः, अभ्यासस्य इत्वं। संपर्चय ॥

१३—(न) निषेधे (ते) तव (नाथम्) आश्रयः (यमि) म० ८। हे यमजे भगिनि (अत्र) अस्मिन् विषये (अहम्) भ्राता (अस्मि) भवामि (न)

मिलकर (पपृच्याम्) छू ऊंगा। (मत्) मुझ से (अन्येन) दूसरे [वर] के साथ (प्रमदः) आनन्दों को (कल्पयस्व) मना, (सुभगे) हे सुभगे ! [बड़े ऐश्वर्य वाली] (ते भ्राता) तेरा भाई (एतत्) यह (न) नहीं (वष्टि) चाहता है ॥ १३ ॥

भावार्थ—पुरुष का वचन है। यह ठीक है कि हम दोनों भाई बहिन होकर विपत्ति में परस्पर सहाय करें, परन्तु धर्म छोड़कर बहिन से विवाह न करूंगा। मैं तुझ से कहता हूं कि तू दूसरे योग्य वर से विवाह कर ले ॥ १३ ॥

इस मन्त्र का उत्तरार्द्ध ऋग्वेद में है—१० । १० । १२ ॥

न वा उ॑ ते त॒नूं त॒न्वा॒ ३ सं प॑पृच्यां पा॒पमा॑हु॒र्यः स्वसा॑रं नि॒गच्छा॑त् । अ॒सं॑यदे॒तन्मन॑सो हृ॒दो मे॑ भ्रा॒ता स्वसु॒ः शय॑ने॒ यच्छ॒यी॑य ॥ १४ ॥

न । वै । ऊं॒ इति॑ । ते॒ । त॒नूम् । त॒न्वा॑ । सम् । प॒पृ॒च्या॒म् । पा॒पम् । आ॒हुः॒ । यः । स्वसा॑रम् । नि॒-गच्छा॑त् ॥ अ॒सम्-य॒त् । ए॒तत् । मन॑सः । हृ॒दः । मे॒ । भ्राता॑ । स्वसुः॑ । शय॑ने । यत् । श॒यी॑य ॥ १४ ॥

भाषार्थ—(वै उ) कभी भी (ते तनूम्) तेरे शरीर को (तन्वा) [अपने] शरीर से (न) नहीं (सम्) मिलकर (पपृच्याम्) छूऊंगा, [उस मनुष्य को] (पापम्) पापी (आहुः) वे [शिष्ट लोग] कहते हैं, (यः) जो (स्वसारम्) बहिन को (निगच्छात्) नीचपन से प्राप्त करे। (एतत्) यह

नहि (ते) तव (तनूम्) शरीरम् (तन्वा) स्वशरीरेण (सम्) संगत्य (पपृच्याम्) संपर्चयाम् (अन्येन) भिन्नेन वरेण (मत्) मत्तः (प्रमुदः) प्रहर्षान् (कल्पयस्व) समर्थय। साधय (न) निषेधे (ते) तव (भ्राता) सहोदरः (सुभगे) हे बह्वैश्वर्यवति (वष्टि) इच्छति (एतत्) इदं कर्म ॥

१४—(न) निषेधे (वै उ) कदापि (ते) तव (तनूम्) शरीरम् (तन्वा) स्वशरीरेण (सम्) संगत्य (पपृच्याम्) संपर्चयाम् (पापम्) पापिनं तं पुरुषम् (आहुः) कथयन्ति शिष्टाः (यः) भ्राता (स्वसारम्) भगिनीम् (निगच्छात्) नीचं प्राप्नुयात् (असंयत्) यमु उपरमे—क्विप। असंगतम्

[बात] (मे) मेरे (मनसः) मन [संकल्प] के और (हृदः) हृदय [निश्चय] के (असंयत्) असंगत है—(यत्) कि (भ्राता) मैं भाई (स्वसुः) बहिन की (शयने) सेज पर (शयीय) सोऊं ॥ १४ ॥

भावार्थ—यह भी पुरुष का वचन है। मैं कभी भी तेरे साथ विवाह न करूंगा। बड़े लोग भाई के साथ बहिन का विवाह पाप मानते हैं और मैं भी अन्तः करण से इसे पाप समझता हूं॥ १४ ॥

इस मन्त्र का पूर्वार्द्ध ऋग्वेद में है—१०। १०। १२ ॥

बतो बंतासि यम नैव ते मनो हृदयं चाविदाम। अन्या किल त्वां कक्ष्यैव युक्तं परि ष्वजातै लिबुजेव वृक्षम् ॥ १५ ॥

बतः। बत। असि। यम। न। एव। ते। मनः। हृदयम्। च। अविदाम ॥ अन्या। किल। त्वाम्। कक्ष्या-इव। युक्तम्। परि। स्वजातै। लिबुजा-इव। वृक्षम् ॥ १५ ॥

भाषार्थ—(बत) हा! (यम) हे यम! [जोड़िया भाई] तू (बतः) बड़ा निर्बल (असि) है, (ते) तेरे (मनः) मन [संकल्प] को (च) और (हृदयम्) हृदय [निश्चय] को (एव) निःसन्देह (न अविदाम) हम ने नहीं पाया। (अन्या) दूसरी स्त्री (किल) अवश्य (त्वाम्) तुझ से (परि ष्वजातै) आलिङ्गन करेगी, (कक्ष्या इव) जैसे घोड़े की पेटी (युक्तम्) कसे

(एतत्) इदं कर्म (मनसः) चित्तस्य। संकल्पस्य (हृदः) हृदयस्य। निश्चयस्य (मे) मम (भ्राता) (स्वसुः) भगिन्याः (शयने) शय्यायाम् (यत्) अर्थबोधने (शयीय) अहं शयनं कुर्याम् ॥

१५—(बतः) वन उपकारे उपतापे च—क। बतो बलादतीतो भवति दुर्बलः—निरु० ६। २८। अतिनिर्बलः (बत) शोके। हा (असि) (यम) म० ८। हे यमजभ्रातः (न) निषेधे (एव) निश्चयेन (ते) तव (मनः) चित्तम् संकल्पम् (हृदयम्) अन्तःकरणम्। निश्चयम् (च) (अविदाम) विद्लृ लाभे—लुङ्। वयं प्राप्तवत्यः (अन्या) मद्भिन्ना स्त्री (किल) प्रसिद्धौ (त्वाम्) (कक्ष्या) अश्वस्य कक्षप्रदेशस्था रज्जुः (इव) यथा (युक्तम्) गमनाय योजि-

हुये [घोड़े] से और (लिबुजा इव) जैसे बेल [लता] (वृक्षम्) वृक्ष से [लिपट जाती है] ॥ १५ ॥

भावार्थ—स्त्री का वचन है। भाई! मैं ने तुझे इतना समझाया पर तू ने मेरी बात न मानी, अवश्य मुझ से दूसरी स्त्री तेरे साथ विवाह कर के सुख भोगेगी ॥ १५ ॥

मन्त्र १५ और १६ कुछ भेद से ऋग्वेद में हैं—१०।१०।१३, १४ ॥

अन्यमू षु यम्यन्य उ त्वां परि ष्वजातै लिबुजेव वृक्षम्। तस्य वा त्वं मन इच्छा स वा तवाधा कृणुष्व संविदं सुभद्राम् ॥ १६ ॥

अन्यम्। ऊं इति। सु। यमि। अन्यः। ऊं इति। त्वाम्। परि। स्वजातै। लिबुजा-इव। वृक्षम् ॥ तस्य। वा। त्वम्। मनः। इच्छ। सः। वा। तव। अध। कृणुष्व सम्-विदम्। सु-भद्राम् ॥ १६ ॥

भाषार्थ—(यमि) हे यमी! [जोड़िया बहिन] तू (अन्यम्) दूसरे पुरुष से (सु उ) अच्छे प्रकार [मिल], (उ) और (अन्यः) दूसरा पुरुष (त्वाम्) तुझ से (परि ष्वजातै) मिले, (लिबुजा इव) जैसे बेल [लता] (वृक्षम्) वृक्ष से। (वा) और (त्वम्) तू (तस्य) उसके (मनः) मन को (इच्छ) चाह, (वा) और (सः) वह (तव) तेरे [मन को चाहे], (अध) फिर तू (सुभद्राम्) बड़े मङ्गल युक्त (संविदम्) संगति (कृणुष्व) कर ॥ १६ ॥

भावार्थ—पुरुष का अन्तिम वचन है। हे बहिन! तू प्रसन्न होकर दूसरे योग्य वर से विवाह कर ले। तुम दोनों परस्पर प्रीति बढ़ाकर आनन्द भोगो १६

तमश्वम् (परिष्वजातै) आलिङ्गेत् (लिबुजा) अ० ६।८।१। लता (वृक्षम्) तरुम् ॥

१६—(अन्यम्) भिन्नपुरुषम्—परिष्वजेति शेषः (उ) एव (सु) सुष्ठु (यमि) म० ८। हे यमजे भगिनि (अन्यः) इतरः पुरुषः (उ) (त्वाम्) (परिष्वजातै) आलिङ्गेत् (लिबुजा) अ० ६।८।१। लता (इव) यथा (वृक्षम्) (तस्य) वरस्य (वा) समुच्चये। च (त्वम्) (मनः) चित्तम् (इच्छ) कामयस्व (सः) वरः (वा) च (तव) (अध) अथ। अनन्तरम् (कृणुष्व) कुरु (संविदम्) संगतिम् (सुभद्राम्) अत्यन्तमङ्गलप्रदाम् ॥

मन्त्राः १७—२६ ॥

अग्निर्देवता [ऋग्वेदे १० । ११ । १-८ यथा]॥ १७ आर्षी त्रिष्टुप् ; १८-२०, २२ निचृज्जगती ; २१, २३ जगती ; २४—२६ त्रिष्टुप् ॥

विद्वत्कर्मोपदेशः—विद्वानों के कर्त्तव्य का उपदेश ॥

त्रीणि॒ छन्दां॑सि क॒वयो॒ वि ये॑तिरे पुरु॒रूपं॑ दर्श॒तं वि॒श्वच॑क्षणम् । आपो॒ वाता॒ ओष॑धय॒स्तान्येक॑स्मि॒न् भुव॑न॒ आर्पि॑तानि ॥ १७ ॥

त्रीणि॑ । छन्दां॑सि । क॒वयः॑ । वि । ये॒ति॒रे॒ । पु॒रु॒-रूप॑म् । द॒र्श॒तम् । वि॒श्व-च॑क्षणम् ॥ आपः॑ । वाताः॑ । ओष॑धयः । तानि॑ । एक॑स्मिन् । भुव॑ने । आर्पि॑तानि ॥ १७ ॥

भाषार्थ—(कवयः) बुद्धिमानों ने (पुरुरूपम्) अनेक प्रकार निरूपण करने योग्य, (दर्शतम्) अद्भुत गुण वाले (विश्वचक्षणम्) सब के देखने योग्य, (त्रीणि) तीन (छन्दांसि) आनन्द देने वाले पदार्थों को (वि) विविध प्रकार (येतिरे) यत्न में किया है । वे (आपः) जल, (वाताः) पवनें और (ओषधयः) ओषधें [सोमलता, जौ, चावल आदि] हैं, (तानि) वे सब (एकस्मिन्) एक (भुवने) भुवन [सब के आधार परमात्मा] में (आर्पितानि) ठहरे हैं ॥ १७ ॥

भावार्थ—विद्वान् लोग अनेक प्रकार उपकारी जल, वायु और ओषधियों आदि के गुणों को विद्वानों में उपदेश करके लाभ उठावें और उनके कर्ता परमात्मा की महिमा जानकर उन्नति करें ॥ १७ ॥

१७—(त्रीणि) त्रिसंख्याकानि (छन्दांसि) अ० ४ । ३४ । १ । चन्देरादेश्च छः । उ० ४ । २१६ । चदि आह्लादने—असुन्, चस्य छः । आनन्दप्रदपदार्थान् (कवयः) मेधाविनः (वि) विविधम् (येतिरे) यती प्रयत्ने—लिट् । यत्नं कृतवन्तः (पुरुरूपम्) बहुविधनिरूपणीयम् (दर्शतम्) दृशिर्—अतच् । दर्शनीयम् । अद्भुतगुणयुक्तम् (विश्वचक्षणम्) सर्वैर्दर्शनीयम् (आपः) जलानि (वाताः) वायवः (ओषधयः) सोमलताव्रीहियवादयः (तानि) वस्तूनि (एकस्मिन्) (भुवने) सर्वाधारे परमेश्वरे (आर्पितानि) समन्ताद् निवेशितानि ॥

वृषा वृष्णे दुदुहे दोहसा दिवः पयांसि यह्वो अदितेरदाभ्यः। विश्वं स वेद वरुणो यथा धिया स यज्ञियो यजति यज्ञियाँ ऋतून् ॥ १८ ॥

वृषा। वृष्णे। दुदुहे। दोहसा। दिवः। पयांसि। यह्वः। अदितेः। अदाभ्यः॥ विश्वम्। सः। वेद। वरुणः। यथा। धिया। सः। यज्ञियः। यजति। यज्ञियान्। ऋतून् ॥ १८ ॥

भाषार्थ—(यह्वः) महान्, (अदाभ्यः) न दबने वाले (वृषा) बड़े ऐश्वर्य वाले परमात्मा ने (वृष्णे) पराक्रमी मनुष्य के लिये (दिवः) आनन्द देने वाली (अदितेः) अखण्ड वेदवाणी की (दोहसा) पूरणता से (पयांसि) अनेक रसों को (दुदुहे) भरपूर किया है। (वरुणः यथा) श्रेष्ठ पुरुष के समान (सः) वह [मनुष्य] (विश्वम्) संसार को (धिया) [अपनी] बुद्धि से (वेद) जानता है और (सः) वह (यज्ञियः) पूजनीय होकर (यज्ञियान्) पूजनीय (ऋतून्) ऋतुओं [उचित कालों] को (यजति) पूजता है ॥ १८ ॥

भावार्थ—परमात्मा ने वेदद्वारा पुरुषार्थी के लिये संसार में अनेक ऐश्वर्य का उपदेश किया है। वही ज्ञानी पुरुष श्रेष्ठों के समान आचरण करके उचित समय को न खोकर संसार का उपकार करता है ॥ १८ ॥

मन्त्र १८—२४ कुछ भेद वा अभेद से ऋग्वेद में हैं—१०। ११। १-७ ॥

रपद् गन्धर्वीरप्या च योषणा नदस्य नादे परि पातु नो मनः।

१८—(वृषा) वृषु प्रजनने, परमशक्तौ पराक्रमे च—कनिन्। परमशक्तिमान् परमेश्वरः। इन्द्रः (वृष्णे) पराक्रमिणे पुरुषाय (दुदुहे) प्रपूरितवान् (दोहसा) दुह प्रपूरणे—असुन्। प्रपूर्त्या (दिवः) दिवु मोदे—डिवि। आनन्दप्रदायाः (पयांसि) रसान् (यह्वः) महान्—निघ० ३। ३। (अदितेः) अदितिर्वाङ्—नाम—निघ० १। ११। अखण्डिताया वेदवाण्याः (अदाभ्यः) अहिंस्यः (विश्वम्) संसारम् (सः) पराक्रमी (वेद) वेत्ति (वरुणः) श्रेष्ठपुरुषः (यथा) सादृश्ये (धिया) प्रज्ञया (सः) (यज्ञियः) पूजार्हः (यजति) पूजयति (यज्ञियान्) पूजनीयान् (ऋतून्) अर्तेश्चतुः। उ० १। ७२। ऋ गतौ—तु, कित्। गमनशीलान् योग्यकालान् ॥

इ॒ष्टस्य॒ मध्ये॒ अदि॑ति॒र्नि धा॑तु नो॒ भ्राता॑ नो ज्ये॒ष्ठः प्र॑थ॒मो वि वो॑चति ॥ १८ ॥

रप॑त् । ग॒न्ध॒र्वीः । अप्या॑ । च॒ । योष॑णा । न॒दस्य॑ । ना॒दे । परि॑ । पा॒तु॒ । नः॒ । मनः॑ ॥ इ॒ष्टस्य॑ । मध्ये॑ । अदि॑तिः । नि । धा॒तु॒ । नः॒ । भ्राता॑ । नः॒ । ज्ये॒ष्ठः । प्र॒थ॒मः । वि । वो॒च॒ति॒१८

भाषार्थ—(गन्धर्वीः) विद्वानों को धारण करने वाली, (अप्या) सत्कर्मों में प्रसिद्ध (च) और (योषणा) सेवने योग्य [वेद वाणी] (रपत्) स्पष्ट कहती है—कि वह [वेदवाणी] (नदस्य) स्तोता [गुणज्ञ] पुरुष के (नादे) सत्कार में (नः) हमारे (मनः) मन [वा विज्ञान] की (परि) सब ओर से (पातु) रक्षा करे। (अदितिः) अखण्ड वेदवाणी (इष्टस्य) अभीष्ट सुख के (मध्ये) बीच में (नः) हमें (नि) नित्य (धातु) रक्खे, (भ्राता) भाई [के समान हितकारी] (ज्येष्ठः) अतिश्रेष्ठ, (प्रथमः) मुख्य पुरुष (नः) हम को (वि) अनेक प्रकार (वोचति) उपदेश करे ॥ १६ ॥

भावार्थ—वेदवाणी हमें उपदेश करती है कि मनुष्य गुणों के जानने से अपनी रक्षा करता और अभीष्ट सुख पाता है, श्रेष्ठ विद्वान् परस्पर यही उपदेश करे ॥ १६ ॥

सो चि॒न्नु भ॒द्रा क्षु॒मती॒ यश॑स्वत्यु॒षा उ॑वास॒ मन॑वे॒ स्व॑र्वती । यदी॑मु॒शन्त॑मुश॒तामनु॒ क्रतु॑म॒ग्निं होता॑रं वि॒दथा॑य॒ जीज॑-

१६– (रपत्) रपति । उपदिशति (गन्धर्वीः) गौः स्तोतृनाम—निघ० ३ ।१६। स्तोतॄणां धारयित्री (अप्या) म० ४। सत्कर्मसु भवा (च) (योषणा) युष भजने—ल्यु, टाप्। सेवनीया (नदस्य) नदः स्तोतृनाम– निघ० ३ । १६ । स्तोतुः । गुणज्ञस्य (नादे) नदतिरर्चतिकर्मा—निघ० ३ । १४ । अर्चने। सत्कारे (परि) सर्वतः (पातु) रक्षतु (नः) अस्माकम् (मनः) विज्ञानम् । अन्तः-करणम् (इष्टस्य) अभीष्टसुखस्य (मध्ये) (अदितिः) अखण्डिता वेद-वाणी (नि) नित्यम् (धातु) दधातु (नः) अस्मान् (भ्राता) भ्रातेव हित-कारी (नः) अस्माकम् (ज्येष्ठः) प्रशस्यतमः (प्रथमः) मुख्यः पुरुषः (वि) विविधम् (वोचति) वक्तु । उपदिशतु ॥

नन् ॥ २० ॥ (२)

सो इति । चित् । नु । भुद्रा । सु-मती । यशस्वती । उषाः । उवास । मनवे । स्वः-वती ॥ यत् । ईम् । उशन्तम् । उशताम् । अनु । क्रतुम् । अग्निम् । होतारम् । विदथाय । जीजनन् ॥ २० ॥ (२ ॥

भाषार्थ—(सो) वही (चित्) निश्चय करके (नु) अब (भद्रा) कल्याणी, (सुमती) अन्न वाली, (यशस्वती) यश वाली, (स्वर्वती) बड़े सुख वाली [वेदवाणी], (उषाः) उषा [प्रभात वेला के समान], (मनवे) मनुष्य के लिये (उवास) प्रकाशमान हुयी है। (यत्) क्योंकि (ईम्) इस [वेदवाणी] को (उशन्तम्) चाहने वाले, (होतारम्) दानी (अग्निम्) विद्वान् पुरुष को (उशताम्) अभिलाषी पुरुषों की (क्रतुम् अनु) बुद्धि के साथ (विदथाय) ज्ञान समाज के लिये (जीजनन्) उन्होंने [विद्वानों ने] उत्पन्न किया है ॥२० ॥

भावार्थ—परमात्मा ने मनुष्य के कल्याण के लिये वेदवाणी को सूर्य के प्रकाश के समान संसार में प्रकट किया है। जो मनुष्य वेदज्ञाता महाविद्वान् होवे, विद्वान् लोग उसको मुखिया बनाकर समाज का सुख बढ़ावें ॥ २० ॥

अध त्यं द्रप्सं विभ्वं विचक्षणं विराभरदिषितः श्येनो अध्वरे। यदी विशो वृणते दस्ममार्या अग्निं होतारमध धीरजायत २१

अध । त्यम् । द्रप्सम् । वि-भ्वम् । वि-चक्षणम् । विः । आ ।

२०—(सो) सा–उ । सैव वेदवाणी (चित्) एव (नु) सम्प्रति (भद्रा) कल्याणी (सुमती) अन्नवती—निघ० २ । ७ (यशस्वती) कीर्तिमती (उषाः) प्रभातवेलारूपा वेदवाणी (उवास) वस–लिट् । प्रकाशं कृतवती (मनवे) (मनुष्याय (स्वर्वती) सुखवती (यत्) यतः (ईम्) इमां वेदवाणीम् (उशन्तम्) कामयमानम् (उशताम्) कामयमानानाम् । अभिलाषिणाम् (अनु) अनुसृत्य (क्रतुम्) प्रज्ञाम्—निघ० ३ । ९ (अग्निम्) विद्वांसम् (होतारम्) दातारम् (विदथाय) ज्ञानसमाजाय (जीजनन्) अजीजनन् । उदपादयन् ते विद्वांसः ॥

अभरत् । इषिरः । श्येनः । अध्वरे ॥ यदि । विशः । वृणते । दस्मम् । आर्याः । अग्निम् । होतारम् । अध । धीः । अजायत ॥ २१ ॥

भाषार्थ—(अध) और (त्यम्) उस (द्रप्सम्) हर्ष देने वाले, (विभ्वम्) बली (विचक्षणम्) चतुर [विद्वान्] पुरुष को (श्येनः) श्येन [बाज] (विः) पक्षी [के समान] (इषिरः) फुरतीला [आचार्य आदि] (अध्वरे) यज्ञ में (आ अभरत्) लाया है। (यदि) यदि (आर्याः) आर्य [श्रेष्ठ] (विशः) मनुष्य (दस्मम्) दर्शनीय, (होतारम्) दानी (अग्निम्) विद्वान् पुरुष को (वृणते) चुने, (अध) तब (धीः) वह कर्म (अजायत) हो जावे ॥ २१ ॥

भावार्थ—जिस विद्वान् दूरदर्शी जन को उत्तम गुणों के कारण विद्वान् आचार्य आदि प्रसिद्ध करें उसको श्रेष्ठ लोग प्रधान बनाकर कार्य सिद्ध करें॥२१॥

सदासि रण्वो यवसेव पुष्यते होत्राभिरग्ने मनुषः स्वध्वरः । विप्रस्य वा यच्छशमान उक्थ्यो ३ वाजं ससवाँ उपयासि भूरिभिः ॥ २२ ॥

सदा । असि । रण्वः । यवसा-इव । पुष्यते । होत्राभिः । अग्ने । मनुषः । सु-अध्वरः ॥ विप्रस्य । वा । यत् । शश-

२१—(अध) अथ (त्यम्) तम् (द्रप्सम्) वृतॄवदिवचि० । उ० ३ । ६२ । दृप हर्षमोहनयोः—सप्रत्ययः । हर्षकारिणम् (विभ्वम्) विभुम् । प्रभुम् । (विचक्षणम्) दूरदर्शिनम् । चतुरम् (विः) वातेर्डिच्च । उ० ४ । १३४ । वा गतिगन्धनयोः-इण, डित् । पक्षी (आ अभरत्) हस्य भः । आहरत् । आहृतवान्(इषिरः) इषिमदिमुदि० । उ० १ । ५१ । इष गतौ–किरच् । शीघ्रगामी (श्येनः) श्येन इव (अध्वरे) यज्ञे (यदि) (विशः) मनुष्याः–निघ० २ । ३ (वृणते) वरणं कुर्वन्ति । पुरस्कुर्वन्ति (दस्मम्) दर्शनीयम् (आर्याः) ऋ गतिप्रापणयोः–ण्यत् । श्रेष्ठाः (अग्निम्) विद्वांसम् (होतारम्) दातारम् (अध) अनन्तरम् (धीः) कर्म–निघ० २ । १ (अजायत) जायते ॥

मानः। उक्थ्यः। वाजम्। सस-वान्। उप-यासि। भूरि-भिः॥२२

भाषार्थ—(अग्ने) हे विद्वान् ! (स्वध्वरः) सुन्दर यज्ञ वाला होकर (मनुषः) ज्ञान की (होत्राभिः) वाणियों से (पुष्यते) पुष्ट करने वाले [मनुष्य] के लिये (यवसा इव) जैसे घास [गौ आदि के लिये] (सदा) सदा तू (रणवः) रमणीय [सुखदायक] (असि) होता है। (वा) और (यत्) क्योंकि (विप्रस्य) विद्वान् [आचार्य आदि] के (वाजम्) विज्ञान को (ससवान्) सेवन कर चुका हुआ, (शशमानः) फुरतीला, (भूरिभिः) बहुत [उत्तम पुरुषों] से (उक्थ्यः) स्तुतियोग्य तू (उपयासि) आता है ॥ २२ ॥

भावार्थ—विद्वान् को योग्य है कि ज्ञानदाता आचार्य आदि को अपने सत्कर्मों से सदा प्रसन्न रक्खे, क्योंकि उन्हीं महात्माओं की कृपा से वह विज्ञान प्राप्त करके संसार में विख्यात हुआ है ॥ २२ ॥

उदीरय पितरा जार आ भगमियक्षति हर्यतो हृत्त इष्यति।
विवक्ति वह्निः स्वपस्यते मखस्तविष्यते असुरो वेपते मती॥२३

उत्। ईरय। पितरा। जारः। आ। भगम्। इयक्षति। हर्यतः। हृत्तः। इष्यति॥ विवक्ति। वह्निः। सु-अपस्यते। मखः। तविष्यते। असुरः। वेपते। मती॥ २३॥

२२—(सदा) सर्वदा (असि) भवसि (रणवः) कॄगृशॄदृभ्यो वः। उ० १। १५५। रमु क्रीडायाम्—व, मस्य णः। रमणीयः। सुखप्रदः यद्वा, रण शब्दे गतौ च-वप्रत्ययः। स्तुत्यः। प्राप्तव्यः (यवसा) विभक्तेराकारः। यवसम्। घासः। तृणम् (इव) यथा (पुष्यते) पुष पुष्टौ-शतृ। पोषणं कुर्वते पुरुषाय (होत्राभिः) वाग्भिः—निघ० १। ११ (अग्ने) हे विद्वन् (मनुषः) जनेरुसिः उ० २। ११५। मन ज्ञाने—उसि। ज्ञानस्य (स्वध्वरः) शोभनयागः (विप्रस्य) मेधाविनः (वा) च (यत्) यतः (शशमानः) अ० २। ३४। २। शश प्लुतगतौ—चानश्। उत्प्लुत्य गमनशीलः। शीघ्रगामी (उक्थ्यः) स्तुत्यः (वाजम्) विज्ञानम् (ससवान्) षण संभक्तौ—क्वसु। संभजमानः। सेवमानः (उपयासि) आगच्छसि (भूरिभिः) बहुपुरुषैः॥

भाषार्थ—[हे विद्वान्!] (जारः आ) स्तोता [गुणज्ञ पुरुष] के समान (पितरा) माता पिता को (भगम्) ऐश्वर्य की ओर (उत् ईरय) ऊंचा पहुंचा, [क्योंकि] (हर्यतः) [शुभगुणों का] चाहने वाला (हृत्तः) हृदय से (इयक्षति) [उन्हें] पूजना चाहता है और (इष्यति) चलता है। (वह्निः) भार उठाने वाला (विवक्ति) बोलता है, (मखः) उद्यागी (स्वपस्यते) सत्कर्म करना चाहता है और (असुरः) प्राणवान् [बलवान्] (तविष्यते) महान् होना चाहता है, और (मती) बुद्धि के साथ (वेपते) चेष्टा करता है ॥ २३॥

भावार्थ—विद्वान् कृतज्ञ पुरुष धन आदि से माता पिता की सेवा करे, क्योंकि वृद्धों की सेवा से मनुष्य पुरुषार्थी होकर जगत् में बड़ा होता है ॥ २३ ॥

यस्ते॑ अग्ने सुम॒तिं मर्तो॒ अख्य॒त् सह॑सः सूनो॒ अति॒ स प्र शृ॑ण्वे।
इषं॒ दधा॑नो॒ वह॑मानो॒ अश्वै॒रा स द्यु॒माँ अम॑वान् भूषति॒ द्यून्॥२४

यः। ते॒। अ॒ग्ने॒। सु॒ऽम॒तिम्। मर्तः॑। अख्य॑त्। सह॑सः। सू॒नो॒ इति॑। अति॑। सः। प्र। शृ॒ण्वे॒॥ इष॑म्। दधा॑नः। वह॑मानः। अश्वैः॑। आ। सः। द्यु॒ऽमान्। अम॑ऽवान्। भू॒षति॒। द्यून्॥२४॥

भाषार्थ—(अग्ने) हे विद्वान्! (यः मर्तः) जो मनुष्य (ते) तेरी

२३—(उदीरय) द्विकर्मकः। उद्गमय। उच्चैः प्रापय (पितरा) मातापितरौ (जारः) जरतिरर्चतिकर्मा—निघ० ३। १४। जरिता स्तोतृनाम—निघ० ३। १६। जॄ स्तुतौ—घञ्। स्तोता। गुणज्ञः (आ) सादृश्ये। इव (भगम्) ऐश्वर्यं प्रति (इयक्षति) यजेः सन्, अभ्यासस्य संप्रसारणं छान्दसम्। यष्टुं पूजयितुमिच्छति (हर्यतः) कमनीयः पुरुषः (हृत्तः) हृदयात् (इष्यति) इष गतौ। गच्छति (विवक्ति) कथयति (वह्निः) भारस्य वोढा (स्वपस्यते) अपः कर्मनाम—निघ० २। १। सुप आत्मनः क्यच्। पा० ३। १।८। सु+अपस्—क्यच्। सत्कर्म कर्तुमिच्छति (मखः) मख सर्पणे, गतौ—घप्रत्ययः। उद्योगी पुरुषः (तविष्यते) तविषो महन्नाम—निघ० ३। ३। तविष—क्यच्। अकारलोपश्छान्दसः। तविषयते। महान् भवितुमिच्छति (असुरः) प्राणवान्। बलवान् (वेपते) चेष्टते (मती) मत्या॥

२४—(यः) (ते) तव (अग्ने) हे विद्वन् (सुमतिम्) उत्तमबुद्धिम्

(सुमतिम्) सुमति को (अख्यत्) बखानता है, (सहसः सूनो) हे बलवान् पुरुष के पुत्र ! (सः) वह (अति) अति (प्र) बड़ाई से (शृण्वे) सुना जाता है [यशस्वी होता है]। और (सः) वह (इषम्) अन्न (दधानः) रखता हुआ, (अश्वैः) घोड़ों से (वहमानः) ले जाता हुआ, (द्युमान्) प्रकाशमान और (अमवान्) पराक्रमी होकर (द्यून्) दिनों को (आ) सब प्रकार (भूषति) सुधारता है ॥ २४ ॥

भावार्थ—जो मनुष्य कुलीन बली विद्वानों की सुमति पर चलता है, वह यशस्वी, धनी और पराक्रमी होकर संसार का उपकार करता है ॥ २४ ॥

श्रुधी नो अग्ने सदने सधस्थे युक्ष्वा रथममृतस्य द्रवित्नुम् ।
आ नो वह रोदसी देवपुत्रे माकिर्देवानामप भूरिह स्याः २५

श्रुधि । नः । अग्ने । सदने । सध-स्थे । युक्ष्व । रथम् । अमृतस्य । द्रवित्नुम् ॥ आ । नः । वह । रोदसी इति । देवपुत्रे इति देव-पुत्रे । माकिः । देवानाम् । अप । भूः । इह । स्याः २५

भाषार्थ—(अग्ने) हे विद्वान् ! (सधस्थे) मिलकर बैठने योग्य (सदने) बैठक [समाज] में (नः) हमारी [बात] (श्रुधि) सुन,—(अमृतस्य) अमृत [अमरपन, पुरुषार्थ] के (द्रवित्नुम्) वेग वाले (रथम्) रथ को (युक्ष्व) जोड़। (नः) हमारे लिये (रोदसी) भूमि और सूर्य [के समान

(मर्तः) मनुष्यः (अख्यत्) लडर्थे लुङ्। कथयति (सहसः) बलवतः पुरुषस्य (सूनो) पुत्र (अति) अत्यन्तम् (सः) (प्र) प्रकर्षेण (शृण्वे) लोपस्त आत्मनेपदेषु। पा० ७। १। ४१। तलोपः, यणादेशः। शृणुते। श्रूयते। विश्रुतो भवति (इषम्) अन्नम् (दधानः) धारयन् (वहमानः) उह्यमानः (अश्वैः) तुरङ्गैः (आ) समन्तात् (सः) मर्तः (द्युमान्) दीप्तिमान् (अमवान्) बलवान् (भूषति) अलंकरोति (द्यून्) दिनानि—निघ० १। ८ ॥

२५—(श्रुधि) शृणु (नः) अस्माकं वचः (अग्ने) हे विद्वन् (सदने) समाजे (सधस्थे) सहस्थितियोग्ये (रथम्) (अमृतस्य) अमरणस्य। (द्रवित्नुम्) स्तनिहृषिपुषिगदिमदिभ्यो णेरित्नुच्। उ० ३। २९। द्रु गतौ—इत्नुच्, अण्यन्तादपि। शीघ्रगामिनम् (आवह) आनय (नः) अस्मान् (रोदसी)

उपकारी] (देवपुत्रे) विद्वानों को पुत्र रखने वाले [दो प्रजायें अर्थात् माता पिता] को (आ वह) ला, (देवानाम्) विद्वानों के बीच (माकिः) न कभी (अप भूः) तू दूर हो, (इह) यहां [हम में] (स्याः) रह ॥ २५ ॥

भावार्थ—विद्वान् लोग सभा के बीच अधिक विद्वान् पुरुष को प्रधान बनाकर व्यवस्था करें कि सब माता पिता विज्ञान पूर्वक उत्तम सन्तान उत्पन्न करके संसार का उपकार करें और विद्वानों से आदर पूर्वक मिलते रहें ॥ २५ ॥

यह मन्त्र ऋग्वेद में है—१० । ११ । ८ ॥

यद॑ग्न एषा समि॑तिर्भवा॑ति दे॒वी दे॒वेषु॑ यज॒ता य॑जत्र । रत्ना॑ च॒ यद्वि॒भजा॑सि स्वधावो भा॒गं नो॒ अत्र॒ वसु॑मन्तं वीतात् ॥२६॥

यत् । अ॒ग्ने॒ । ए॒षा । सम्ऽइ॑तिः । भवा॑ति । दे॒वी । दे॒वेषु॑ । य॒ज॒ता । य॒ज॒त्र॒ ॥ रत्ना॑ । च॒ । यत् । वि॒ऽभजा॑सि । स्व॒धा॒ऽवः॒ । भा॒गम् । नः॒ । अत्र॑ । वसु॑ऽमन्तम् । वी॒ता॒त् ॥ २६ ॥

भाषार्थ—(यजत्र) हे संगति योग्य ! (अग्ने) हे विद्वान् ! (यत्) जब (एषा) यह (समितिः) समिति [सभा] (देवेषु) विद्वानों के बीच (देवी) विज्ञानवती और (यजता) संगति योग्य (भवाति) होवे । (च) और (यत्) जब, (स्वधावः) हे आत्मधारी ! तू (रत्ना) रत्नों को (विभजासि) बांटे, (नः) हमारे लिये (अत्र) यहां [संसार में] (वसुमन्तम्) बहुत धन युक्त (भागम्) भाग (वीतात्) भेज ॥ २६ ॥

भूमिसूर्यतुल्योपकारशीले (देवपुत्रे) देवा विद्वांसः पुत्रा ययोस्ते द्वे प्रजे । मातापितरौ (माकिः) न कदापि (देवानाम्) विदुषां मध्ये (अप भूः) अपगतो भव (इह) अस्मासु (स्याः) भवेः ॥

२६—(यत्) यदा (एषा) (समितिः) सभा (भवाति) भूयात् (देवी) विज्ञानवती (देवेषु) विद्वत्सु (यजता) संगन्तव्या (यजत्र) हे संगन्तव्य (रत्ना) रत्नानि । बहुमूल्यधनानि (च) (यत्) यदा (विभजासि) विभागेन दद्याः (स्वधावः) मतुवसो रु सम्बुद्धौ छन्दसि । पा० ८ । ३ । १ । मत्वन्तस्य रुः । हे स्वधारणशक्तियुक्त (भागम्) अंशम् (नः) अस्माकम् (अत्र) संसारे (वसुमन्तम्) बहुधनयुक्तम् (वीतात्) वी असने लोपयो । प्रेरय ॥

भावार्थ—मनुष्यों को योग्य है कि विद्वानों के सत्संग से सार्वभौम विद्यासभा बनाकर विज्ञान का प्रचार करें जिससे लोग गुणी होकर धनी होवें ॥ २६ ॥

यह मन्त्र ऋग्वेद में हैं—१० । ११ । ८ ॥

मन्त्राः २७—३६ ॥

अग्निर्देवता [ऋग्वेदे १० । १२ । १-६ यथा] ॥ २७—२६, ३१, ३३ त्रिष्टुप् । ३०, ३२, ३५, ३६ निचृत् त्रिष्टुप्; ३४ विराट् त्रिष्टुप् ॥

परमात्मगुणोपदेशः—परमात्मा के गुणों का उपदेश ॥

अन्व॒ग्निरु॒षसा॒मग्र॑मख्य॒दन्वहा॑नि प्रथ॒मो जा॒तवे॑दाः । अनु॒ सूर्य॑ उ॒षसो॒ अनु॑ र॒श्मीननु॒ द्यावा॑पृथि॒वी आ वि॑वेश ॥ २७ ॥

अनु॑ । अ॒ग्निः । उ॒षसा॑म् । अग्र॑म् । अ॒ख्य॒त् । अनु॑ । अहा॑नि । प्र॒थ॒मः । जा॒त-वे॑दाः ॥ अनु॑ । सूर्यः॑ । उ॒षसः॑ । अनु॑ । र॒श्मीन् । अनु॑ । द्यावा॑पृथि॒वी इति॑ । आ । वि॒वे॒श॒ ॥ २७ ॥

भाषार्थ—(अग्निः) सर्वव्यापक परमेश्वर ने (उषसाम्) उषाओं के (अग्रम्) विकाश को (अनु) निरन्तर, [उसी] (प्रथमः) सब से पहिले वर्तमान (जातवेदाः) उत्पन्न वस्तुओं के ज्ञान कराने वाले परमेश्वर ने (अहानि) दिनों को (अनु) निरन्तर (अख्यत्) प्रसिद्ध किया है । (सूर्यः) [उसी] सूर्य [सब में व्यापक वा सबको चलाने वाले परमेश्वर] ने (उषसः) उषाओं में (अनु) लगातार, (रश्मीन्) व्यापक किरणों में (अनु) लगातार, (द्यावापृथिवी) सूर्य और पृथिवी में (अनु) लगातार (आविवेश) प्रवेश किया है ॥२७॥

भावार्थ—जिस परमेश्वर ने सूक्ष्म और स्थूल पदार्थों को रचकर सब को अपने वश में कर रक्खा है, वही सब मनुष्यों का उपास्य है ॥ २७ ॥

मन्त्र २७, २८ आ चुके हैं—अ० ७ । ८२ । ४, ५ ॥

मन्त्र २७ का प्रथम पाद ऋग्वेद में है—४ । १३ । १ ॥

प्रत्य॒ग्निरु॒षसा॒मग्र॑मख्यत् प्रत्यहा॑नि प्रथ॒मो जा॒तवे॑दाः । प्रति॒

२७—मन्त्रौ २७, २८ पूर्वत्र व्याख्यातौ—अ० ७ । ८२ । ४, ५ ॥

सूर्यस्य पुरुधा च रश्मीन् प्रति द्यावापृथिवी आ ततान ॥२८॥

प्रति । अग्निः । उषसाम् । अग्रम् । अख्यत् । प्रति । अहानि । प्रथमः । जात-वेदाः ॥ प्रति । सूर्यस्य । पुरु-धा । च । रश्मीन् । प्रति । द्यावापृथिवी इति । आ । ततान ॥ २८ ॥

भाषार्थ—(अग्निः) सर्वव्यापक परमेश्वर ने (उषसाम्) उषाओं के (अग्रम्) विकाश को (प्रति) प्रत्यक्ष रूप से, [उसी] (प्रथमः) सब से पहिले वर्तमान (जातवेदाः) उत्पन्न वस्तुओं के ज्ञान कराने वाले परमेश्वर ने (अहानि) दिनों को (प्रति) प्रत्यक्ष रूप से (अख्यत्) प्रसिद्ध किया है। (च) और (सूर्यस्य) सूर्य की (रश्मीन्) व्यापक किरणों को (पुरुधा) अनेक प्रकार (प्रति) प्रत्यक्ष रूप से, और (द्यावापृथिवी) सूर्य और पृथिवी लोकों को (प्रति) प्रत्यक्ष रूप से (आ) सब ओर (ततान) फैलाया है ॥२८॥

भावार्थ—सब जगत् के उत्पादक और सर्वनियन्ता ईश्वर की महिमा को विचार कर मनुष्य अपनी उन्नति करें ॥ २८ ॥

द्यावा ह क्षामा प्रथमे ऋतेनाभिश्रावे भवतः सत्यवाचा । देवो यन्मर्तान् यजथाय कृण्वन्त्सीदद्धोता प्रत्यङ् स्वमसुं यन् ॥ २९ ॥

द्यावा । ह । क्षामा । प्रथमे इति । ऋतेन । अभि-श्रावे । भवतः । सत्य-वाचा ॥ देवः । यत् । मर्तान् । यजथाय । कृण्वन् । सीदत् । होता । प्रत्यङ् । स्वम् । असुम् । यन् ॥ २९ ॥

भाषार्थ—(द्यावा क्षामा) सूर्य और पृथिवी [के समान उपकारी], (प्रथमे) मुख्य, (सत्यवाचा) सत्यवाणी वाली [दो प्रजायें स्त्री और पुरुष] (ह) निश्चय करके (ऋतेन) सत्य धर्म से (अभिश्रावे) पूरी कीर्ति के बीच

२९—(द्यावा) द्यौः । सूर्यः (ह) प्रसिद्धौ (क्षामा) पृथिवी—निघ० १ । १ (प्रथमे) मुख्ये (ऋतेन) सत्यधर्मेण (अभिश्रावे) श्रु श्रवणे—घञ् । सर्वप्रशसि (भवतः) वर्तेते (सत्यवाचा) सत्यवाचौ । सत्यवादिन्यौ स्त्रीपुरुष-

...देवः) प्रकाशमान
(भवतः) होते हैं । (यत्) क्योंकि (होता) दाईपर मिलने के लिये [परमेश्वर] (मर्तान्) मनुष्यों को (यजथा... (असुम्) बुद्धि को (यन्) (कृण्वन्) बनाता हुआ और (स्वम्) ...सीदत्) बैठता है ॥ २६ ॥
प्राप्त होता हुआ (प्रत्यङ्) साम...

भावार्थ—सब में ... सर्वोपकारी स्त्री पुरुषही कीर्त्ति पाते हैं, क्योंकि सर्वव्यापक परमात... मनुष्यों को परस्पर सहायक बनाकर कर्मों का फल देने के लिये अपने ज्ञान से सब के सन्मुख रहता है ॥ २६ ॥

मन्त्र २६, ३० ऋग्वेद में हैं १० । १२ । १,२ ॥

दे॒वो दे॒वान् प॑रि॒भूॠ॒तेन॒ वहा॑ नो ह॒व्यं प्र॑थ॒मश्चि॑कि॒त्वान् । धू॒मके॑तुः स॒मिधा॒ भाऋ॑जीको म॒न्द्रो होता॒ नित्यो॑ वा॒चा यजी॑यान् ॥ ३० ॥ (३)

दे॒वः । दे॒वान् । प॒रि॒ऽभूः । ऋ॒तेन॑ । वह॑ । नः॒ । ह॒व्यम् । प्र॒थ॒मः । चि॒कि॒त्वान् ॥ धू॒मऽके॑तुः । स॒म्ऽइधा॑ । भाःऽऋ॑जीकः । म॒न्द्रः । होता॑ । नित्यः॑ । वा॒चा । यजी॑यान् ॥ ३० ॥(३)

भाषार्थ—[हे परमात्मन् !] (देवः) प्रकाशमान, (ऋतेन) सत्य धर्म से (देवान्) गतिमान् लोकों में (परिभूः) व्यापता हुआ, (प्रथमः) पहिले से वर्तमान (चिकित्वान्) [सब] जानता हुआ तू (नः) हमारे लिये (हव्यम्) ग्राह्य पदार्थ (वह) पहुंचा । (समिधा) समिधा [काष्ठ

रूपे प्रजे (देवः) प्रकाशमानः परमेश्वरः (यत्) यतः (मर्तान्) मनुष्यान् (यजथाय) संगतिकरणाय (कृण्वन्) कुर्वन् (सीदत्) निषीदति (होता) दानी (प्रत्यङ्) अभिमुखः सन् (स्वम्) स्वकीयम् (असुम्) प्रज्ञाम्–निघ० ३ । ६ (यन्) गच्छन् । प्राप्नुवन् ॥

३०—(देवः) प्रकाशमानः परमेश्वरः (देवान्) गतिमतो लोकान् (परिभूः) परिभवन् । सर्वतो व्याप्नुवन् (ऋतेन) सत्यधर्मेण (वह) आनय (नः) अस्मान् (हव्यम्) ग्राह्यं पदार्थम् (प्रथमः) आदिमः (चिकित्वान्) सर्वं जानन् (धूमकेतुः) धूमेन जायमानः । धूमध्वजोऽग्निः (समिधा) समिन्धनेन ।

आदि] से (धूमकेतुः
बड़े प्रकाश वाला, (मन्द्रः रश्मीन् प्रति द्यावापृथिवी आ ततान ॥२८॥
सदा वर्तमान और (वाचा) व. अग्रम् । अख्यत् । प्रति । अहानि ।
वाला है ॥ ३० ॥
भावार्थ—मनुष्य अनादि अनन्त सर्वज्ञ ईक्ष्य । पुरु-धा । च । रश्मी-
सर्वनियन्ता और सर्वज्ञ जान कर पुरुषार्थ के साथ प्राप्त नान् ॥ २८ ॥
करें ॥ ३० ॥

अर्चामि वां वर्धायापो घृतस्नू द्यावाभूमी शृणुतं रोदसी मे । अहा यद् देवा असुनीतिमायन् मध्वा नो अत्र पितरा शिशीताम् ॥ ३१ ॥

अर्चामि । वाम् । वर्धाय । अपः । घृतस्नू इति घृत-स्नू । द्यावाभूमी इति । शृणुतम् । रोदसी इति । मे ॥ अहा । यत् । देवाः । असु-नीतिम् । आयन् । मध्वा । नः । अत्र । पितरा । शिशीताम् ॥ ३१ ॥

भाषार्थ—(घृतस्नू) हे जल समान [व्यवहार को] शुद्ध करने वाले ! [दोनों माता पिता] (वर्धाय) [अपने] बढ़ने के लिये (वाम्) तुम दोनों के (अपः) कर्म की (अर्चामि) मैं पूजा करता हूं, (रोदसी) हे व्यवहार की रक्षक ! [दो प्रजाओ] तुम (द्यावाभूमी) सूर्य और भूमि [के समान उप-

सन्दीपनसाधनेन काष्ठादिना (भाऋजीकः) ऋजेश्च । उ० ४ । २२ । भाल्+ऋज गतिस्थानार्जनोपार्जनेषु—ईकन्, कित् । भाऋजीकः प्रसिद्धभाः—निरु० ६ । ४ । बहुप्रकाशयुक्तः (मन्द्रः) मोदयिता । आनन्दयिता (होता) दाता (नित्यः) सदा वर्तमानः (वाचा) वाण्या (यजीयान्) यष्टृ—ईयसुन् । तुरिष्ठेमेयःसु । पा० ६ । ४ । १५४ । तृचो लोपः । अत्यन्तं संयोजकः ॥

३१—(अर्चामि) पूजयामि । सत्करोमि (वाम्) युवयोः (वर्धाय) वृधेर्घञ् । वृद्धये (अपः) कर्म (घृतस्नू) ष्णा शौचे—डु । हे उदकमिव व्यवहारशोधयित्र्यौ (द्यावाभूमी) सूर्यभूलोकसमानोपकारिण्यौ (शृणुतम्) (रोदसी) रुधेरसुन् । धस्य दः, ङीप्, पूर्वसवर्णदीर्घः । रोदसी रोधसी द्यावापृथिव्यौ

(भवतः) होते हैं । (यत्) क्योंकि (होता) दानी ... (अहा) दिन
[परमेश्वर] (मर्तान्) मनुष्यों को (यजथाय) ...र्ता [परमात्मा] को
(कृण्वन्) बनाता हुआ और (स्वम्) अप... ...र्भ] (नः) हमें (पितरा)
प्राप्त होता हुआ (प्रत्यङ्) सामने ... ...ज (शिशीताम्) तीक्ष्ण करें ॥ ३१ ॥

भावार्थ—सब में ग... ...आदि पूजनीय विद्वानों के कर्मों से और
सर्वव्यापक परमात्मा... ...र्भ परमेश्वर का ज्ञान प्राप्त करते हैं, वे ही महाज्ञानी
देने के लिये ग...

...मन्त्र कुछ भेद से ऋग्वेद में है—१० । १२ । ४ ॥

...स्वावृ॑ग् दे॒वस्या॒मृतं॒ यदी॒ गोरतो॑ जा॒तासो॑ धारयन्त उ॒र्वी ।
विश्वे॑ दे॒वा अनु॒ तत् ते॒ यजु॑र्गुर्दु॒हे यदेनी॑ दि॒व्यं घृ॒तं वाः॥३२॥

स्वावृ॑क् । दे॒वस्य॑ । अ॒मृत॑म् । यदि॑ । गोः॑ । अतः॑ । जा॒तासः॑ ।
धा॒र॒य॒न्ते॒ । उ॒र्वी इति॑ ॥ विश्वे॑ । दे॒वाः । अनु॑ । तत् । ते॒ ।
यजुः॑ । गुः । दु॒हे । यत् । एनी॑ । दि॒व्यम् । घृ॒तम् । वाः ॥३२॥

भाषार्थ—(यदि) जब कि (देवस्य) प्रकाशमय परमेश्वर का (अमृतम्) अमृत [जीवन सामर्थ्य] (गोः) पृथिवी के लिये (स्वावृक्) सहज में पाने योग्य है, (अतः) इसी [जीवन सामर्थ्य] से (जातासः) उत्पन्न हुये प्राणी (उर्वी) पृथिवी पर (धारयन्ते) [अपने को] रखते हैं । हे परमात्मन् ! (विश्वे) सब (देवाः) विद्वान् लोग (ते) तेरे (तत्) उस (यजुः अनु)

विरोधनात्—निरु० ६ । १ । हे व्यवहारस्यावरोधयित्र्यौ रक्षित्र्यौ प्रजे (मे) मम वचः (अहा) दिनानि (यत्) यतः (देवाः) गतिमन्तो लोकाः (असुनीतिम्) प्राणप्रापकं परमात्मनम् (आयन्) लडर्थे—लङ् । यन्ति । प्राप्नुवन्ति (मध्वा) मधुना । ज्ञानेन (नः) अस्मान् (अत्र) संसारे (पितरा) मातापितरौ (शिशीताम्) शो तनूकरणे लोटि छान्दसंरूपम् । तीक्ष्णीकुरुतां भवत्यौ ॥

३२—(स्वावृक्) सु + आङ् + वृजी वर्जने—क्विप् । सुष्ठु सहजेन आवर्जनीयमाहरणीयं प्राह्यम् (देवस्य) प्रकाशमयस्य परमेश्वरस्य (अमृतम्) अमरणम् । जीवनसामर्थ्यम् (यदि) यदा (गोः) चतुर्थ्यां षष्ठी । गवे । भूमये (अतः) अस्माद् अमृतात् (जातासः) उत्पन्नाः प्राणिनः (धारयन्ते) आत्मानं धारयन्ति (उर्वी) सप्तम्यां पूर्वसवर्णदीर्घः । ईदूतौ च सप्तम्यर्थे । पा० १ । १ । १६ ।

पूजनीय कर्म के ... (गुः) चलते हैं, (यत्) क्योंकि (एनी) चलने वाली भूमि (दिव्यम्) श्रेष्ठ (घृतम्) सार युक्त (वाः) वरणीय उत्तम पदार्थ (दुहे) भरपूर करती है ॥ ३२ ॥

भावार्थ—परमेश्वर ने प्राणियों के पालन के लिये पृथिवी पर प्रकाश, वायु, जल, अन्न आदि अनेक पदार्थ स्वयं योग्य बनाये हैं, सब विद्वान् लोग परमेश्वर के नियमों को समझ कर संसार में अनेक लाभ उठाते हैं ॥३२॥

यह मन्त्र ऋग्वेद में है—१० । १२ । ३ ॥

किं स्विन्नो राजा जगृहे कदस्याति व्रतं चकृमा को वि वेद । मित्रश्चिद्धि ष्मा जुहुराणो देवाञ्छ्लोको न यातामपि वाजो अस्ति ॥ ३३ ॥

किम् । स्वित् । नः । राजा । जगृहे । कत् । अस्य । अति । व्रतम् । चकृम । कः । वि । वेद ॥ मित्रः । चित् । हि । स्म । जुहुराणः । देवान् । श्लोकः । न । याताम् । अपि । वाजः । अस्ति ॥ ३३ ॥

भाषार्थ—(किं स्वित्) क्यों [किस कर्म फल से] (नः) हमें (राजा) राजा [परमेश्वर] ने (जगृहे) ग्रहण किया है [सुख दिया है], (कत्) कब (अस्य) इस [परमात्मा] के (व्रतम्) नियम को (अति चकृम) हम ने

इति प्रगृह्यम् । उर्व्याम् । पृथिव्याम् (विश्वे) सर्वे (देवाः) विद्वांसः (अनु) अनुसृत्य (तत्) (ते) तव (यजुः) अर्त्तिस्तृपूवपियजि० । उ० २ । ११७ । यज पूजायाम्—उसि, नित् । पूजनीयं कर्म (गुः) गच्छन्ति (दुहे) तलोपः । दुग्धे । प्रपूरयति (यत्) यतः (एनी) वीज्याज्वरिभ्यो निः । उ० ४ । ४८ । इण् गतौ-नि । एन्यो नद्यः—निघ० १ । १३ । गमनशीला पृथिवी (दिव्यम्) श्रेष्ठम् (घृतम्) सारयुक्तम् (वाः) वारयतेः क्विप् । वरणीयं द्रव्यम् ॥

३३—(किं स्वित्) कस्मात् कर्मफलात् (नः) अस्मान् (राजा) परमेश्वरः (जगृहे) जग्राह । गृहीतवान् (कत्) कदा (अस्य) परमेश्वरस्य (व्रतम्) नियमम् (अति चकृम) वयमतिक्रान्तवन्तः (कः) प्रजापतिः परमेश्वरः (वि)

उल्लंघन किया है [जिस से क्लेश पाया है], (कः) प्रजापति परमेश्वर [इस को] (वि) विविध प्रकार (वेद) जानता है। (हि) क्योंकि (मित्रः) सब का मित्र [परमात्मा] (चित्) ही (स्म) अवश्य (देवान्) उन्मत्तों को (जुहुराणः) मरोड़ देने वाला और (याताम्) गतिशीलों [पुरुषार्थियों] का (अपि) ही (श्लोकः न) स्तुति के समान (वाजः) बल (अस्ति) है ॥३३॥

भावार्थ—पूर्वजन्म के फल की व्यवस्था को, जो हमारे अकस्मात् सुख दुःख का कारण है, परमेश्वर जानता है, परन्तु वह अपनी न्याय व्यवस्था से उन्मत्त आलसियों को कष्ट और उद्योगियों को सुख देता है ॥ ८ ॥

मन्त्र ३३—३६ ऋग्वेद में हैं—१० । १२ । ५—३८ ॥

दुर्मन्त्वत्रामृतस्य नाम सलक्ष्मा यद् विषुरूपा भवाति ।
यमस्य यो मनवते सुमन्त्वग्ने तमृष्व पाह्यप्रयुच्छन् ॥ ३४ ॥

दुः-मन्तु । अत्र । अमृतस्य । नाम । स-लक्ष्मा । यत् । विषु-रूपा । भवाति ॥ यमस्य । यः । मनवते । सु-मन्तु । अग्ने । तम् । ऋष्व । पाहि । अप्र-युच्छन् ॥ ३४ ॥

भाषार्थ—(अत्र) यहां [संसार में] (अमृतस्य) अमर [अविनाशी परमात्मा] का (नाम) नाम (दुर्मन्तु) दुर्माननीय [सर्वथा अपूजनीय] [होवे], (यत्) यदि (सलक्ष्मा) एकसे लक्षण वाली [धर्मव्यवस्था] (विषुरूपा) नाना स्वभाव वाली [चंचल, अधार्मिक] (भवाति) हो जावे।

विविधम् (वेद) वेत्ति (मित्रः) सर्वसुहृत् (चित्) एव (हि) यस्मात् कारणात् (स्म) अवश्यम् (जुहुराणः) ह्वृ कौटिल्ये—कानच् । कुटिलीकुर्वाणः (देवान्) दिवु मदे—पचाद्यच् । उन्मत्तान् । अलसान् (श्लोकः) स्तुतिः (न) यथा (याताम्) या गतौ—शतृ । गच्छताम् (अपि) एव (वाजः) बलम् (अस्ति) भवति ॥

३४—(दुर्मन्तु) कमिम निजनि० । उ० १ । ७२ । मन पूजायाम्—तु दुर्माननीयम् । न कदापिसत्करणीयम् (अत्र) संसारे (अमृतस्य) अविनाशिनः परमेश्वरस्य (नाम) नामधेयम् (सलक्ष्मा) समानलक्षणा धर्मव्यवस्था (यत्) यदि (विषुरूपा) नाना स्वभावा । चंचला । अधार्मिका (भवाति) भवेत्

(यः) जो कोई [मनुष्य] (यमस्य) [तुझ] न्यायकारी परमेश्वर के [नाम को] (सुमन्तु) बड़ा माननीय (मनवते) मानता है, (अग्ने) हे ज्ञानमय ! (ऋष्व) हे महान् परमेश्वर ! (तम्) उसको (अप्रयुच्छन्) बिना चूके हुये (पाहि) पाल ॥ ३४ ॥

